नई दिल्ली
शुक्रवार 6 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 321
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 14.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




# सैमसन का जादू, भारत टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में

**भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन बनाए। इंग्लैंड जवाब में 246 रन ही बना सका**

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। भारतीय टीम की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### टी-20 वर्ल्ड कप में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया

भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर रिकॉर्ड 256 रन है। जोकि टीम ने इस वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में बनाया था। ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में यह चौथा सबसे बड़ा स्कोर रहा। श्रीलंका के नाम टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड हैं, टीम ने केन्या के खिलाफ 2007 में 260 रन बनाए थे। (संबंधित खेल पेज पर)

**भाजपा से संजय भाटिया कांग्रेस से कर्मवीर सिंह बौद्ध और निर्दलीय सतीश ने दाखिला किया पर्चा**

# राज्यसभा चुनाव : आजाद उम्मीदवार सतीश नांदल ने बढ़ाई कांग्रेस की मुश्किलें, रोचक हुआ मुकाबला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़










हरियाणा राज्यसभा चुनाव में तीन उम्मीदवारों के नामांकन करने से मुकाबला रोचक हो गया है। भाजपा की तरफ से उम्मीदवार संजय भाटिया ने नामांकन भरा। उनके साथ सीएम नायब सैनी भी रहे। उधर, कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। यह उनका पहला चुनाव होगा। भाजपा उम्मीदवार नामांकन भरने के बाद बौद्ध ने भी विधानसभा भवन पहुंचकर अपना नामांकन किया। उधर, रोहतक के बोहर गांव के रहने वाले सतीश नांदल राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन कर दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर के नामांकन के समय पूर्व सीएम भूपेंद्र सहित कांग्रेस के 34 विधायक मौजूद रहे। इससे पहले कांग्रेस ऑफिस में कर्मवीर बौद्ध ने नामांकन पत्र भरा। बताया जा रहा है कि हरियाणा के एक सीनियर आईएएस ने उन्हें पार्टी हाईकमान तक पहुंचाया। इसके बाद राहुल गांधी ने ही उनका नाम हरियाणा से राज्यसभा सदस्य के लिए सुझाया। नामांकन के बाद उन्होंने कांग्रेस हाईकमान का धन्यवाद किया। वहीं, सतीश करीब दो बजे निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून के साथ विधानसभा पहुंचे और नामांकन किया। वहीं, चुनावी रण में तीन प्रत्याशी होने से एक बार फिर पहले (2016 और 2022) की तरह ही खेला होने के आसार बढ़ गए है। हालांकि, कांग्रेस प्रत्याशी बौद्ध ने कहा कि पार्टी के सभी 37 विधायक हमारे साथ है।

### नांदल इनेलो में रह चुके, हुड्डा के सामने 3 बार चुनाव लड़ा

सतीश ने 2007 में इनेलो से राजनीतिक करियर शुरू किया था। राष्ट्रीय प्रवक्ता और जिलाध्यक्ष भी रहे। साल 2014 में इनेलो के टिकट पर रोहतक के गढ़ी सांपला किलोई हलके से भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सामने चुनाव लड़ा। फिर भाजपा जॉइन की। भाजपा ने भी 2019 के विधानसभा चुनाव में नांदल को हुड्डा के सामने मैदान में उतारा था। सतीश नांदल शिवाल्या कंट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। वैश्य तकनीकी संस्थान से 1985 में सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी।

### कर्मवीर एडीओ पद से रिटायर पत्नी लेबर विभाग में तैनात

कर्मवीर बौद्ध हरियाणा के अंबाला के रहने वाले हैं। वे हरियाणा सिविल सचिवालय से करीब 4 साल पहले प्रशासनिक अधिकारी (एडीओ) के पद से सेवानिवृत्त हुए। इनकी पत्नी लेबर डिपार्टमेंट में असिस्टेंट हैं। कर्मवीर बौद्ध कांग्रेस में किसी भी गुट या खेमे से जुड़े हुए नेता नहीं माने जाते। यही कारण है कि उन्हें संगठन के भीतर एक संतुलित और सर्व स्वीकार्य चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। वे 'संविधान बचाओ अभियान' में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की चाकू मारकर हत्या



**लुधियाना।** कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कैनेडियन पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे हमलावर उसके घर में घुसे। उसे घर के भीतर ही चाकू मारे गए। जिसके बाद हमलावर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। नैन्सी कनाडा के विंडसर इलाके में रहती थी। *एजेंसी*

### वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट असम में लापता

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना का एक सुखोई फाइटर जेट गुरुवार को असम में अचानक रडार से गायब हो गया। अधिकारियों के मुताबिक विमान से रडार संपर्क टूटने के बाद तुरंत स्थिति का पता लगाने के लिए खोज और जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी से पता चलता है कि सुखोई जो 4.5 जेनरेशन का एयरक्राफ्ट है, कार्बी आंगलोंग जिले में उड़ान भरते समय शाम करीब 7 बजे गायब हो गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। *एजेंसी*

### 2024-25 में भाजपा की आय 6769.14 करोड़ रही

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने वित्तीय साल 2024-25 के लिए राष्ट्रीय पार्टियों की इनकम जारी की। बीजेपी की कुल आय 6,769.15 करोड़ है। 6 राष्ट्रीय पार्टियों की आय का 85% हिस्सा अकेले भाजपा के पास है। बीजेपी की इनकम पिछले साल के मुकाबले 55.95% और कांग्रेस से करीब 7 गुना ज्यादा है। देश के 6 प्रमुख राष्ट्रीय दलों भाजपा, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी की आय 7,960 करोड़ दर्ज की गई।

## तेहरान ने कई देशों पर बोला हमला, अमेरिकी बेस को भी बनाया निशाना

# अब अजरबैजान में भी ईरान का ड्रोन हमला, अबू धाबी एयरपोर्ट पर विस्फोट

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध अब दूसरे देशों में भी फैल रहा है। अजरबैजान के नखचिवान क्षेत्र में हुए ड्रोन हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। वहीं, अबू धाबी एयरपोर्ट पर भी विस्फोट हुआ है। अजरबैजान ने इस ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव ने कहा कि इस घटना पर ईरान को माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा ईरानी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। अजरबैजान के विदेश मंत्रालय के अनुसार एक ड्रोन नखचिवान इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन से टकराया, जबकि दूसरा शकराबाद गांव में एक स्कूल के पास गिरा। इस घटना में एयरपोर्ट टर्मिनल को नुकसान पहुंचा और दो नागरिक घायल हो गए। राष्ट्रपति अलीयेव ने इस घटना को 'कायराना हमला' बताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि ईरान ने इस ड्रोन हमले में हाथ होने से इनकार किया है और कहा है कि इस घटना की जांच की जा रही है। ईरान ने अजरबैजान में हुए ड्रोन हमले में अपनी किसी भी भूमिका से इनकार किया है।

**1200** की अब तक मौत
**5000** से अधिक बम फेंके गए



### अमेरिकी एफ-15 ई लड़ाकू विमान मार गिराया

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने देश की दक्षिण-पश्चिमी सीमा के पास एक अमेरिकी एफ-15 ई स्ट्राइक फाइटर को मार गिराया। ईरान की दो सीटों वाला यह लड़ाकू विमान "निशाना बनाकर गिरा दिया गया।" हालांकि रिपोर्ट में घटना का समय नहीं बताया गया है। वहीं अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इन खबरों को खारिज कर दिया।

### इजराइल की चेतावनी- बेरूत के लोग तुरंत घर छोड़ें

इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रहने वाले लोगों को तुरंत अपने घर छोड़ने की चेतावनी दी है। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि लोग अपनी जान बचाने के लिए तुरंत सुरक्षित इलाकों की ओर निकल जाएं। इजराइली सेना ने बुरज अल-बराजनेह और हदाथ इलाकों के निवासियों से पूर्व की ओर माउंट लेबनान की तरफ जाने को कहा है।

### जंग जल्द खत्म हो : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।

### भारत ने शोक जताया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। अमेरिका-इजराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरान ने एक दिन बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की थी। खामेनेई के निधन के बाद दुनियाभर के कई देशों से शोक संदेश भेजे जा रहे हैं।

## हरियाणा में किरायेदारों को राहत

# मकान मालिक की प्रॉपर्टी आईडी से बनेगा पीपीपी

**सरकार ने दी विधानसभा में जानकारी कहा-समाधान निकालेंगे**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के शहरों में खुद का मकान-प्लॉट नहीं होने के कारण परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) नहीं बनवा पा रहे लोगों को प्रदेश सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब किराये पर रह रहे लोग अपने मकान मालिक की प्रॉपर्टी आईडी देकर परिवार पहचान पत्र बनवा सकेंगे। दरअसल, शहरी क्षेत्रों में पीपीपी बनवाने के लिए संपत्ति पहचान पत्र अनिवार्य है। हरियाणा विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल में पानीपत के विधायक प्रमोद विज ने शहरी क्षेत्रों में परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए सरकार से पूछा कि जिन किराएदारों के पास अपनी संपत्ति नहीं है, वह किस तरीके से पहचान पत्र बनवा सकते हैं। इसके जवाब में मुख्यमंत्री की तरफ से कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि किराएदार अपने मालिक की सहमति के साथ प्रापर्टी आईडी भरकर पहचान पत्र बनवा सकते हैं।

### संबंधित विकल्प का कर सकते हैं चयन

शहरी क्षेत्रों में आवेदक परिवारों के आवासीय पते के उचित सत्यापन और प्रमाणीकरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रापर्टी आईडी को अनिवार्य किया गया है। कोई व्यक्ति किराएदार है या उसके नाम पर कोई संपत्ति नहीं है तो वह परिवार पहचान पत्र के संबंधित विकल्प का चयन कर सकता है। संबंधित व्यक्ति जिस परिसर में रहता है, वह उसकी सहमति के साथ प्रॉपर्टी आईडी दर्ज कर सकता है। इसी के आधार पर उचित सत्यापन किया जाएगा।

### किराएदारों को दायरे में लाएंगे

विज ने पूरक सवाल उठाते हुए कहा कि किराएदारों के पास कोई संपत्ति नहीं है और वह सरकार की योजना के लाभ के दायरे में आता है, लेकिन मकान मालिक के पास संपत्ति है और वह सरकारी योजना के लाभ के दायरे से बाहर है तो ऐसे में उसे लाभ देने को लेकर क्या योजना है। कृष्ण बेदी ने कहा कि इस तरह का मामला अभी तक सरकार के सामने नहीं आया है। विधानसभा में यह मुद्दा आने के बाद इस पर विचार करते हुए सरकार जल्द ही कोई बीच का रास्ता निकालेगी।

## सचिन के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की हुई शादी



सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की गुरुवार को सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी में अमिताभ बच्चन, मुकेश अंबानी समेत कई जानी-मानी हस्तियां पहुंची।

**सानिया चंडोक संग लिए फेरे**

**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की गुरुवार को सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं।

## खानपुर मेडिकल के दो डॉक्टरों की हादसे में मौत

**सोनीपत।** खानपुर कलां स्थित बीपीएस मेडिकल कॉलेज में एमडी की पढ़ाई कर रहे 2 युवा डॉक्टरों की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान तमिलनाडु के रहने वाले डॉ. अरविंद और त्रिपुरा निवासी डॉ. नीलोत्पल के रूप में हुई है। दोनों खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज में एमडी की पढ़ाई कर रहे थे। दोनों डॉक्टर मंगलवार देर रात मेडिकल कॉलेज से बाइक पर घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान खानपुर-कासंडी रोड पर उनकी बाइक अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मेडिकल कॉलेज और डॉक्टरों के बीच शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी तक परिजनों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं दी गई है।

**एक तमिलनाडु, और दूसरा त्रिपुरा का रहने वाला**

## झज्जर में घर से बुला वकील को गला रेतकर मार डाला

**आरोपी बोला-2 लाख मिलेंगे, बार प्रधान का कोर्ट में हड़ताल का ऐलान**

**झज्जर (हरिभूमि न्यूज)।** सिलानी गांव में बीती रात एक वकील की गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने रात में कॉल कर देवराज चाहर को केस देने के बहाने घर से बाहर बुलाया और मार डाला। परिजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई रेफर किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वकील अपनी बीवी और ससुर के साथ किराए के मकान में रहते थे। ससुर ने बताया कि कॉल आते ही दामाद चला गया था, लेकिन जब लौटा तो खून से लथपथ था। हत्या की जानकारी सामने आने पर वकीलों ने रोष जताया। उधर, झज्जर बार एसोसिएशन ने अपने मेंबर्स को वर्क सस्पेंड करने का आदेश जारी कर दिया। सिलानी गांव के रहने वाले जगत चाहर ने बताया कि उनके बेटे देवराज चाहर की बीती रात हत्या कर दी गई। वो अपने घर में सो रहे थे, तभी किसी ने उन्हें कॉल कर कहा कि एक केस आया है। मामले में 2 लाख मिलेंगे। देवराज जैसे ही घर से छारा चुंगी के पास गया। वहां, हिमांशु नाम के युवक ने उसका गला रेत दिया।

# बंगाल के राज्यपाल बोस व लद्दाख के एलजी कवींद्र गुप्ता का इस्तीफा

## ममता बोलीं- मुझे गृहमंत्री ने बताया आरएन रवि नए गवर्नर होंगे

**कोलकाता/लेह।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है। बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे।





**तमिलनाडु के राज्यपाल रवि को पश्चिम बंगाल की अतिरिक्त जिम्मेदारी**

### ममता व बोस के बीच सामने आए विवाद



बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे। विशेष रूप से विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों, प्रशासनिक हस्तक्षेप और कुछ संवैधानिक मुद्दों को लेकर विवादों की खबरें आती रही हैं।

## गुरुग्राम में बीमा क्लेम घोटाला गिरोह का भंडाफोड़

**सीएम फ्लाइंग के छापे से खुला मामला**

# अस्पताल से मरीज तक सब होता था नकली, पुलिस को मिलीं एक करोड़ से अधिक के 60 फर्जी दावों की फाइलें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते ने पिछले साल मई में एक अस्पताल पर इसलिए छापा मारा कि वहां के डॉक्टर की एमबीबीएस/एमडी की डिग्री शक के दायरे में थी। लेकिन इस मामले के जांच ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया जो फर्जी अस्पताल, नकली मरीज, फर्जी बिल, झूठी जांच और ऐसा ही रिकॉर्ड बनाकर झूठा मेडिकल क्लेम करते थे। जांच में करीब 1 करोड़ रुपये के फर्जी बीमा दावों की अब तक जानकारी मिल गई है।

### धोखाधड़ी का तरीका

एसीपी जोशी ने बताया कि इस घोटाले का पैमाना चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर मेडिकल क्लेम में तीन पक्ष होते हैं अस्पताल, बिचौलिये और बीमा कंपनियां। इन अस्पतालों के कर्मचारी और डॉक्टर कथित तौर पर भर्ती रिकॉर्ड, लैब रिपोर्ट, दवा बिल और इलाज के बिल फर्जी बनाते थे, ताकि ऐसा लगे कि मरीज वास्तव में भर्ती होकर इलाज करा चुके हैं। उनके नाम पर बीमा दावा दाखिल किया जाता था। इन 'फर्जी मरीजों' और अस्पताल स्टाफ के बीच क्लेम की रकम बांट ली जाती थी। फिर बीमा कंपनियों के निजी जांचकर्ता (पीआई) बाकी काम पूरा करते थे। गुरुग्राम अस्पताल के गिरफ्तार तीन कर्मचारियों सपना, वर्षा (दोनों गुरुग्राम निवासी) और राजस्थान निवासी गौरव पर फर्जी बीमा दावों की तैयारी और प्रक्रिया में मदद करने का आरोप है।

गुरुग्राम पुलिस ने हाल ही में ग्लेक्सी वन नाम के अस्पताल पर छापे के बाद इस घोटाले को उजागर किया है। पुलिस ने फर्जी डिग्री वाले ए.एस. यादव (55) को गिरफ्तार भी कर लिया किया। वह न्यू निहाल कॉलोनी में अस्पताल चला रहा था। इससे पहले हुई छापेमारी के दौरान उसके दो बेटों और तीन कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया था। एसीपी (पश्चिम) अभिलक्ष जोशी ने बताया कि उन्हें पता चला कि यादव चार अन्य फर्जी अस्पताल भी चला रहा था, जो केवल कागजों पर मेडिकल संस्थान थे लेकिन वास्तव में धोखाधड़ी के अड्डे के रूप में काम कर रहे थे। ये फरुखनगर (गुरुग्राम जिला) व द्वारका में थे। पुलिस को छापेमारी के दौरान ग्लेक्सी वन से करीब 60 कथित फर्जी बीमा दावा फाइलें बरामद हुईं, जो लगभग 25 कंपनियों से जुड़ी थीं।

### बड़ा नेटवर्क शामिल

पुलिस का दावा है कि यादव अकेला नहीं था, बल्कि एक बड़ी कड़ी का हिस्सा था। एसीपी जोशी ने कहा कि वह खुद को एमबीबीएस-एमडी बताता था, लेकिन उड़न दस्ते ने पहले ही एमडी डिग्री को फर्जी पाया था। अब उसकी अन्य डिग्री की जांच की जा रही है। उसके बैंक खाते फ्रीज किए गए है, लेकिन उनमें व उसके पास बहुत कम पैसा मिला। वह एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। यादव के दोनों बेटों पर योजना बनाने और उसे अमल में लाने में मदद करने का आरोप है। निहाल कॉलोनी स्थित अस्पताल उसके बेटे के नाम पर पंजीकृत था।

# आग में सैंकड़ों झुग्गियां जलकर खाक, एक लड़की की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रिठाला गांव के पास स्थित बंगाली झुग्गी बस्ती में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लग गई। इस घटना में एक 17 वर्षीय लड़की की जलने से मौत हो गई। मृतका का नाम रोजिना खातून बताया गया है। शव अंबेडकर अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया है। आग में 100 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हुई हैं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामला दर्ज कर आग के कारणों की जांच कर रही है।

पुलिस को आग लगने की सूचना तड़के सवा चार बजे मिली। झुग्गी बस्ती में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से आए प्रवासी मजदूर रहते हैं और वे पास के कारखानों, निर्माण स्थलों और छोटे प्रतिष्ठानों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने आग बुझाने का अभियान बड़े पैमाने पर शुरू किया और आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 18 से अधिक गाड़ियां तैनात की। आग पर काबू पाने के बाद दमकलकर्मियों ने मलबे से 17 वर्षीय लड़की का जला हुआ शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि झुग्गियां एक-दूसरे के बहुत करीब बनी हुई थीं और उनमें से कई में प्लास्टिक की चादरें, लकड़ी के तख्ते और कपड़े जैसे अत्यधिक ज्वलनशील सामग्रियां थी, इसलिए आग तेजी से फैली। आग 100 से अधिक झोपड़ियों और पास स्थित कागज रोल एवं गत्ते के गोदाम में फैल गई। इस संबंध में बुध विहार थाने में केस दर्ज किया गया है।



## रंगपुरी के गोदाम में लगी भीषण आग करोड़ों का सामान खाक

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट के पास रंगपुरी इलाके में स्थित एक गोदाम में बृहस्पतिवार को आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग के मुताबिक सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल वाहनों को मौके पर भेजने का सिलसिला शुरू किया गया। आग बुझाने के लिए कुल नौ गाड़ियां मौके पर भेजी गई। यह आग एक मालवाहक कंपनी के गोदाम में लगी थी जहां देश और विदेश से आने वाले माल का भंडारण तथा प्रेषण किया जाता था। आग भीषण थी जिसे बुझाने का अभियान शाम तक जारी रहा। गोदाम के कर्मचारियों ने बताया कि होली के उत्सव के कारण सुबह गोदाम बंद था, तभी आग लग गई। गोदाम में काम करने वाले फैजल ने बताया कि वह घटना के बाद मौके पर पहुंचा लेकिन तब तक गोदाम पूरी तरह से आग की लपटों में घिर चुका था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। लेकिन निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। पुलिस आग के कारणों की जांच कर रही है। आग से नुकसान का अनुमान लगभग पांच करोड़ रुपये लगाया गया है।

## सदर बाजार की बिल्डिंग में लगी आग, दो श्रमिकों के शव बरामद

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सदर बाजार इलाके में बुधवार शाम एक चार मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। बृहस्पतिवार तड़के आग पर काबू पाया गया। हालांकि कूलिंग का कार्य दोपहर एक बजे तक चलता रहा। चौथी मंजिल से दो लोगों के जले शव बरामद हुए। मृतकों के नाम शंकर राय (55) और राम विशेष (35) बताये गये हैं। दमकल व पुलिस ने छह लोगों का रेस्क्यू किया। आग की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। पुलिस का शुरुआती जांच में कहना है कि जहां शव मिलें वहां पर अस्थायी ढांचा बनाया गया था, जहां खिलौनों का गोदाम था। डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि बुधवार को होली के त्योहार पर सदर बाजार थाने का स्टाफ एरिया पेट्रोलिंग ड्यूटी पर था। शाम करीब 4.30 बजे जब वे सदर बाजार के 12 टूटी चौक के पास पहुंचे, तो उन्हें जानकारी मिली कि बहादुरगढ़ रोड पर आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस इमारत नंबर 2919–20, बहादुरगढ़ रोड, सदर बाजार पहुंची और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना सीनियर पुलिस अधिकारियों को भी दी गई। लोकल पुलिस को पता चला कि इमारत के अंदर 7–8 लोग फंसे हुए थे। उस बिल्डिंग में चूड़ियां, खिलौने और पर्स बेचने वाली कई दुकानें थीं। आग की लपटों को देखते हुए पुलिस स्टाफ पास की बिल्डिंग और पास की एक मस्जिद में पहुंचा। टीम ने वहां से छह लोग मिथलेश यादव (30), मुकेश शाह (32), संतोष (20), राजन (25), सुरेश कापड़ी (57) और संजय (30) को सुरक्षित बाहर निकाला। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 25 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। सर्च ऑपरेशन के दौरान दमकल विभाग को अंदर दो लोगों के शव जली हालत में मिले। जांच में पुलिस को पता चला कि सभी लोग इमारत की पांचवीं मंजिल पर रहते थे। बुधवार रात रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोग उग्र हो गये। उनका आरोप था कि इमारत में कई लोग और फंसे हैं, उनको बचाने के लिए कोई काम नहीं हो रहा। गुस्साई भीड़ ने बचाव दल पर पथराव कर दिया। हमले के दौरान दमकल की एक गाड़ी का सामने का शीशा टूट गया। बाद में पुलिस ने लोगों को खदेड़ा। शुरुआती जांच के बाद आशंका व्यक्त की जा रही है कि शार्ट सर्किट से आग लगी। क्राइम टीम व एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आग के कारणों की पड़ताल कर रही है।

■ आधा दर्जन लोगों को रेस्क्यू करवाया गया

## भलस्वा डेयरी में रोडरेज की घटना के बाद फायरिंग



**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी इलाके में होली के दिन रोडरेज की घटना के बाद एक शख्स ने हवा में फायरिंग कर दी। इसके साथ ही दो गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिये। पुलिस फैक्ट्स और बयान के आधार पर केस रजिस्टर कर लिया है। आरोपी को पकड़ने के लिए मैनुअल और टेक्निकल इंटेलिजेंस इकट्ठा करने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।

पुलिस के अनुसारा सूचना मिली थी जिसके बाद टीम गली नंबर 6, मुकुंदपुर-2, 20 फुटा रोड के पास पहुंची। कॉलर अरविंद कुमार पांडे (33) पुत्र विजय प्रताप पांडे निवासी गली नंबर 6 से मिली। उसने आरोप लगाया कि शाम करीब 4.50 बजे गली नंबर 6, मुकुंदपुर में जब वह अपनी कार रिवर्स कर रहा था तो एक मोटरसाइकिल सवार से उसकी कहासुनी हो गई। मोटरसाइकिल सवार कुछ देर बाद देसी पिस्तौल लेकर आया और उस पर गोली चला दी। उसे कोई चोट नहीं आई। उसने गली में खड़ी दो कारों के शीशे भी पत्थर से तोड़ दिए और मौके से भाग गया। जांच करने पर मौके पर कोई खाली कारतूस नहीं मिला।

# हत्या के आरोप में सात नाबालिग समेत आठ पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मॉडल टाउन इलाके में एक युवक की हत्या करने के आरोप में एक 28 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा सात नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जहांगीरपुरी निवासी मोहित पाल के तौर पर हुई है। वह 18 वर्षीय इशांत उर्फ इशू की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक वारदात 22 फरवरी को सामने आई थी। आजादपुर में एमसीडी कॉलोनी के गेट पर एक व्यक्ति जख्मी हालत में पड़ा था। पुलिस ने पाया कि शख्स को गोली लगी है और वह खून से लथपथ पड़ा है। मौके से एक स्कूटर और एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल लावारिस मिली। पीड़ित को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल की जांच के दौरान फोरेंसिक विशेषज्ञों ने कारतूस के सात खाली खोल, चार जिंदा कारतूस, खून से सनी वस्तुएं और एक धातु का टुकड़ा बरामद किया था। जांच के लिए दोनों वाहनों को भी जब्त किया गया था। स्कूटर अमृता नाम की महिला के नाम पर पंजीकृत मिला। उसने पुलिस को बताया कि इसका इस्तेमाल उसका भतीजा इशांत करता है। इशांत एक शादी समारोह में जाने के लिए अपने दोस्तों के साथ एमसीडी कॉलोनी गया था और तभी अज्ञात हमलावरों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। जांच के दौरान मोहित पाल को गिरफ्तार किया गया और सात नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने 2024 में अपने एक साथी की हत्या से जुड़ी पुरानी दुश्मनी के चलते नरेंद्र ओम पाल नाम के व्यक्ति की हत्या की साजिश रची थी। इसी मकसद से वे शादी स्थल पर पहुंचे जहां नरेंद्र के आने की उम्मीद थी। उन्होंने गेट के बाहर इशांत को देखा और गलती से उसे नरेंद्र का साथी समझकर उस पर गोली चला दी। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई पिस्तौल बरामद कर ली है।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr. P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **गौरम मलिक,** पुत्रः रमन मलिक, **पताः** मकान न. 11/110, सुभाष नगर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 423/2021, U/s: 279/338 IPC & 146/196 MV Act,** थानाः हरी नगर, **नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गौरम मलिक,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गौरम मलिक,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 423/2021, U/s: 279/338 IPC & 146/196 MV Act,** थानाः हरी नगर, **नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **गौरम मलिक,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैन्स
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11
जिला पश्चिम, कमरा न.–31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2774/WD/2026
(Court Matter)

# दिल्ली पुलिस के एससीआरबी को मिला आईएसओ प्रमाणन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा के राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) को डिजिटल अपराध रिकॉर्ड प्रबंधन के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आईएसओ गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। यह प्रमाणन एससीआरबी की उन ऑनलाइन प्रणालियों को मान्यता देता है, जिनके माध्यम से मोटर वाहन चोरी और संपत्ति चोरी के लिए ई-प्राथमिकी, ई-एनसीआर, जीरो साइबर प्राथमिकी और सामान गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कर पर उन पर कार्रवाई की जाती है। साथ ही इन सेवाओं का क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) प्लेटफॉर्म से एकीकरण भी किया गया है।

दिल्ली पुलिस के पीआरओ विभाग द्वारा बताया गया कि एससीआरबी टीम डेटा की गुणवत्ता बनाए रखने, जिला इकाइयों और थानों के साथ वास्तविक समय में समन्वय स्थापित करने, तकनीकी और प्रक्रियात्मक मसलों को हल करने और नियमित प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण पहल आयोजित करने के लिए जिम्मेदार है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने डीसीपी आदित्य गौतम के नेतृत्व वाली एससीआरबी टीम को प्रमाणन प्राप्त करने पर बधाई दी है। अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई और फिंगरप्रिंट ब्यूरो को भी क्रमशः जनवरी और जुलाई 2025 में आईएसओ प्रमाणन प्राप्त हो चुका है।



■ डिजिटल अपराध रिकॉर्ड प्रबंधन के लिए सम्मान

## होली पर शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में 1,200 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली यातायात पुलिस ने बुधवार को होली पर राजधानी में चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में 1,200 से अधिक वाहन चालकों पर मामला दर्ज किया। सबसे अधिक मामले पश्चिमी दिल्ली में सामने आए। यातायात पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को होली के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए 1,204 चालान जारी किए जाने के अलावा अन्य यातायात उल्लंघनों के आरोप में कुल 3,725 लोगों पर जुर्माना लगाया गया। द्वारका, बाहरी और पश्चिमी जिलों सहित पश्चिमी क्षेत्र में गहन प्रवर्तन कार्रवाई की गई और वहां नशे में गाड़ी चलाने के सबसे अधिक 297 मामले दर्ज किए गए। मध्य क्षेत्र में शराब पीकर गाड़ी चलाने के 257 मामले दर्ज किए गए, जबकि उत्तरी क्षेत्र में 256 मामले दर्ज किए गए। पूर्वी क्षेत्र में 208 मामले और दक्षिणी क्षेत्र में शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए 117 चालान काटे गए। नई दिल्ली क्षेत्र में सबसे कम 69 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने बताया कि प्रमुख सड़कों और चौराहों पर कई चेकपॉइंट स्थापित किए गए थे जहां त्योहार के दौरान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चालकों के ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किए गए थे। शराब पीकर गाड़ी चलाने के अलावा यातायात पुलिस ने होली के विशेष अभियान के दौरान अन्य उल्लंघनों के लिए भी बड़ी संख्या में वाहन चालकों पर मामले दर्ज किए। सीट बेल्ट पहने बिना गाड़ी चलाना, दोपहिया वाहन पर तीन लोगों का एक साथ सवारी करना, हेलमेट के बिना सवारी करना, खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाना और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने जैसे अपराधों के लिए 3,725 चालान जारी किए गए।

## डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में आग लगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम की एक इलेक्ट्रिक बस में दक्षिण दिल्ली के महरौली-बदरपुर मार्ग पर बृहस्पतिवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ और सभी यात्रियों को वक्त पर बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। डीएफएस के मुताबिक आग लगने की सूचना दोपहर 12.57 बजे मिली। इसके बाद दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि बस पूरी तरह से आग की चपेट में आ चुकी थी। यह बस रूट संख्या 544 पर आरके पुरम से बदरपुर बॉर्डर के बीच चलती है। बस के परिचालक अरविंद कुमार ने बताया कि उन्होंने डैशबोर्ड वाले हिस्से से धुआं निकलते देखा। उन्होंने तुरंत चालक को बस रोकने और यात्रियों को बाहर निकालने को कहा। चालक और परिचालक ने डीटीसी की अन्य बसों से अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करके धुएं को रोकने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/301

मनकि रणबीर पुत्र रामकिशन पुत्र दयाराम, निवासी गांव झांझरौला एवं बिस्वेदार गांव सुलतानपुर, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 11762, 12308 त0म0, के अनुसार खेवट न0 429/345 मिन, खाता न0 433, मु0 न0 64, किला न0 13/1(5–4), किता 1, तादादी रकबा 5 कनाल 4 मरले (0.65 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा सुलतानपुर, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 5 कनाल 4 मरले (0.65 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/FSO/304

मनकि सतनारायण पुत्र शीशपाल, निवासी मकान न0 316, इंडस्ट्रियल काम्प्लेक्स, डूंडाहेड़ा, गुरूग्राम एवं बिस्वेदार गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार अराजी खेवट न0 161/133, खाता न0 172, मु0 न0 69, किला न0 5/2(2–12), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 12 मरले सालम भाग व खेवट न0 540/461, खाता न0 607, मु0 न0 38, किला न0 16/3 (2–13), 25/1(2–0), किते 2, तादादी रकबा 4 कनाल 13 मरले सालम भाग व खेवट न0 542/462, खाता न0 609, मु0 न0 38, किला न0 25/4(2–0), मु0 न0 69, किला न0 5/1 (2–16), 5/3(2–12), 7/1(2–9), किते 4, तादादी रकबा 9 कनाल 17 मरले सालम भाग, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 17 कनाल 2 मरले (2.1375 एकड़) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 17 कनाल 2 मरले (2.1375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 05.03.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

# विशेषाधिकार समिति पर की गई टिप्पणियों को लेकर नेता विपक्ष को जारी किया आधिकारिक पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विधायी गरिमा को बनाए रखने की दिशा में एक कड़ा कदम उठाते हुए, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नेता विपक्ष आतिशी को चल रही 'फांसी घर' जांच पर उनके सार्वजनिक बयानों के संबंध में आधिकारिक तौर पर आगाह किया है। बृहस्पतिवार को जारी एक औपचारिक पत्र में, अध्यक्ष ने एक प्रेस को जानकारी देने के दौरान निराधार बयान देने के लिए नेता विपक्ष की आलोचना की और कहा कि इस तरह का व्यवहार विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के स्वतंत्र और निष्पक्ष कामकाज को कमज़ोर करते हैं। अध्यक्ष का यह हस्तक्षेप आतिशी के उस सार्वजनिक दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि विधान सभा परिसर के भीतर वास्तव में एक 'फांसी घर' मौजूद था। इन दावों का सीधा जवाब देते हुए, अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यदि ऐसा कोई साक्ष्य मौजूद है, तो उसे मीडिया के माध्यम से नहीं, बल्कि औपचारिक रूप से विशेषाधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उन्होंने आतिशी को सुझाव दिया कि वह अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, राम निवास गोयल और राखी बिड़ला को उनकी निर्धारित उपस्थिति के दौरान वास्तविक प्रमाण प्रस्तुत करने की सलाह दें। उन्होंने याद दिलाया कि इसी उद्देश्य के लिए उन्हें समिति द्वारा समन भेजा गया है। पत्र में राजनीतिक बयानबाजी और संसदीय प्रक्रिया के बीच धुंधली होती सीमाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। अध्यक्ष ने कहा कि सदन के एक जिम्मेदार सदस्य और नेता विपक्ष के रूप में, उन्हें सदन की समिति द्वारा विचाराधीन मामले पर टिप्पणी करना या आक्षेप लगाना शोभा नहीं देता। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि दिल्ली विधान सभा और इसकी समितियां अब पूरी तरह स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं, और उन्होंने वर्तमान संस्थागत ढांचे को पिछले समय में विधान सभा के "दुरुपयोग" से अलग बताया।

# हिम्मत है तो आज केजरीवाल की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग करे भाजपा : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अगर भाजपा सरकार में हिम्मत है तो शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल की पेशी की पूरी कार्यवाही को लाइव स्ट्रीमिंग करे। "आप" मुख्यालय पर विधायक संजीव झा के साथ प्रेस वार्ता कर दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने बृहस्पतिवार को फांसी घर मामले में भाजपा पर निशाना साधते यह बात कही। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ऐसा करती है तो दिल्लीवालों के सामने उसकी पोल खुल जाएगी कि उसे केजरीवाल को गाली देने के अलावा बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, अस्पताल जैसे जनहित के मुद्दों की कोई चिंता नहीं है। आतिशी ने कहा कि 'आप' सरकार के दौरान दिल्ली विधानसभा का नवीनीकरण किया गया था। आतिशी ने कहा कि आज दिल्ली के करदाताओं का पैसा और चुने हुए प्रतिनिधि इस बात में लगे हुए हैं कि अरविंद केजरीवाल को बुलाओ, उनसे सवाल पूछो कि अंग्रेजों का फांसी घर था या नहीं? इस दौरान एक गुप्त कमरा मिला, जिसमें रस्सियां-कांच की गोलियां पाई गईं। जिसे अंग्रेजों ने चुपचाप मौत की सजा देने के लिए बनवाया था। लेकिन अब रेखा गुप्ता सरकार कह रही है कि अंग्रेज यहां भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी नहीं देते थे, ऐसा लग रहा है कि आज भी भाजपा भी अंग्रेजी हुकूमत के साथ खड़ी है? आतिशी ने कहा कि भाजपा यह कह रही है कि जहां रस्सियां, गोलियां और कुछ लोगों के पुराने कपड़े व जूते पड़े हैं, वह जगह एक टिफिन घर था।

## लाइव स्ट्रीमिंग की मांग केवल एक राजनीतिक प्रोपेगेंडा : सचदेवा

दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग की मांग केवल एक राजनीतिक प्रोपेगेंडा करने की मांग है जिसका कोई संवैधानिक औचित्य नहीं है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बृस्पतिवार को नेता विपक्ष आतिशी की प्रेसवार्ता के बाद यह प्रतिक्रिया दी। सचदेवा ने कहा है कि पुराने सचिवालय में "फांसी घर" घोषित करने को लेकर आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल का झूठ इस कद्र उजागर हो चुका है कि अब वह अपने उस एक झूठ को ढकने के लिए हजार झूठ बोलने को तैयार हैं। सचदेवा ने कहा है कि भाजपा पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत का अपमान करने का आरोप लगाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने कांग्रेसी आकाओं से सवाल करना चाहिए कि 1947 से 2013 तक सत्ता में रहते हुए उन्हें पुराने सचिवालय में कभी कोई "फांसी घर" क्यों नहीं मिला था ?

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज भिवानी | गांव सरसा घोघड़ा में आईपीबी सहित रास्ता की पेवमेंट (यादव चौपाल से अशोक प्रधान के खेत तक), एचजीवीवाई। | 03.03.2026 09.03.2026 | 26.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव खोरड़ा में आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण, एचआरडीएफ। | 24.02.2026 17.03.2026 | 311.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रामनगर कपूरी में हर्बल पार्क में आईपीबी बिछाना और कपूरी आश्रम रोड से वेद पुत्र गुलाब के मकान रास्ता नं. 301 तक गली का निर्माण। | 27.02.2026 09.03.2026 | 8.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बेहबलपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 02.03.2026 10.03.2026 | 288.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव कोट ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में ड्रेन/नाला का निर्माण (श्यामी के मकान से शमशान घाट वाला रास्ता तक) + 1 कार्य। | 02.03.2026 10.03.2026 | 19.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज सोनीपत | गांव हस्सनपुर ब्लॉक मुरथल में वजीर आंतिल से रामरत्तन तक बी.ओ.ई. रास्ता + 3 कार्य। | 02.03.2026 10.03.2026 | 146.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जठेड़ी ब्लॉक राई में योग भवन का निर्माण + 2 कार्य। | 02.03.2026 10.03.2026 | 81.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | खेड़ी गगन :- गांव खेड़ी गगन जिला हिसार में जलापूर्ति योजना के सुधार के लिए बकाया वितरण प्रणाली को बिछाना और अतिरिक्त संरचनाओं का निर्माण। "एक अदद एसएस टैंक (77.50×76.00×2.44 मी.) का निर्माण, एक अदद फिल्टर बैड (6.00×5.00 मी.) का निर्माण, चारदिवारी की मरम्मत/ऊपर उठाना, सीसी पथ/रोड का निर्माण, पाइप लाइन बिछाना और जलघर पर एसवी हौदियों का निर्माण, पम्पिंग मशीनरी और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" + 1 कार्य। | 02.03.2026 12.03.2026 | 199.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | मसूदपुर :- जलापूर्ति योजना का पुनरोद्धार और अपग्रेडेशन तथा गांव मसूदपुर जिला हिसार की बकाया गलियों में वितरण पाइप लाइन बिछाना। "1.50 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, आकार 9.00×7.00×1.83 मी. के 3 अदद आरसीसी स्वच्छ जल टैंक, बूस्टिंग स्टेशन को भरने के लिए पम्पिंग मशीनरी, जलघर से मौजूदा बूस्टिंग स्टेशन ए और 2 तक राइजिंग मेन का निर्माण, 3 अदद सैंड्स टैंक की मरम्मत, चारदिवारी उपरोक्त डीपीसी की मरम्मत, पम्प चेम्बर की मरम्मत, हाउसहोल्ड कनेक्शन की बहाली, आकार 9.00×7.00×2.44 मी. के स्वच्छ जल टैंक का निर्माण, आकार 3.66×3.05 मी. के पम्प चेम्बर का निर्माण, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, चारदिवारी उपरोक्त डीपीसी का निर्माण, चारदिवारी उपरोक्त डीपीसी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य।" | 04.03.2026 16.03.2026 | 635.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 10 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) स्टोरेज वेसल सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, प्रचालन हेतु ई-निविदा (श्रेणी-गुड्स एंड सर्विसेज)। | 04.03.2026 19.03.2026 | 70,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/200/43544/I/88/7 दि. 05.03.26

### दिल्ली को मिलेगी देश की पहली 'रिंग मेट्रो'

# प्रधानमंत्री 8 मार्च को मेट्रो की नई लाइनों का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 8 मार्च को दिल्ली में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर (पिंक लाइन) और दीपाली चौक से मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही, दिल्ली मेट्रो के फेज-5 (ए) के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर के निर्माण का शिलान्यास भी किया जाएगा। इन मेट्रो परियोजनाओं की कुल लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक है और इनसे दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ये परियोजनाएं देश की राजधानी को सही मायनों में 'विकसित दिल्ली' बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। इन परियोजनाओं से राजधानी की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का विस्तार होगा, जिससे लोगों को आने-जाने में आसानी होगी, साथ ही सड़कों पर वाहनों की संख्या कम होगी और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली के डीडीए उत्सव स्थल-3 (निरंकारी मंडल के सामने) में सुबह आयोजित होगा।

### विभिन्न क्षेत्रों तक आसानी से यात्रा कर सकेंगे यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से एनसीआर के शहरों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के निवासी वायलेट लाइन के माध्यम से तुगलकाबाद पहुंचकर गोल्डन लाइन के जरिए सीधे आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक जा सकेंगे। वहीं नोएडा के यात्री मैजेंटा लाइन से कालिंदी कुंज पहुंचकर गोल्डन लाइन के माध्यम से एयरपोर्ट और दक्षिण दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों तक आसानी से यात्रा कर सकेंगे।

### दो नए कॉरिडोर मेट्रो को प्रभावी गति देंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर सेक्शन की लंबाई 12.3 किलोमीटर है और इसमें 8 एलिवेटेड स्टेशन हैं। यह कॉरिडोर पहले से संचालित मजलिस पार्क-शिव विहार पिंक लाइन का हिस्सा है। इस सेक्शन के जुड़ने से पिंक लाइन की कुल लंबाई लगभग 71.56 किलोमीटर हो जाएगी और दिल्ली को देश की पहली पूर्ण रूप से संचालित 'रिंग मेट्रो' मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस कॉरिडोर पर मजलिस पार्क, बुराड़ी, झड़ौदा माजरा, जगतपुर-वजीराबाद, सूरघाट, नानकसर-सोनिया विहार, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार और मौजपुर-बाबरपुर स्टेशन होंगे।

### फेज-5 (ए) के तहत तीन कॉरिडोर का शिलान्यास

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली मेट्रो के फेज-5 (ए) के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर के निर्माण का भी शिलान्यास किया जाएगा, जिससे दिल्लीवासियों की यात्रा और अधिक सुगम होगी। इनमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर, एरोसिटी से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक गोल्डन लाइन विस्तार और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक गोल्डन लाइन विस्तार शामिल हैं।

### दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक का कॉरिडोर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक का कॉरिडोर मैजेंटा लाइन का हिस्सा है जिसकी लंबाई 9.92 किलोमीटर है और इसमें 7 एलिवेटेड स्टेशन हैं। यह कॉरिडोर पहले से संचालित बोटैनिकल गार्डन-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन मैजेंटा लाइन का विस्तार है। इसके जुड़ने से मैजेंटा लाइन की कुल लंबाई लगभग 49 किलोमीटर हो जाएगी। इस सेक्शन पर दीपाली चौक, मधुबन चौक, उत्तरी पीतमपुरा-प्रशांत विहार, हैदरपुर गांव, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क स्टेशन होंगे।

### मेट्रो कॉरिडोर इंजीनियरिंग की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि ये मेट्रो कॉरिडोर इंजीनियरिंग की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर का एक हिस्सा लगभग 28.36 मीटर की ऊंचाई तक जाता है, जो दिल्ली मेट्रो के एलिवेटेड सेक्शनों में सबसे ऊंचे हिस्सों में से एक है। वहीं मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर कॉरिडोर के निर्माण में यमुना नदी पर एक नए पुल का निर्माण करना पड़ा और डबल-डेकर वायडक्ट तैयार किया गया जिसमें मेट्रो ट्रैक और सड़क फ्लाईओवर को एक साथ समाहित किया गया है। यह दिल्ली मेट्रो का यमुना नदी पर पांचवां पुल है।

रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर की लंबाई 9.913 किलोमीटर होगी और यह भूमिगत बनाया जाएगा। इसमें नौ नए स्टेशन होंगे जिनमें आर. के. आश्रम मार्ग (निर्माणाधीन), शिवाजी स्टेडियम, युगे-युगेन भारत, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल-हाई कोर्ट, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ स्टेशन शामिल हैं। यह कॉरिडोर कर्तव्य भवनों, भारत मंडपम और युगे-युगेन भारत संग्रहालय जैसे प्रमुख स्थलों को मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

### एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक गोल्डन लाइन विस्तार

बताया गया कि एरोसिटी से आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक गोल्डन लाइन विस्तार की लंबाई 2.263 किलोमीटर होगी और यह भूमिगत बनाया जाएगा। इसमें एक नया स्टेशन होगा और दोनों पहले से संचालित स्टेशनों को आपस में जोड़ा जाएगा। तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक गोल्डन लाइन विस्तार की लंबाई 3.9 किलोमीटर होगी और यह एलिवेटेड कॉरिडोर होगा। इसमें सरिता विहार डिपो, मदनपुर खादर और कालिंदी कुंज स्टेशन शामिल होंगे।

## 100 प्रतिशत दिव्यांग को पेंशन से वंचित कर रहा सरकारी सिस्टम

दया राम ▶▶ नई दिल्ली



■ दिल्ली में आधार बनवाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा पिता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुँचाने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। एक 100 प्रतिशत दिव्यांग युवा व्यक्ति को केवल आधार कार्ड न बन पाने के कारण पेंशन जैसी बुनियादी सहायता से वंचित रहना पड़ रहा है। आधार बनवाने के लिए उसके पिता श्याम लाल लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इसके लिए पीड़ित पिता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से गुहार लगाई है कि एक साल पूरा करने के बाद भी दिल्ली सरकार एक 100 प्रतिशत दिव्यांग को उसके हक से वंचित रख रही है। परिवार के अनुसार दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र के हमीदपुर गांव में रहने वाले मोहित शर्मा पूरी तरह से अस्थिर दिव्यांग हैं। परिवार के दिव्यांग की हालत ऐसी है कि वह 'एक सेकंड के लिए भी स्थिर नहीं रह सकते', जिससे उनका आधार कार्ड बनवाना संभव नहीं हो पा रहा था लेकिन मंत्री रविन्द्र इन्द्राज से मिलने के बाद आधार कार्ड की प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन 9 माह बीतने के बाद भी आधार कार्ड अभी तक जारी नहीं हुआ है। पीड़ित पिता श्याम लाल का कहना है कि दिव्यांग की स्थिति ऐसी है कि वह स्वयं कहीं आने-जाने में सक्षम नहीं है, फिर भी आधार पंजीकरण के लिए उन्हें बार-बार अलग-अलग केंद्रों पर भेजा गया और हालांकि आधार बनाने की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है लेकिन आधार कार्ड अभी तक दिव्यांग या उनके परिजनों को नहीं सौंपा गया है और आधार कार्ड के विभिन्न केंद्रों के चक्कर कटाए जा रहे हैं। इससे पिता बेहद परेशान और निराश हो चुके हैं।

### सरकार की योजनाओं पर उठ रहे सवाल

सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि दिल्ली जैसे बड़े शहर में 100 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति का आधार कार्ड बनवाना ही इतना कठिन है, तो यह सवाल उठना लाजिमी है कि अन्य दिव्यांगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ आखिर कैसे पहुंच रहा होगा। दिव्यांगजन को पेंशन, चिकित्सा सहायता और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आधार कार्ड अक्सर अनिवार्य होता है।

### ऐसे मामलों में सरकार को खुद देना चाहित ध्यान

लोगों का मानना है कि सरकार और संबंधित विभागों को ऐसे मामलों में विशेष व्यवस्था करनी चाहिए। 100 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए घर पर जाकर आधार पंजीकरण या विशेष कैंप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि उन्हें अपने अधिकारों के लिए भटकना न पड़े। यह मामला केवल एक परिवार की परेशानी नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था पर बड़ा सवाल है जो समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक बुनियादी सुविधाएं पहुँचाने का दावा करती है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस मामले में संज्ञान लेकर पीड़ित परिवार को राहत देता है या नहीं।

## दर्जनों कॉलोनियों में पीने के पानी की रहेगी दिक्कत, आज और कल नहीं होगी जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा अंडरग्राउंड रिजर्वायर और बूस्टर पंपिंग स्टेशन की फ्लशिंग के वार्षिक रखरखाव कार्यक्रम की वजह से यमुना पार व दक्षिणी दिल्ली की अनेक कॉलोनियों में आज और कल जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 6 और 7 मार्च 2026 को जिन क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी उनमें जरूरत पड़ने पर निशुल्क टैंकरों से पानी की सप्लाई की जाएगी। डीजेबी के अनुसार 6 मार्च को पॉकेट-52 चितरंजन पार्क और एमएनओपी ब्लॉक, चिराग एंक्लेव, हेमकुंट कॉलोनी, गोदावरी अपार्टमेंट, दक्षिणपुरी और आसपास का इलाका, एम.बी. एक्सटेंशन, बाई पास रोड बीपीएस, खजूर रोड, मोलरबंद एक्सटेंशन। पहला, दूसरा और तीसरा 60 फुटा रोड, बदरपुर निर्वाचन क्षेत्र, मदनपुर खादर गांव, आली गांव क्षेत्र, जंगपुरा, लाजपत नगर, भोगल, जीके-टू, मालवीय नगर, चिराग दिल्ली, ईस्ट ऑफ कैलाश, दयानंद कॉलोनी, पॉकेट-डी दिलशाद गार्डन, यमुना विहार, भजनपुरा, गामड़ी और सुभाष मोहल्ला तथा इनके आस-पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जबकि 7 मार्च को बदरपुर निर्वाचन क्षेत्र, मदनपुर खादर गांव और आली गांव एरिया, जंगपुरा, लाजपत नगर, भोगल, ग्रेटर कैलाश टू, मालवीय नगर, चिराग दिल्ली, ईस्ट ऑफ कैलाश, दयानंद कॉलोनी, ए-ब्लॉक चितरंजन पार्क, कैलाश कुंज, माउंट कैलाश, पॉकेट-10बी डीडीए फ्लैट्स जसोला विहार, डीडीए एलआईजी और जनता फ्लैट बदरपुर, बदरपुर गांव, ढांढन मोहल्ला, यमुना विहार, भजनपुरा, गामरी और सुभाष मोहल्ला और आस-पास के एरिया, न्यू जाफराबाद डीडीए फ्लैट्स, पॉकेट-R दिलशाद गार्डन, पॉकेट-क्यू दिलशाद गार्डन। जी-6 सेक्टर-16 रोहिणी, ए-I सेक्टर-5 रोहिणी, शाहबाद डेयरी, बरवाला, सेक्टर 24 रोहिणी, ए-3 सेक्टर-8 रोहिणी तथा आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी ज़रूरत के हिसाब से पहले से पर्याप्त पानी स्टोर कर लें। बावजूद इसके जरूरत पड़ने पर अपने संबंधित जल बोर्ड कार्यालय व सेंट्रल कंट्रोल रूम से निशुल्क पानी के टैंकर मंगाए जा सकते है।

## डीटीसी बस स्टैंड और फुट ओवर ब्रिज के शेड बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आती है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 से देश की राजधानी दिल्ली में प्रवेश करते ही नरेला विधानसभा स्थित सिंघु बॉर्डर से लेकर बादली विधानसभा स्थित मुकरबा चौक तक दोनों तरफ दिल्ली सरकार के अधीन आने वाले डीटीसी बस स्टैंड और सड़क पार करने के लिए बनाए गए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर लगे शेड कई जगहों पर बदहाल स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। इन शेडों की हालत ऐसी हो चुकी है कि यहां खड़े होकर बस का इंतजार करना या पुल पार करना भी यात्रियों के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। राजधानी के विभिन्न इलाकों में स्थित कई डीटीसी बस स्टैंडों पर लगे शेड टूटे हुए, जंग लगे या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। कहीं फाईबर की चादरें उखड़ी हुई हैं तो कहीं लोहे के ढांचे जर्जर होकर नीचे लटक रहे हैं। ऐसे में बारिश के दौरान यात्रियों को न केवल भीगना पड़ता है बल्कि ऊपर से टूटकर गिरने वाले हिस्सों से हादसे की आशंका भी बनी रहती है।

### फुट ओवर ब्रिज पर लगे शेड भी हुए खस्ता

बस यात्रियों का कहना है कि इसी तरह सड़क पार करने के लिए बनाए गए कई फुट ओवर ब्रिज पर लगे शेड भी खस्ता हाल हैं। कुछ जगहों पर शेड पूरी तरह टूट चुके हैं, जबकि कई स्थानों पर शीटें ढीली होकर हवा में हिलती नजर आती हैं। इससे पुल का उपयोग करने वाले पैदल यात्रियों, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## मोबाइल के बिना आधा घंटा परिवार के साथ लिया संकल्प

■ आर्य परिवार ने मनाया होली मंगल मिलन समारोह




**नई दिल्ली।** दिल्ली की समस्त आर्य समाज शिक्षण संस्थाओं और आर्य संगठनों की शिरोमणि दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा ने हाल ही में रघु मल आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजा बाजार, कनॉट प्लेस के प्रांगण में 21 वा आर्य परिवार होली मंगल मिलन समारोह उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मोबाइल के बिना आधा घंटा परिवार के साथ व्यतीत करने का आर्य जनों ने संकल्प लिया। यहां सर्वप्रथम नवसस्येष्टि यज्ञ में आर्य जनों ने सपरिवार आहुति देकर विश्व मंगल की कामना की। यज्ञ में नव दंपतियों ने, सबसे अधिक आयु के वृद्धजनों ने आहुति देकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव किया। सभा के अधिकारियों, यज्ञ ब्रह्मा एवं वेदपाठीयों ने सभी यजमाओं को पुष्प वर्षा करके आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान जोगेंद्र खट्टर, सभी वेद प्रचार मंडलों के अधिकारी, कार्यकर्ता और अनेक अन्य गणमान्य सन्यासी, आर्य समाजों के अधिकारी और हर आयु वर्ग के आर्य नर नारी भारी संख्या में उपस्थित थे। बताया गया कि वैदिक धर्म और संस्कृति सदा से पर्व प्रिय रही है। प्रत्येक पर्व का महत्व और प्रेरणा उसकी विधि में निहित होता है। ऋतुराज बसंत के आगमन पर होली का पर्व उमंग, उत्साह उल्लास और खुशियों का प्रतीक माना जाता है।

## लैंडफिल साइटों की पड़ोसी कॉलोनियों के लोग हृदय फेफड़ों, त्वचा, खांसी जैसे रोगों से ग्रसित: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि लैंडफिल साइटों के पास की कॉलोनियों में रहन वाले लोगों को हृदय, फैंफडों, त्वचा, खांसी, सांस फूलना और एजर्ली जैसी गंभीर बीमारियों से जुझना पड़ रहा है। इतना ही नहीं साफ हवा की कमी और गंदे पानी की आपूर्ति के चलते लोगों को मानसिक बीमारियों से भी जूझना पड़ रहा है। लैंडफिल साइटों के कारण दिल्ली का भूमिगत जल 15 गुणा तक अशुद्ध हो चुका है। उन्होंने कहा कि लैंडफिल साइट के नजदीक की कॉलोनियों में अलग अलग 11 जगह से भूमिगत जल के नमूने लिए गए जो तय मानकों से कही अधिक गुणा अशुद्ध और जहरीले मिले जो गंभीर चिंता का विषय है। यादव ने कहा कि तीनों, भलस्वा, गाजीपुर और औखला लैंडफिल साइटों पर एमसीडी, एनडीएमसी द्वारा प्रतिदिन हजारो मीट्रिक टन अपशिष्ट डालने से हवा जहरीली और भूमिगत जल अत्यंत दूषित हो गया है। दिल्ली में 11,852 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन उत्पन होता है। जिसका 64-70 प्रतिशत ही निस्तारण किया जाता है। बाकी बचा हुआ लगभग 4000 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन लैंडफिलों पर डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि लैंडफिलों में लगने वाली आग से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और कूड़े के सड़ने से गीला द्रव लीचेट जमीन के अंदर रिसकर जाने से दिल्ली का भूमिगत जल 15 गुणा अशुद्ध हो चुका है। यादव ने कहा कि दिल्ली में दमघोटू खतरनाक वायु प्रदूषण से जहां दिल्ली का हर नागरिक प्रभावित है। वहीं भूमिगत जल के सैंपल की रिपोर्ट में पानी पूरी तरह अशुद्ध और मानकों के आंकड़ो के अनुसार नहीं है। जैसे टीडीएस 500 मिलीग्राम, क्लोराईड 250 मिलीग्राम, कैल्शियम कॉर्बोनेट 200 मिलीग्राम और कैल्शियम 75 मिलीग्राम सामान्य होता है। जबकि भूमिगत जल के सैंपल की रिपोर्ट में गाजीपुर लैंडफिल की नजदीकी कॉलोनियों के भूमिगत जल सैंपल में टीडीएस 5120, क्लोराइड 1661, कैल्शियम कार्बोनेट 1436 और कैल्शियम 229 मि ग्रा पाया गया। वहीं भलस्वा लैंडफिल के नजदीकी भूमिगत जल सैंपल में टीडीएस 4100, क्लोराइड 1691, कैल्शियम कार्बोनेट 1536 और कैल्शियम 136 मि ग्रा पाया गया। जबकि ओखला लैंडफिल की नजदीकी कॉलोनियों के भूमिगत जल सैंपल में टीडीएस 3680, क्लोराइड 1491, कैल्शियम कार्बोनेट 1476 और कैल्शियम 192 मि ग्रा पाया गया। यादव ने कहा कि सत्ता हासिल करने के बाद भाजपा ने दिल्ली की जनता से किया एक भी वादा पूरा नही किया।

## सूरज अभी से होने लगा लाल, अधिकतम तापमान ने किया 34 डिग्री आंकड़ा पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में मार्च के पहले सप्ताह में ही सूरज ने अपने कड़े तेवर दिखाते हुए लाल होना शुरू कर दिया है। हालात यह है कि तप रहे सूरज की वजह से दिल्ली में अधिकतम तापमान बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया है जो इस मौसम के सामान्य तापमान से कहीं अधिक है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 34.3 सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 6.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.2 सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मतलब दिन हो रात राजधानी में गर्मी ने अभी से अपन कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाले तीन चार दिनों तक अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होती रह सकती है जिसके चलते यह आंकड़ा 36 डिग्री सेल्सियस या इससे भी अधिक पहुंच सकता है। आईएमडी का अनुमान अगर सही साबित हुआ तो आने वाली 9 मार्च को राजधानी के आसमान पर बादलों का जमावड़ा देखने को मिलेगा। जबकि तेज हवाएं सूरज की तपिश को कम करने में मददगार साबित हो सकती है।

## कई स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियां रहेगी बंद वहीं पहले से बंद स्वचालित सीढ़ियां हुई चालू

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने घोषणा की है कि चुनिंदा मेट्रो स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा इसलिए इन्हें यात्रियों के प्रयोग के लिए बंद किया जा रहा है। ऐसे में संबंधित स्टेशनों के यात्रियों से अपील की जाती है कि वह आने जाने के लिए लिफ्ट का प्रयोग करें व डीएमआरसी का सहयोग करें। डीएमआरसी के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने और आने-जाने को आसान बनाने के लिए, नीचे दिए गए ब्लू लाइन स्टेशनों पर कुछ एस्केलेटर पर बड़े ओवरहालिंग का काम किया जा रहा है। जिनमें प्रीत विहार (प्लेटफॉर्म-1 से कॉनकोर्स), निर्माण विहार (प्लेटफॉर्म-1 से कॉनकोर्स), लक्ष्मी नगर (कॉनकोर्स से प्लेटफ़ॉर्म-2), बॉटनिकल गार्डन (ग्राउंड से कॉनकोर्स), गोल्फ कोर्स (ग्राउंड से कॉनकोर्स) और नोएडा सिटी सेंटर (ग्राउंड से कॉनकोर्स) मेट्रो स्टेशन शामिल है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे इस दौरान अपने-अपने स्टेशनों पर मौजूद लिफ्ट का इस्तेमाल करें। वहीं डीएमआरसी ने बताया कि दूसरी तरफ जहां पहले से यह कार्य किया जा रहा था वह अब पूरा हो गया है। इसलिए पूर्व में बंद की गई सभी स्वचालित सीढ़ियों को पुन यात्रियों के लिए खोल दिया गया है।

## टैक्सी चालक की चाकू घोंपकर हत्या के आरोप में दो नाबालिग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कंझावला इलाके में बुधवार को रोडरेज में एक 36 वर्षीय टैक्सी चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में दो किशोरों को पकड़ा है।

पुलिस को इस घटना के संबंध बुधवार दोपहर 12.18 बजे पीसीआर कॉल मिली थी। इसके बाद एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायल विकास शर्मा को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शर्मा की कार घटनास्थल पर खड़ी मिली और उसमें से उनका पर्स और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। एक चप्पल भी घटनास्थल से मिली, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह आरोपियों में से एक की है, जिसे सबूत के तौर पर जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की और तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर अपराध में कथित रूप से शामिल दो नाबालिगों की पहचान कर बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात को पकड़ लिया। एक आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने घटना के समय आरोपियों द्वारा पहने गए कपड़े भी जब्त कर लिए हैं। पूछताछ में नाबालिगों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और पुलिस को बताया कि यह घटना तब घटी जब पीड़ित का वाहन उनमें से एक को छू गया था, जिसके बाद उनके बीच कहासुनी हुई थी। गुस्से में उन्होंने शख्स पर चाकू से हमला कर दिया।

## गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने होला मोहल्ला का पवित्र दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पवित्र दिवस होला मोहल्ला को पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम गुरुद्वारा दमदमा साहिब में आयोजित किया गया, जहां गुरमत दीवान सजाए गए और बड़ी संख्या में संगत ने हाजिरी भरी। इस मौके पर दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि साहिब-ए-कमाल गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ को गतका खेलकर होला मोहल्ला मनाने का आदेश दिया था। उन्होंने बताया कि इस साल 28 और 29 मार्च 2026 को लाल किले पर फतेह दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया और बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की महानता, उनकी नेतृत्व क्षमता और बहादुरी की कहानियों से युवाओं को परिचित कराया जाएगा। वहीं दिल्ली कमेटी ने एक योजना बनाई है, जिसके तहत 14 मार्च को संक्रांति (संगरांद) के दिन से शुरू होकर पूरे बैसाखी महीने में दिल्ली के विभिन्न गुरुद्वारों में गुरमत समागम और अमृत संचार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह नवंबर महीने में गुरु तेग बहादुर की शहादत वर्ष का समापन समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक विवादों में घिरे रहे बाला साहिब अस्पताल को अथक प्रयासों से शुरू किया गया और अब तक यहां लगभग सवा लाख लोगों की मुफ्त डायलिसिस हो चुकी है। बाला साहिब अस्पताल में अगले 10 से 15 दिनों के भीतर हृदय रोग विभाग और नेत्र रोग विभाग भी शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह गुरुद्वारा बंगला साहिब में स्थापित पीईटी स्कैन मशीन का भी संगत को काफी लाभ मिल रहा है।

# ईडब्ल्यूएस मरीजों को मिलना चाहिए सबसे पहले उचित इलाज : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) मरीजों को सबसे पहले उचित इलाज मिलना चाहिए। ऐसे मरीजों की देखभाल में कोई भी लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई होगी। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) को दिल्ली के प्राइवेट अस्पतालों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के मुफ्त इलाज से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देने के बाद यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे खुद मौके पर जाकर अस्पतालों का जरूरी निरीक्षण करेंगे, ताकि रिकॉर्ड देखकर वेरिफ़ाई कर सकें कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के मरीज़ों को समय पर जरूरी मेडिकल केयर की सुविधाएं मिल रही है। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार के दौरान वर्ष 2025-26 (फरवरी 2025 से लेकर जनवरी 2026) में राजधानी दिल्ली के निर्धारित प्राइवेट अस्पतालों में ईडब्ल्यूएस वर्ग के तहत कुल 8 लाख 74 हजार 867 मरीज़ों को ओपीडी इलाज और 57 हजार 102 मरीज़ों को आईपीडी इलाज की मुफ़्त सुविधाएं मिली। इससे पहले साल 2024-25 (अप्रैल 2024 से लेकर जनवरी 2025) में 7 लाख 23 हजार 271 मरीजों ने ओपीडी ट्रीटमेंट प्राप्त किया, जबकि 41 हजार 900 मरीजों ने ईडब्ल्यूएस वर्ग के तहत आईपीडी इलाज प्राप्त किया।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को अच्छा हेल्थ केयर की सुविधा देने लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी अस्पतालों की मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कि मरीजों को सही समय पर उचित इलाज मिले। अगर जरूरत पड़ी तो मैं खुद अस्पतालों का इंस्पेक्शन करूंगा और उनके रिकॉर्ड भी देखूंगा और इलाज करवाने वाले मरीजों से राय भी लूंगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ईडब्ल्यूएस ट्रीटमेंट नॉर्म्स का पूरी तरह से पालन हो।

### मुफ्त इलाज के लिए 5 लाख रुपए सालाना आय

डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी दिल्ली में फिलहाल चिन्हित 56 प्राइवेट अस्पतालों को ईडब्ल्यूएस के मरीज़ों को 25 फीसदी ओपीडी सेवाएं और 10 फीसदी आईपीडी बिस्तर सेवाएं मुफ़्त देने के प्रावधान किए गए हैं। ईडब्ल्युएस वर्ग के तहत मुफ़्त इलाज पाने के लिए वार्षिक आमदनी की सीमा को हमारी सरकार ने 2 लाख 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए सालाना कर दिया है, जिससे ज़्यादा से ज्यादा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को हमारी इस स्कीम का लाभ मिल सके।

■ अस्पतालों की मॉनिटरिंग करने के भी दिए आदेश

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि ट्रांसपेरेंसी और एक्सेसिबिलिटी को और ज्यादा मज़बूत करने के लिए चयनित किए गए प्राइवेट अस्पतालों में ईडब्ल्यूएस मरीज़ों के लिए रियल-टाइम बिस्तर ऑक्यूपेंसी स्टेटस चेक करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल लाइव किया गया है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों और चयनित प्राइवेट अस्पतालों के बीच रेफरल सिस्टम को और ज्यादा मजबूत किया गया है। साथ ही मॉनिटरिंग कमिटी द्वारा इंस्पेक्शन किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अस्पतालों में ईडब्ल्यूएस वर्ग के मरीज़ों के मुफ़्त इलाज के सभी ज़रूरी नियमों का सख्ती से पालन हो सके।

## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी का आरोपी किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके निरंतर में थाना सेक्टर-17 पुलिस टीम ने 5 मार्च को एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 4 माह पूर्व कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था, जिसको पुलिस ने बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सेक्टर-17 पुलिस टीम ने राशिद उर्फ कल्लन वासी कोसी, मथुरा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राशिद के विरुद्ध पूर्व में चोरी व स्नैचिंग जैसे अपराधों के मामले दर्ज हैं और उसको माननीय अदालत ने नवम्बर 2025 में पीओ घोषित किया गया था। फरीदाबाद पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जीपीएल ने गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर किया भूमि का अधिग्रहण

**गुरुग्राम।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने गुरुग्राम में आवासीय विकास के लिए 11.36 एकड़ भूमि का पूर्ण खरीद के माध्यम से अधिग्रहण किया है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से कंपनी को 4,500 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व की उम्मीद है। यहां प्रीमियम लो-राइज़ और हाई-राइज़ घरों के साथ-साथ बेहतरीन जीवनशैली सुविधाएं विकसित की जाएंगी।
गोदरेज प्रॉपर्टीज के एमडी और सीईओ, गौरव पांडेय ने कहा कि इस नए प्रोजेक्ट के साथ, हमने वित्त वर्ष 26 में पोर्टफोलियो में हुए अतिरिक्त निवेश के माध्यम से अब तक 40,000 करोड़ से अधिक की भविष्य की बिक्री क्षमता जोड़ी है। यह पूरे वित्तीय वर्ष के लिए हमारे बिजनेस डेवलपमेंट लक्ष्य का दोगुना है और भविष्य की बुकिंग वैल्यू के मामले में यह हमारा अब तक का सबसे अच्छा साल रहा है। हमें विश्वास है कि यह गोदरेज प्रॉपर्टीज को आने वाले वर्षों में निरंतर मजबूत विकास की ओर ले जाएगा। गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड एनसीआर के सबसे पसंदीदा इलाकों में से एक है, जहाँ हाई-एंड कमर्शियल स्पेस और प्रीमियम आवासीय संपत्तियों का बेहतरीन मिश्रण है।

### साइबर थाना सैंट्रल टीम की कार्रवाई, खाताधारक गिरफ्तार

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 47,75,000 रुपये की ठगी करने के मामले में खाताधारक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मन्तोष कुमार वासी गांव सुमेशवरस्थान जिला बक्सर बिहार हाल ओल्ड



कॉलोनी, ईस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-88 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी थी कि वह यस सिक्योरिटी नामक निवेश प्लेटफॉर्म से व्हाट्सएप के माध्यम से जुड़ा था। ठगों द्वारा दिए गए निवेश संबंधी प्रलोभन और जानकारी के आधार पर उसने इंट्रा.डे ट्रेडिंग, स्टॉक व दो आईपीओ में कुल 47,75,000 रुपये निवेश किए। इसके बाद ठगों ने उसके कॉल और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मन्तोष कुमार इस मामले में खाताधारक है, जिसने अपना बैंक खाता ठगों को उपलब्ध करवाया था। उक्त खाते में ठगी के लगभग 10 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। आरोपी बीए पास है तथा बिल्डिंग मटेरियल सेल्समैन के रूप में कार्य करता है। आगे की पूछताछ के लिए आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### दो शराब तस्कर पकड़े

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। 3 मार्च को थाना धौज की टीम ने अवैध शराब तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 480 बोतल (40 पेटी) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस्माइल उर्फ रिजु निवासी तावडू तथा दूसरे आरोपी सोहिल निवासी गांव नाई नंगला, तावडू के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 मार्च को थाना धौज की टीम द्वारा पाखल टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग के लिए नाका लगाया गया था। इसी दौरान एक बोलेरो गाड़ी को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से 40 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपीगण तावडू से बोलेरो गाड़ी में शराब लेकर फरीदाबाद आ रहे थे। गाड़ी आरोपी इस्माइल की है। जिनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, पूछताछ जारी है।

### पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं आरोपी दोनों भाई

## सलीम वास्तिक पर कातिलाना हमले की घटना का सीसीटीवी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



लोनी इलाके में यूट्यूबर सलीम वास्तिक के कार्यालय में घुसकर कातिलाना हमला की वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जो घटना की भयावहता को दर्शा रहा है। वीडियो में हेलमेट पहने दो युवक सलीम के कार्यालय में घुसे और सलीम पर धारदार हथियार से लगातार वार करते हैं।

पहले दोनों हत्यारे सलीम का गला रेतते हैं फिर एक हमलावर उसे पकड़ता है, तो दूसरा भारी और नुकीली चीज से लगातार हमला करता है। एक हत्यारा लगातार कहता रहा कि मारो, अरे कोई नहीं मारो।

घटना 27 फरवरी की सुबह की नमाज के कुछ समय बाद लोनी के अली गार्डन स्थित सलीम वास्तिक के दफ्तर में हुई। फुटेज में सलीम अपने कार्यालय में सोफे पर लेटे हुए थे। तभी दो व्यक्ति हेलमेट पहनकर वहां आए। सलीम उनसे पूछते हैं कि उन्हें क्या चाहिए, लेकिन वे कोई जवाब नहीं देते। इसके बाद कहते हैं कि उन्हें बात करनी है और अंदर आ जाते हैं। सलीम भी उठकर उन्हें बैठने का इशारा करते हैं।

इसी दौरान अचानक स्थिति बिगड़ जाती है जब एक हमलावर अपनी जेब से एक धारदार हथियार निकालता है। दूसरा हमलावर तुरंत सलीम के हाथ पकड़ लेता है, और इससे पहले कि सलीम कुछ समझ पाते, हमलावर गले पर धारदार हथियार से लगातार वार करना शुरू कर देते हैं। इस दौरान सलीम छटपटाते हुए चीखते रहते हैं, लेकिन हमलावर रुकते नहीं हैं। इसके बाद, एक हमलावर ने सलीम को पकड़ा, तो दूसरे ने पास रखी किसी नुकीली और भारी वस्तु से सलीम के पेट और पीठ पर लगातार वार किया।

### जनगणना 2027 को लेकर अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू, निगम मुख्यालय में आयोजित की गई ट्रेनिंग



**फरीदाबाद।** भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के अधीन ऑफिस ऑफ रजिस्ट्रार जनरल एवं सेंसस कमिश्नर ऑफ इंडिया द्वारा आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना के लिए चार्ज ऑफिसर एवं अन्य अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 5 एवं 6 मार्च 2026 को नगर निगम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया जा रहा है, जिसका आज पहला दिन रहा।
प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना विभाग भारत सरकार से आए सहायक निदेशक कम डिविजनल जनसंख्या इंचार्ज फरीदाबाद कृष्ण कुमार तथा जिला समन्वय अधिकारी एवं मुख्य ट्रेनर प्रशांत शर्मा ने अधिकारियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना के अंतर्गत घरों की सूची तैयार करने, परिवारों से संबंधित जानकारी एकत्र करने तथा निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही अधिकारियों को जनगणना कार्य को पारदर्शिता, जिम्मेदारी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से फरीदाबाद शहर के जनगणना अधिकारी गौरव अंतिल भी मौजूद रहे। निगम आयुक्त कम मुख्य जनगणना अधिकारी फरीदाबाद धीरेंद्र खडगटा के आदेशानुसार विभिन्न जोन में अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जिन्होंने आज इस प्रशिक्षण में भाग लिया। जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है उनमें चार्ज अधिकारी के रूप में विकास कन्हैया क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी, सुमन रत्रा क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी, दिनेश सुप्रिटेंडेंट, दीपा पब्बी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी, सृष्टि बब्बर क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी तथा विनोद कुमार जेडटीओ शामिल हैं।
सहायक चार्ज अधिकारी के रूप में विजय सिंह असिस्टेंट, संजीव सुप्रिटेंडेंट, पंकज कुमार असिस्टेंट, नरेश कुमार असिस्टेंट, नरेश इंस्पेक्टर और सतीश इंस्पेक्टर को जिम्मेदारी दी गई है।

### नशे में ड्राइविंग, ट्रिपल राइडिंग, गलत दिशा में ड्राइविंग पर कार्रवाई

## होली पर फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान, तीन दिन में 5361 चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा होली पर्व के मद्देनजर 2 मार्च से 4 मार्च तक शहर में विशेष ट्रैफिक अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लानाए यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाना तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना रहा। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं मुख्य सडक़ों पर ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की सघन




जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 5361 चालान जारी किये गये। इनमें शराब पीकर वाहन चलाने के 172 चालान, ट्रिपल राइडिंग के 163 चालान, गलत दिशा में वाहन चलाने के 270 चालान, बिना नंबर प्लेट एवं गलत पैटर्न नंबर प्लेट के 156 चालान तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने के 2081 चालान शामिल हैं। यह अभियान विशेष रूप से उन वाहन चालकों के विरुद्ध चलाया गया जो लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर सडक़ पर स्वयं तथा अन्य लोगों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।

इस सख्त कार्रवाई के साथ-साथ फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें आमजन को होली के अवसर पर सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, हेलमेट पहनने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस द्वारा सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से भी सडक़ सुरक्षा से जुड़े संदेश प्रसारित कर लोगों को जागरूक किया गया।

## पांच मंजिला इमारत में लगी आग दम्पत्ति की मौत, कई अन्य झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



खोड़ा क्षेत्र में स्थित एक पांच मंजिला इमारत में गुरुवार को भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में एक पति-पत्नी की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में से पांच लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।आगआग 3 फरवरी की आधी रात को लगी थी, जिसका कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की शुरुआत बेसमेंट में खड़ी एक दुपहिया वाहन में हुए शॉर्ट सर्किट से हुई। इस आग ने तेजी से बेसमेंट में मौजूद सभी वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि उन्होंने पूरी पांच मंजिला इमारत को घेर लिया। इमारत में कुल 43 फ्लैट बने हुए हैं, जिनमें से कई प्रभावित हुए। आग की चपेट में 40 से अधिक दुपहिया वाहन आए और पूरी तरह जल गए। आग लगने के समय इमारत के भीतर 200 से अधिक लोग फंसे हुए थे। मृतक पति-पत्नी की मौत का कारण दम घुटना बताया गया है।

### आरएसएस की समन्वय बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी भाजपा पार्षद हाउस अरेस्ट



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की समन्वय बैठक में शामिल हुए। यह बैठक नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में संघ के महासचिव (संगठन) और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। मीडिया को इस बैठक से दूर रखा गया। भाजपा पार्षद नीरज गोयल को इस दौरान पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इससे पहले योगी के आगमन के मद्देनजर यातायात डायवर्जन किया गया। एक महीने के अंदर गाजियाबाद के अपने दूसरे दौरे पर आए योगी आदित्यनाथ संघ की समन्वय बैठक के बाद पुलिस लाइन हेलीपैड पर गए और कई स्थानीय नेताओं से मुलाकात की। योगी से मुलाकात करने वालों में सांसद अतुल गर्ग तथा आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री सुनील कुमार शर्मा शामिल थे। शर्मा के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने जिले में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति का भी जायजा लिया और जन प्रतिनिधियों से राय मांगी। बैठक को लेकर गाजियाबाद से विधायक संजीव शर्मा ने को बताया कि उत्तर प्रदेश में पूरे साल ऐसी समन्वय बैठकें आयोजित की जाती हैं।

### होली मिलन समारोह का आयोजन



**फरीदाबाद।** द ग्रैंड रिट्रीट सैनिक विहार सैक्टर-88 में समाजसेवी प्रवीण दत्त शर्मा द्वारा होली मिलन समारोह में आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद जसवंत पंवार सैनी, प्रियंका बिष्ट, रवि कश्यप भगत, विधायक मूलचंद शर्मा के भाई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, डा.आर. एन.सिंह, भाजपा महानगर के जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, मुजेसर मंडल अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, पूर्व विधायक शारदा राठौर, महिला इनेलो अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, पार्षद प्रतिनिधि ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, भाजपा नेत्री पुनीता झा, अनिता शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता ओ.पी. शर्मा, राजेश खटाना, मनमीत कौर, कांग्रेस नेत्री पराग शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली, डा. अजय तिवारी, मदन लाल आजाद, खेड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर मेहता, कविता भूमि गोयल, परविन्दर राजपाल, संजीव कुशवाहा, पूनम सिनसिनवार, विमल खण्डेलवाल, लोकेन्द्र बिष्ट लुक्की, कमान्डो फिरेचंद नागर सहित द ग्रैंड रिट्रीट सैनिक विहार के सैकड़ों निवासीगण मौजूद रहे।
होली मिलन समारोह के शुभारंभ पर आए हुए सभी लोगों के माथे पर आयोजक प्रवीण दत्त शर्मा ने चंदन का टीका लगाया व पटका पहनाकर स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। होली के रसिया, ब्रज की मशहूर फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने स्नेह भोज किया।

# अंतर्देशीय जलमार्गों पर पहली बार नदी आधारित लाइटहाउस बनेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अंतर्देशीय जलमार्ग नौवहन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और अभिनव कदम उठाते हुए केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे चार नदी आधारित लाइटहाउस (दीपस्तंभ) की आधारशिला रखी। जिसकी साइबर सिटी गुड़गांव सहित एनसीआर में सराहना की जा रही है। यह देश में पहली बार है जब किसी अंतर्देशीय जलमार्ग पर लाइटहाउस अवसंरचना स्थापित की जा रही है। गुवाहाटी के लचित घाट पर आयोजित इस समारोह का संयुक्त रूप से आयोजन दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय (डीजीएलएल) तथा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तत्वावधान में किया गया।

चारों लाइटहाउस - डिब्रूगढ़ जिले के बोगीबील, कामरूप (मेट्रो) जिले के पांडु, नगाँव जिले के सिलघाट (ये तीनों ब्रह्मपुत्र के दक्षिणी तट पर स्थित हैं) तथा विश्वनाथ जिले के विश्वनाथ घाट (जो उत्तरी तट पर स्थित एकमात्र स्थल है) - पर ब्रह्मपुत्र नदी (राष्ट्रीय जलमार्ग-2) के रणनीतिक बिंदुओं पर स्थित हैं। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 भारत के सबसे महत्वपूर्ण अंतर्देशीय माल और यात्री परिवहन गलियारों में से एक है। इन चारों लाइटहाउस परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 84 करोड़ है। प्रत्येक लाइटहाउस की ऊंचाई लगभग 20 मीटर होगी, जिसकी भौगोलिक सीमा 14 नॉटिकल मील तथा प्रकाश सीमा 8-10 नॉटिकल मील होगी और इन्हें पूर्णतः सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। नौवहन अवसंरचना के साथ-साथ प्रत्येक स्थल पर संग्रहालय, एम्फीथिएटर, कैफेटेरिया, बच्चों के खेल क्षेत्र, स्मारिका दुकान और विकसित सार्वजनिक स्थल भी बनाए जाएंगे, जिससे ये लाइटहाउस नौवहन सुविधा के साथ-साथ पर्यटन के प्रमुख आकर्षण भी बनेंगे।

आधारशिला समारोह में असम सरकार के पर्यटन मंत्री रणजीत कुमार दास, परिवहन मंत्री चरण बोरो, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री जयंत मल्लबरुआ, गुवाहाटी की सांसद बिजुली कलिता मेधी तथा पूर्वी गुवाहाटी के विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य उपस्थित थे। इस अवसर पर पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव विजय कुमार, आईएएस तथा डीजीएलएल महानिदेशक एन. मुरुगानंदम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# हर सोमवार और वीरवार को लघु सचिवालय में सुनी जा रही जनता की समस्याएं: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार की पहल समाधान शिविर जिला वासियों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। आज वीरवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर की अध्यक्षता फरीदाबाद एसडीएम अमित कुमार ने की। फरीदाबाद एसडीएम अमित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में नागरिकों की ओर से सबसे अधिक समस्याएं परिवार पहचान पत्र आईडी में आय संबंधी त्रुटियों और नए सदस्य जोडऩे से जुड़ी सामने आई हैं। इसके अलावा राशन कार्ड, अवैध अतिक्रमण, पुलिस और बिजली विभाग से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी मुद्दों के त्वरित निपटान के लिए सम्बंधित




विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके।

एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन हमेशा नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर हैं और जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी। इसी क्रम में आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, स्थानीय निकायों से नो.ड्यूज प्रमाण पत्र, नगरपालिका द्वारा नक्शा पास करवाने, बिजली, सिंचाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य या आपराधिक शिकायतों से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वह निःसंकोच समाधान शिविर में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की विभिन्न प्रशासनिक और शासकीय विभागों से जुड़ी समस्याओं का तुरंत निपटारा किया जा रहा है। इन शिविरों में लोगों को कई महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ मिल रहा है, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, नो.ड्यूज प्रमाण पत्र, नगर पालिका द्वारा नक्शा पास करवाने, बिजली, सिंचाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा आपराधिक शिकायतों से संबंधित मामलों का समाधान शामिल है। एसडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिकायत समाधान शिविरों में नागरिकों की भागीदारी सरकार और प्रशासन पर उनके भरोसे को दर्शाती है। समाधान शिविर में सीटीएम अंकित कुमार, नगर निगम संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान** पुत्र खालिंद निवासी मकान संख्या 309, पॉकेट-5, सेक्टर-ए-5, नरेला, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 11045/24 धारा 279/304ए भा.दं.सं. थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 11045/24 धारा 279/304ए भा.दं.सं. थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **15.04.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री सायशा चड्ढा,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी- 08, (केंद्रीय),**
**केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 272,**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

DP/2856/N/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सुरेश पाल पुत्रः बलवंत,** पताः एफ–210बी, उधल नगर, नियर पटेल नगर, सामने बाल्मिकी मन्दिर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, **FIR No. 289/2013, U/s 186/353/332 IPC,** थानाः वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश पाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश पाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 289/2013, U/s 186/353/332 IPC,** थानाः वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुरेश पाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 19, पहली मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2533/NE/2026
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | शंकर पार्क, सेक्टर–2, एम.सी. रोहतक का सौन्दर्यीकरण और अपग्रेडेशन + 5 कार्य। | 03.03.2026 10.03.2026 | रु.1,94,54,861/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43529/I/88/7 दि. 05.03.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | नगर पालिका बवानी खेड़ा हेतु एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर, एक ट्रॉली (जीएसटी, परिवहन, एक्सेसरीज, पंजीकरण और बीमा समेत) की आपूर्ति हेतु तृतीय बार निविदा + 11 कार्य। | 03.03.2026 12.03.2026 | रु.1,16,59,195/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mcbawankhera1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43531/I/88/7 दि. 05.03.26


दाऊजी मंदिर में झूमे



मथुरा में 'हुरंगा होली'


प्रयागराज में डीजे पर डांस

## खबर संक्षेप

### पाक नंबरों से बातचीत करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बेतिया।** बिहार पुलिस ने मोबाइल फोन में पाकिस्तानी नंबरों के साथ हुई व्हाट्सऐप चैट मिलने के बाद पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया से एक युवक को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार युवक की पहचान खुर्शीद आलम (25) के रूप में हुई है। जिला पुलिस के एक बयान के अनुसार, /"सूचना के आधार पर पुलिस ने मझौलिया चीनी मिल के पास से आलम को गिरफ्तार किया। उसके पास से तीन एटीएम कार्ड और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।/"

### पेट्रोल डालकर आग लगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**आगरा (उप्र)।** आगरा जिले के शाहगंज इलाके में एक महिला के खिलाफ अपने पूर्व प्रेमी पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। शाहगंज के थानाध्यक्ष राजीव त्यागी ने बृहस्पतिवार को बताया कि ऑटो रिक्शा चालक चांद को पिछले महीने 27 फरवरी को गंभीर रूप से जली हालत में रात करीब नौ बजे सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गई। चांद की बहन निशा ने उसके भाई के साथ सहजीवन (लिव-इन संबंधों) में रही शबनम नाम की महिला पर चांद की हत्या करने का आरोप लगाया है।

### युवक ने तमंचे से खुद को मारी गोली, मौके पर मौत

**एटा (उप्र)।** एटा जिले के जलेसर क्षेत्र में अपनी पत्नी के मायके से न आने से क्षुब्ध एक युवक ने तमंचे से गोली मारकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जलेसर थाना क्षेत्र के पुन्हेरा गांव में बुधवार को होली की देर रात दुष्यंत (32) ने तमंचे से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया है।


### होली के दिन कार दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में होली के दिन एक गेट से एक कार के टकरा जाने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार दोपहर फतेहपुर संगत गांव का सनी सिंह अपने साथियों के साथ कार से गोसाईगंज बाजार से शहर की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि रास्ते में इटकौली गांव के पास यह कार अनियंत्रित होकर एक गेट से जा टकरायी।

---

उप्र के सीएम ने कपिल देव के अस्पताल का उद्घाटन किया

# ग्रेटर नोएडा में अब मिलेगी कम कीमत पर सुपर स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य सुविधा: योगी




### आदित्यनाथ ने मंच से पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की खूब सराहना की

भाषा ⏭ नोएडा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-10 में स्थित नवनिर्मित केडीजीएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर आयोजित विधिवत पूजा-पाठ और हवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया। अधिकारियों के अनुसार, यह अस्पताल पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव और उनकी कंपनी द्वारा बनवाया गया है। इस अवसर पर कपिल देव, उनकी पत्नी रोमा देव, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, धीरेंद्र सिंह और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नरेंद्र भाटी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्हें बताया गया कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के कार्डधारकों का भी उपचार किया जाएगा।अधिकारियों ने अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी। सीएम योगी ने कहा भारत के गौरव के रूप में जिन्होंने पहली बार विश्व कप जीता था कपिल देव जी और उनकी पूरी टीम को सेवा के इस क्षेत्र के प्रवेश करने पर अभिवन्दन करता हूं। यूपी सरकार की तरफ से गौतमबुद्ध नगर वासियों के तरफ से धन्यवाद देता हूं, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से न सिर्फ नोएडा बल्कि सभी एनसीआर के जनपदों के नागरिकों को हॉस्पिटल से फायदा होगा। सरकार ने अपने स्तर पर प्रयास किए लेकिन जबतक निजी क्षेत्र की सहभागिता नहीं होगी तब तक सभी को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना आसान नहीं होगा। सीएम योगी ने ये भी कहा कि पहली बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक यूनिवर्सल कार्ड लोगों को मिला है (गोल्डन आयुष्मान कार्ड) आयुष्मान कार्ड से 60 लाख लोगों को सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। 5 लाख की सुविधा कोई भी व्यक्ति जो पात्र है किसी भी गार्मेंट हॉस्पिटल और इन्पैनल हॉस्पिटल में जाकर लाभ ले सकता है।

#### आप बीमारी को पाकिस्तान मान लीजिए

सीएम योगी ने कपिल देव की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि जब कपिल देव बोलिंग करते थे तब पाकिस्तान की टीम ऐसे ही आधी हार जाती थी,आप बीमारी को पाकिस्तान मान लीजिए, डॉक्टर कपिल देव जैसा हो तो आधी बीमारी ऐसे ही ठीक हो जाएगी। यूपी देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है, पीएम मोदी के हेल्थ सेक्टर में बहुत कुछ किया है। हमारी भी जिम्मेदारी है समाज के लिए, पब्लिक ने जो प्यार दिया उनके लिए रिटर्न में अच्छा काम कर सके। सीएम ने कहा कि 2014 तक सिर्फ 6 एम्स थे। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में 23 एम्स काम कर रहे है। यूपी की डबल इंजन की सरकार है हमारे यहां 75 डिस्ट्रिक्ट में 81 मेडिकल कॉलेज हो गए है। 1 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा जिसमें डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, टैक्नीशियन, फोर्थ क्लास से जुड़े लोग होंगे। यहां सेवा भी है रोजगार भी है। यूपी विकास की सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है।

---

# रांची में पुलिस हिरासत में हत्या के आरोपी ने 'आत्महत्या' की

- पांच पुलिसकर्मी निलंबित
- दो के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश
- मामले की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन

भाषा ⏭ रांची

झारखंड के रांची जिले में बृहस्पतिवार को एक लड़के की हत्या के आरोपी एक व्यक्ति ने पुलिस हिरासत में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटना के बाद रांची के एसएसपी ने पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया जबकि दो के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान खूंटी जिले के निवासी जगाई मुंडा (45) के रूप में की गयी है। यह घटना नामकुम पुलिस थाने में हुई। मुंडा के शव को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। डीएसपी और रांची पुलिस के प्रवक्ता अमर पांडे ने कहा, ''मामले की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया गया है। मुंडा पर 12 वर्षीय एक लड़के की हत्या का आरोप था।'' पुलिस के अनुसार, मुंडा ने हल्की ठंड को देखते हुए उसे दिये गये कंबल की मदद से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक बयान के अनुसार, मुंडा के खूंटी में रहने वाली 32 वर्षीय एक महिला के साथ लगभग छह साल तक कथित तौर पर अवैध संबंध थे। इसके अनुसार यह महिला 12 वर्षीय लड़के की मां थी।

#### लड़के का गला घोंटकर हत्या की गई थी


बयान के अनुसार मुंडा की पत्नी को जब अपने पति के अवैध संबंध के बारे में पता चला तो महिला ने उससे मिलना बंद कर दिया। मुंडा का एक मार्च को बीआईटी मेसरा रेलवे पटरी के पास महिला से झगड़ा हुआ था और उसने महिला को धमकी दी थी कि अगर वह उससे नहीं मिलेगी तो वह उसके बेटे को मार डालेगा। इसके अनुसार मुंडा ने दो मार्च को उसके बेटे का अपहरण कर लिया और उसे भुइयांडीह के जंगल में ले गया, जहां उसने लड़के का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। लड़के की मां ने तीन मार्च को नामकुम पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि मुंडा ने बदला लेने के लिए उसके बेटे का अपहरण किया था। इसके अनुसार प्राथमिकी के आधार पर मुंडा को गिरफ्तार किया गया और उसके कबूलनामे के आधार पर लड़के का शव बरामद किया गया। पुलिस बयान में कहा गया है कि नामकुम पुलिस थाने के प्रभारी के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

---

# सारंडा के जंगल में सुरक्षाकर्मियों ने आईईडी को निष्क्रिय किया

- दो सुरक्षाकर्मी घायल, 'एयरलिफ्ट' करके रांची ले जाया गया

भाषा ⏭ चाईबासा



झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों ने एक 'उच्च तीव्रता' वाले आईईडी को निष्क्रिय किया। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेणु ने बताया कि बुधवार को नक्सल विरोधी तलाशी अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों ने जराइकेला पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एडलबेरा-बाबुडेरा सड़क के पास सारंडा के जंगल में लगाया गया एक उच्च तीव्रता वाला आईईडी बरामद किया। एसपी ने बताया, /"बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। हमारा मानना है कि इसे कुछ महीने पहले माओवादियों ने लगाया होगा, क्योंकि सुरक्षा बलों ने अधिकांश सक्रिय नक्सलियों को मार गिराया है। फिलहाल केवल मिसिर बेसरा के नेतृत्व वाला एक समूह ही सक्रिय है।/" रविवार को छोटानागरा थाना क्षेत्र के सारंडा जंगल में हुए एक आईईडी विस्फोट में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। उन्हें बेहतर इलाज के लिए 'एयरलिफ्ट' करके रांची ले जाया गया।

---

# कार की टक्कर से एमबीबीएस छात्र की मौत

- पुल की रेलिंग से लटकता मिला शव
- डिनर के बाद रात नौ बजे हॉस्टल के लिए निकला था

भाषा ⏭ गोरखपुर (उप्र)



गोरखपुर के शाहपुर इलाके में कार की टक्कर लगने से स्कूटर सवार एमबीबीएस के एक छात्र की मौत हो गई। कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को शाहपुर थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर-कौवाबाग ओवरब्रिज पर तेज गति से जा रही एक लग्जरी कार ने एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र आकाश पांडेय (22) के स्कूटर को टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर लगने से आकाश करीब 15 मीटर दूर जा गिरा और ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराकर करीब 30 मिनट तक मुंह के बल लटका रहा। उन्होंने बताया कि राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संत कबीर नगर का रहने वाला आकाश बुधवार को एक दोस्त के घर होली मनाने गया था और डिनर के बाद वह रात करीब साढ़े नौ बजे अपने हॉस्टल के लिए निकला था। उन्होंने बताया कि आकाश को टक्कर मारने वाले कार चालक की पहचान प्रॉपर्टी डीलर गोल्डन साहनी के तौर पर हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

#### मुकदमा दर्ज

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनव त्यागी ने बताया कि साहनी पर गैर-इरादतन हत्या और दूसरी संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, /"आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# होली की शाम भीड़ ने किया पुलिस दल पर हमला

भाषा ⏭ उन्नाव

- एक पुलिसकर्मी भी घायल
- महिलाओं ने पुलिस पर ईंटों से हमला किया, कई घायल

उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र स्थित हड़हा कस्बे में बुधवार शाम नशे में धुत एक युवक के हंगामे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। इस दौरान हुए पथराव में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया तथा पुलिस के वाहन का शीशा टूट गया। बीघापुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार शाम अचलगंज थाने में सूचना मिली थी कि हड़हा कस्बे में अंकित नामक युवक शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। उन्होंने बताया कि अचलगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन युवक ने पुलिसकर्मियों से ही झगड़ा शुरू कर दिया। मिश्रा ने बताया कि सूचना पा कर प्रभारी निरीक्षक अचलगंज भी मौके पर पहुंचे और युवक को समझाने का प्रयास किया जा रहा था। तभी मौके पर मौजूद महिलाओं ने पुलिस पर ईंटों से हमला कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, पथराव में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया और पुलिस वाहन का शीशा टूट गया, जिससे स्थिति बिगड़ गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी मधुपनाथ मिश्र अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। मिश्र ने बताया कि फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है और शांति व्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल लोगों की पहचान के लिए वीडियो फुटेज और स्थानीय जानकारी के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। मिश्र ने कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और पथराव में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# शाहजहांपुर में होली के रंग को लेकर हुआ विवाद

भाषा ⏭ शाहजहांपुर

- गांव में शांति कायम है लेकिन एहतियातन पुलिस बल को तैनात
- 11 लोग घायल, 20 हिरासत में लिए

शाहजहांपुर जिले में होली पर दूसरे धर्म के एक व्यक्ति पर रंग डालने को लेकर हुए विवाद के बाद बृहस्पतिवार को दोनों धर्म के लोग आपस में फिर भिड़ गए, फलस्वरूप पथराव में 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में दोनों धर्मो के 20 लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि गांव में शांति कायम है लेकिन एहतियातन वहां पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को बताया कि अल्लाहगंज थानाक्षेत्र के मऊ रसूलपुर गांव में बुधवार को हिंदू समुदाय द्वारा रंग खेले जाने के दौरान दूसरे धर्म के एक व्यक्ति पर रंग पड़ गया, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। द्विवेदी ने बताया कि तब पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया। उन्होंने बताया कि आज मुस्लिम पक्ष दूसरे पक्ष के यहां पहुंच गया और कल के मामले पर आपस में उलझने लगा, फलस्वरूप दोनों ओर से पथराव होने होने लगा जिसमें 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया की पुलिस ने घटना के बाद दोनों धर्मो के 20 लोगों को हिरासत में लिया है।

---

# नीतीश के कार्यकाल को बिहार के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया

- झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी की प्रतिक्रिया

भाषा ⏭ रांची



झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का कार्यकाल राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। नीतीश कुमार ने सुबह (बृहस्पतिवार) राज्यसभा का चुनाव लड़ने के अपने निर्णय की घोषणा की जिसके साथ ही राज्य में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले उनके 20 साल के कार्यकाल का समापन हो गया। मरांडी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, /"आदरणीय नीतीश कुमार जी, पिछले तीन-चार दशकों से आप बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं। बिहार को जंगलराज से बाहर निकालने और सुशासन स्थापित करने में आपका योगदान अतुलनीय है।/" भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कुमार के नेतृत्व में बिहार ने प्रशासनिक स्थिरता, विकास और व्यवस्था में एक नई दिशा प्राप्त की है। मरांडी ने कहा, /"सार्वजनिक जीवन में आपने (नीतीश कुमार) हमेशा सत्यनिष्ठा, गरिमा और नैतिकता के मूल्यों को कायम रखा। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में आपका कार्यकाल राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।/" उन्होंने कहा, /"अब राज्यसभा सदस्य के रूप में भी सदन आपके अनुभव, दूरदृष्टि और नेतृत्व से सम्मानित होगा। आपके उज्ज्वल भविष्य और इस नई पारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं! विकसित भारत के निर्माण में आपका अनुभव और योगदान राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा!

---

बिहार में 20 साल तक राज्य के सबसे लंबे समय तक का मुख्यमंत्री का कार्यकाल समाप्त

# नीतीश को राज्यसभा भेजना उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की 'सुनियोजित साजिश': जदयू

भाषा ⏭ रांची




झारखंड में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के इकलौते विधायक सरयू रॉय ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजना उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की एक 'सुनियोजित साजिश' है। जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार ने सुबह (बृहस्पतिवार) राज्यसभा का चुनाव लड़ने के अपने फैसले की घोषणा की, जिसके साथ ही उनका 20 साल तक राज्य के सबसे लंबे समय तक का मुख्यमंत्री का कार्यकाल समाप्त हो गया। रॉय ने कहा, /"आज बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है। 2005 से मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने राज्य के लिए बहुत काम किया और सुशासन स्थापित किया है। जिस तरह से उनके जैसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद से हटाकर राज्यसभा भेजा गया है, ऐसा लगता है कि उन्हें किसी आश्रय में भेजा जा रहा है। यह तरीका उचित नहीं लगता।

#### यह सब एक सुनियोजित साजिश

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक ने पत्रकारों से कहा, /"पिछले दो दिनों में दिल्ली और पटना के बीच जो गतिविधियां हुई हैं, उनसे लगता है कि यह सब एक सुनियोजित साजिश के तहत किया गया है। अगर उन्हें (नीतीश कुमार को) सम्मानजनक तरीके से राज्यसभा भेजा जाता, तो कोई आपत्ति नहीं करता। कुमार का मित्र होने के नाते, मुझे यह फैसला बिल्कुल भी समझ नहीं आ रहा है।/" रॉय ने हालांकि यह नहीं बताया कि इस /"सुनियोजित साजिश/" के पीछे कौन है। नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पांच उम्मीदवारों ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *



### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



## 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।



बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-गोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।



एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

## सॉरी दादा जी!


एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया


एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195



1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?







उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप

### हाथी के हमले में धान के मंडी प्रभारी की मौत

**कोरबा(भाषा)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में जंगली हाथी के हमले में धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी की मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिले के करतला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुदमरा गांव में जंगली हाथी के हमले में राजेश कुमार सिंह (55) की मृत्यु हो गई। इस घटना में उनकी पत्नी और अन्य कर्मचारियों ने भागकर अपनी जा बचाई। अधिकारियों ने बताया कि आदिवासी सेवा सहकारी समिति कोरकोमा का धान उपार्जन केंद्र कुदमुरा गांव में भी है, जहां किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को रखा गया है। पिछले कुछ दिनों से धान चोरी की सूचना मिलने पर कोरकोमा के सेल्समेन राजेश कुमार सिंह, जिन्हें धान उपार्जन केंद्र कुदमुरा का मंडी प्रभारी नियुक्त किया गया था।

### बिना टिकट यात्रा के पांच लाख मामलों में 36 करोड़ वसूले

**भोपाल (भाषा)।** पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर) के भोपाल मंडल में चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी के बीच बिना टिकट और अनियमित यात्रा के करीब 5.7 लाख मामलों में यात्रियों से 36.30 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भोपाल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी नवल अग्रवाल ने बताया कि इस अवधि में टिकट जांच अभियान के दौरान कुल 5,69,623 मामले दर्ज किए गए। इनमें बिना टिकट यात्रा के 2,79,940 मामले, अनुचित टिकट के साथ यात्रा करने के 2,86,997 मामले और बिना बुकिंग कराए सामान ले जाने के 2,686 मामले शामिल हैं। इन मामलों में रेलवे ने यात्रियों से कुल 36.30 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूल किया। फरवरी महीने में ही टिकट जांच अभियान के दौरान 49,674 मामले सामने आए। इनमें बिना टिकट यात्रा के 23,431 मामले, अनुचित टिकट के 25,971 मामले तथा बिना बुक कराए सामान ले जाने के 272 मामले शामिल हैं।

## बजट सत्र : राई खेल विश्वविद्यालय में विकास कार्यों का मास्टर प्लान तैयार

# 371 करोड़ से बिल्डिंग बनेगी, खेल मैदान व अन्य सुविधाओं पर खर्च होंगे 120 करोड़

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सोनीपत जिले के राई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित खेल विश्वविद्यालय राई में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और विकसित करने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है। प्रदेश सरकार द्वारा खेल विश्वविद्यालय हरियाणा, राई में आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए 491.20 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें से 371.20 करोड़ रुपये भवनों के निर्माण के लिए तथा 120 करोड़ रुपये खेल अवसंरचना के लिए है। विश्वविद्यालय का मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है तथा कार्यान्वयन एजेंसी को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है। खेल राज्य मंत्री बृहस्पतिवार को हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के दौरान सदन की एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

### गांव के कच्चे रास्ते होंगे पक्के

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के गांव बास से भकलाना, गांव बडाला से बास, गांव नारनौंद से माजरा तथा गांव खरबला से भाटोल तक पांच करम के कच्चे रास्तों को पक्का किया जाएगा। राणा हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे।



### परियोजनाओं में नहीं होगी देरी, कार्य विस्तार होने पर नया टेंडर लगेगा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि किसी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के दौरान यदि उस परियोजना में कार्य का विस्तार किये जाने की आवश्यकता है तो उसके लिए नया टेंडर लगाया जाएगा। इससे एनहांसमेंट जैसी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान वीरवार को प्रश्नकाल के दौरान सदन में जवाब दे रहे थे।नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान में ऐसी स्थिति है कि कोई प्रोजेक्ट चल रहा है तो बीच में ही एक्सपेंशन कर देते हैं और बार-बार एक्सपेंशन से बहुत समस्या आती है, जिससे बजट बढ़ने और एनहांसमेंट जैसी दिक्कतें उत्पन्न होती हैं। इन सबके समाधान हेतु सरकार ने निर्णय लिया है कि किसी प्रोजेक्ट के लिए कोई टेंडर लगा है और यदि उसमें किसी प्रकार का विस्तार करना है तो उसके लिए अलग से टेंडर लगाया जाएगा। इस संबंध में सभी विभागों के अधिकारियों को दिशा—निर्देश दिए जा चुके हैं।

### भाजपा ने जीएसटी के फायदे गिनवाए कांग्रेस नेता ने गब्बर सिंह टैक्स बताया

यमुनानगर से भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाता था, मगर हमने इसे शून्य कर दिया। जीएसटी टू में पुराना रेट पर भी लिखना होगा और नए रेट भी लिखना होगा ताकि बिचौलियों का कोई रोल ना रहे। जीएसटी टू लागू करके यह संदेश दिया है कि लोगों ने इसे स्वीकार किया है। मोटर वाहन पर 28 प्रतिशत जीएसटी से 18 प्रतिशत किया गया है। जीएसटी 2.0 लागू हुआ तो ट्रैक्टर करीब 50 हजार रुपए सस्ती हुई है। नारनौंद से कांग्रेस विधायक जस्सी पेटवाड़ ने कहा कि यह जुलाई 2017 में लगाया गया था।

### तालाब पर भुक्कल-पंवार हुए आमने सामने

प्रश्नकाल में गांव के तालाबों को लेकर कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल और मंत्री कृष्णलाल पंवार आमने-सामने दिखे। गीता भुक्कल ने कहा कि तीन-तीन बार सवाल लगाए, मगर जवाब एक सा मिल रहा है। हम बार-बार एक मांग कर रहे हैं कि स्वच्छ तालाब दिए जाएं। अमृत सरोवर योजना में तीन करोड़ रुपए लगाए, इतने में तो हमारे एरिया के तालाब ठीक हो जाते। मेरे पास 68 फोटो हैं मैं आपको सेंड कर दूंगी। गांव के तीन बच्चे तालाब में डूब गए थे। कोई काम नहीं कर रहा।इसके जवाब में मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि वाटर लेवल के कारण काम बंद करना पड़ा। छुछकवास, बहु गांव, मोडाखेड़ा गांव में वाटर लेवल ऊंचा है। सिंचाई और पंचायत विभाग इसका समाधान निकालेगा। वहीं बजट पर चर्चा करते हुए बाढड़ा से विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि यह आम जनता का बजट है और इसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

### वी 5जी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में हुआ लाईव, कनेक्टिविटी बनेगी सहज

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज अमृतसर के प्रतिष्ठित स्वर्ण मंदिर में 5जी सेवाओं के लॉन्च के साथ पंजाब में अपने 5जी फुटप्रिन्ट को और बढ़ा लिया है। यह शुरूआत एक ऐसे स्थान पर हाई-स्पीड कनेक्टिविटी को सहज बनाने के लिए की गई है, जहां रोज़ाना 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालु और आगंतुक आते हैं। अमृतसर का स्वर्ण मंदिर दुनिया के ऐसे धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां सबसे ज़्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, साथ ही इसे दुनिया की सबसे बड़ी कम्युनिटी किचन यानि लंगर सेवा के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में भीड़-भाड़ भरे इस क्षेत्र में डेटा की मांग बहुत अधिक रहती है। इस अवसर पर राहुल जोशी, सर्कल बिज़नेस हैड- पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, स्वर्ण मंदिर में हमारी सेवाओं का 5जी विस्तार पंजाब में हमारी विस्तार यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम क्षेत्र में अपना 5जी फुटप्रिन्ट बढ़ाना जारी रखते हुए मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का एक इनामी नक्सली मारा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि मुठभेड़ बुधवार रात गीदम पुलिस थाना इलाके के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और बस्तर फाइटर्स का एक संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। राय ने बताया कि सुरक्षाबलों को तीन मार्च को गीदम थाना क्षेत्र के गुमलनार, गिरसापारा और नेलगोड़ा के मध्य जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में नक्सली सामग्री और हथियार छिपाए जाने की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों को क्षेत्र के लिए रवाना किया गया और कल जब सुरक्षाबल के जवान घेराबंदी कर आगे बढ़ रहे थे तब रात लगभग नौ बजे भैरमगढ़ एरिया कमेटी के आठ से 10 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारी ने बताया कि कुछ देर बाद नक्सली वहां से भाग गए।

## रोहतक के चुलियाना मोड़ पर भीषण हादसा

# कार और बाइक की भिड़ंत में दो भाइयों समेत 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

- एक ही गांव के थे चारों, होली खेलने के लिए गए थे

गांव चुलियाना मोड़ पर कार और बाइक की भीषण टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने पीजीआई ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान गांव ईस्माइला 11बी निवासी सोनू, मोहन, राजकुमार और राजेश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चारों युवक फाग उत्सव के दिन एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, तभी उनकी कार से टक्कर हो गई। मृतकों में मोहन और राजकुमार सगे भाई थे, जबकि सोनू और राजेश पड़ोस में रहते थे। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवारों में शोक का माहौल है।

## बिहार में कुरुक्षेत्र के 5 लोगों की मौत



**मधुबनी।** हरियाणा के पांच लोगों की बिहार के मधुबनी में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। स्कॉर्पियो सवार लोग नेपाल और नॉर्थ ईस्ट घूमने जा रहे थे। इसी दौरान परसाधाम चौक के पास हाईवे पर ट्रक ने स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के कनिपला निवासी संजीव और रौडीखेड़ी गांव के रहने वाले विकास, अंकुश और रजिया के रूप में हुई है। हालांकि, एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, रितिक और कपिस घायल हैं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि संजीव अपने एक दोस्त से गाड़ी लेकर घूमने निकला था। स्कॉर्पियो का नंबर एचआर 07 एजी 3633 है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह सभी नेपाल और पूर्वोत्तर भारत की ओर घूमने जा रहे थे। मृतक संजीव के साले विक्रम कुमार ने फोन पर बताया कि पिछले तीन दिनों से उनकी संजीव से कोई बातचीत नहीं हुई थी। गुरुवार सुबह पुलिस से हादसे की जानकारी दी है।

# लिव इन पार्टनर की हत्या में मां-बेटा गिरफ्तार

- मृतक गुंजन से 17 वर्ष बड़ी है आरोपी महिला, 25 वर्षीय बेटे के साथ रहने से बढ़े झगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी की अमर विहार कॉलोनी निवासी गुंजन की हत्या उसकी लिव इन पार्टनर सुषमा ने अपने 25 वर्षीय बेटे के साथ मिलकर की थी। हत्या के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अमर विहार कॉलोनी में 26 फरवरी को गुंजन का शव अर्धनग्न अवस्था में घर के बाथरूम की छत पर पड़ा मिला था। शव पर चोट के निशान थे और गले पर भी निशान मिले थे।

जांच के दौरान शहर जगाधरी पुलिस को जानकारी मिली थी कि गुंजन यूपी के गोंडा जिले का रहने वाला था। वह शहर में खाने की रेहड़ी लगाता था। वह करीब डेढ़ साल से यमुनानगर के अमर विहार कॉलोनी में सुषमा के साथ किराए के मकान में रह रहा था। सुषमा और गुंजन की मुलाकात 11 साल पहले मानेसर की एक फैक्ट्री में हुई थी। दोनों के बीच उम्र का अंतर 17 साल था। सुषमा पहले शादीशुदा थी और उसका एक बेटा भी था। कुछ साल पहले उसने अपने पति को छोड़कर गुंजन के साथ रहने का फैसला किया और यमुनानगर आ गई। करीब दो माह पहले सुषमा का बेटा आकाश अपनी पत्नी से झगड़े के बाद मां के पास आकर रहने लगा। पूछताछ में पता चला कि गुंजन शराब पीने का आदी था और अक्सर आकाश से भी झगड़ा करता था। 25 फरवरी की रात को उनके झगड़ा हुआ। जिसके बाद सुषमा व उसके बेटे आकाश ने मिलकर गुंजन की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी गुंजन का मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गए।



आरोपी महिला व उसका बेटा।

# डीपफेक पर सख्त कानून बनाने की मांग पर केंद्र, पंजाब और हरियाणा को नोटिस

- याचिका में पीड़ितों को 10 लाख का मुआवजा देने की मांग

**चंडीगढ़।** डिजिटल दौर में तेजी से बढ़ रहे डीपफेक कंटेंट के खतरे को लेकर दायर एक याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने केंद्र, पंजाब व हरियाणा से जवाब तलब किया हैं । याचिका में दुर्भावनापूर्ण डीपफेक सामग्री के निर्माण, प्रसार और दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए स्वतंत्र एवं व्यापक कानून बनाने के निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, गृह मंत्रालय के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ प्रशासन को प्रतिवादी बनाया गया है।याचिका के अनुसार वर्ष 2019 से 2024 के बीच भारत में डीपफेक मामलों में लगभग 550 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है तथा वर्ष 2025 तक इससे होने वाला संभावित आर्थिक नुकसान 70 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त पीड़ितों को न्यूनतम 10 लाख रुपये के वैधानिक मुआवजे सहित प्रभावी नागरिक उपचार व्यवस्था लागू करने का भी आग्रह किया गया है।

### हाईकोर्ट ने नेताओं के खिलाफ लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट तलब की

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने वर्तमान और पूर्व सांसदों तथा विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की जांच और सुनवाई में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ व केंद्र सरकार को 8 अप्रैल तक स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि पूर्व के आदेश के अनुसार करनाल और मेवात के जिला एवं सत्र न्यायाधीशों ने मांगी गई रिपोर्ट जमा करवा दी है, जिसे हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड पर ले लिया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट ने माननीयों पर लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाने के लिए संज्ञान लिया है।

### कैदियों की समयपूर्व रिहाई पर जवाब मांगा

**चंडीगढ़।** जेल सुधारों से जुड़े अहम मुद्दे पर लिए गए संज्ञान मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सख़्त रुख अपनाते हुए पंजाब और हरियाणा सरकार को कैदियों की रिहाई और समयपूर्व रिहाई की पात्रता को लेकर अपनी-अपनी नीतियों का तुलनात्मक चार्ट संयुक्त रूप से तैयार कर अगली सुनवाई तक अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। इसमें उनकी नीतियों और नियमों के तहत तय पात्रता शर्तों को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए।

# अंग्रेजी में नकल के 25 केस, 3 कार्यभार मुक्त

- ड्यूटी में कोताही बरतने पर 1 उप-केन्द्र अधीक्षक व 2 पर्यवेक्षकों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

प्रदेशभर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की गई सेकेण्डरी की अंग्रेजी एवं डी.एल.एड. (रि-अपीयर) की परीक्षा सुचारू रूप से शान्तिपूर्वक संचालित हुई। हालांकि कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन प्रयोग के 25 केस दर्ज किए गए तथा परीक्षा ड्यूटी में कोताही बरतने पर 1 उप-केन्द्र अधीक्षक व 2 पर्यवेक्षकों को परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि अध्यक्ष के उड़नदस्ते द्वारा जिला-चरखी दादरी के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि., चांदवास में अनुचित साधन प्रयोग के 3 केस पकड़े। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष के उड़नदस्ते द्वारा परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि., कादमा पर नियुक्त उप-केन्द्र अधीक्षक रणधीर सिंह, वोकेशनल अध्यापक को उसी स्कूल में नियुक्ति होने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त कर दिया। जिला नूंह के परीक्षा केन्द्रों में 7 अनुचित साधन प्रयोग के मामले दर्ज किए गए। नूंह के परीक्षा केन्द्र र.व.मा.वि.,छछेड़ा-02 पर नियुक्त पर्यवेक्षक तारा चन्द, पीआरटी, रा.उच्च.वि. रेहणा को ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण कार्यभार मुक्त किया गया। केन्द्र अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., हथीन-1(बी-1) से पर्यवेक्षक सुनीता रानी, जेबीटी, रा.प्रा.वि., स्वामिका को भी ड्यूटी में लापरवाही बरतने के कारण कार्यभार मुक्त किया गया।

## घरौंडा के सरकारी अस्पताल में पुलिस और डॉक्टर आमने-सामने

# डॉक्टर को थप्पड़ मारने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने की हड़ताल, आरोपी थाना प्रभारी सस्पेंड

> थानी प्रभारी ने भी लगाया आरोप- डॉक्टर ने फोन पर गालियां दी, बाद में लिखित में भी माफी मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

घरौंडा के सरकारी अस्पताल में ड्यूटी कर रहे एक डॉक्टर के साथ पुलिस द्वारा कथित मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आने के बाद अस्पताल में देर रात हंगामा खड़ा हो गया। इस घटना के बाद डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ ने विरोध स्वरूप चिकित्सा सेवाएं बंद कर धरना शुरू कर दिया। मामले के तूल पकड़ने के बाद एसपी करनाल ने घरौंडा थाना प्रभारी दीपक कुमार को सस्पेंड कर दिया है। अस्पताल स्टाफ के मुताबिक अस्पताल में बुधवार देर रात कुछ लोग एमएलसी के लिए आए थे। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर प्रशांत के साथ उनका विवाद हो गया। डॉक्टर ने पुलिस को फोन कर सहायता मांगी। इस दौरान दोनों की फोन पर बहस हुई।

### अस्पताल से डॉक्टर को जबरन उठाकर ले गए

फोन पर बहस के बाद में थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर को बुलाया गया। जैसे ही डॉक्टर सामने आए, आरोप है कि थाना प्रभारी ने उनका कॉलर पकड़ लिया व जबरन अपनी गाड़ी की ओर ले जाने लगे। अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि इस दौरान डॉक्टर को थप्पड़ भी मारे गए। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। उधर, अस्पताल स्टाफ ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने अस्पताल के अन्य कर्मचारियों के साथ भी बदसलूकी की। घटना के बाद डॉक्टर एसोसिएशन पीड़ित डॉक्टर के समर्थन में उतर आई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक से मुलाकात कर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन के सदस्य डॉ. दीपक गोयल ने कहा कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड है और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक डॉक्टर काम पर वापस नहीं लौटेंगे। वहीं, दूसरी ओर थाना प्रभारी दीपक कुमार ने आरोपों को गलत बताया है। उनका कहना है कि डॉक्टर ने उन्हें फोन पर गाली-गलौज की थी और बाद में लिखित रूप में माफी भी मांगी गई है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. मुनेश गोयल ने बताया कि डॉक्टर के साथ बदसलूकी की शिकायत उनके संज्ञान में आई है। पूरे मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और जांच की जा रही है। मामला बढ़ने के बाद एसपी करनाल ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार को सस्पेंड कर दिया है। फिलहाल पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों स्तर पर मामले की जांच जारी है।

## राज्यसभा की दो सीटों के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में, पिछले चुनावों की तरह खेल होने की आशंका

# भाजपा उपाध्यक्ष नांदल निर्दलीय मैदान में उतरे, मुकाबला बना रोचक

> अभी साफ-साफ भाजपा और कांग्रेस को एक-एक सीट मिल रही, जोड़-तोड़ होने पर बिगड़ेंगे समीकरण

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार एक बार फिर से हरियाणा राज्यसभा की दो सीटों पर तीसरा उम्मीदवार मैदान में उतरने के कारण खेल होने की आशंका प्रबल हो गई है। भाजपा नेता के निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन करने से भाजपा सत्तापक्ष और विपक्ष कांग्रेस अभी से बिसात बिछाने में जुट गए हैं।

यहां पर बता दें कि हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों पर होने वाले चुनाव में साफ-साफ एक कांग्रेस और एक भाजपा का गणित बनता है। दोनों पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवार का नामांकन करा दिया, लेकिन इस प्रक्रिया के बाद में तुरंत ही एक अन्य सतीश नांदल ने नामांकन भर दिया। इस तरह से खेल होने की आशंका प्रबल हो गई। भाजपा की किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल पूरा होने के कारण सीट खाली हो रही है।

पूर्व सांसद संजय भाटिया भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में कर्मचारी नेता रह चुके कर्मवीर बौद्ध ने नामांकन भरा। रोहतक गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के विरुद्ध तीन चुनाव लड़ चुके सतीश नांदल ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल कर कांग्रेस के लिए चुनौती पेश की है। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सतीश नांदल को भाजपा ने समर्थन कर दिया है। हालांकि सतीश नांदल भाजपा के उपाध्यक्ष हैं, लेकिन उन्होंने निर्दलीय के तौर पर पर्चा दाखिल किया है।

### दो बार पहले हो चुका खेल

राज्यसभा के पिछले दो चुनावों में खेल हो चुका है। पहले चुनाव में भाजपा समर्थित सुभाष चंद्रा और दूसरे में भाजपा समर्थित कार्तिकेय शर्मा चुनाव जीतकर राज्यसभा में जा चुके हैं। एक बार फिर से अतीत में हुए दो चुनावों जैसे हालात बन रहे हैं क्योंकि कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को सीधे हाईकमान ने पैराशूट से उतार दिया है। कांग्रेस के कई विधायक कर्मवीर बौद्ध के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं रखते हैं। हाईकमान द्वारा एकाएक उतारे जाना पार्टी को भारी पड़ सकता है। द्वितीय श्रेणी कर्मचारी के रूप में तीन साल पहले वह हरियाणा सचिवालय से ही सेवानिवृत्त हुए हैं। बताते हैं कि कई विधायकों ने कर्मबीर की शक्ल उस वक्त देखी जब विधायकों से मिलने के लिए पहुंचे थे। नेता विपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने बौद्ध की उम्मीदवारी का स्वागत किया है। इस बीच भाजपा ने सतीश नांदल को समर्थन दिया है, उससे तय हो गया है कि 16 मार्च को मतदान होगा और बड़ा खेला हो सकता है। नांदल की पृष्ठभूमि इनेलो की है। वह इनेलो प्रमुख अभय सिंह चौटाला के भी करीबी हैं। इसके बाद अब वे कई वर्षों से भाजपा में रहकर सेवाएं दे रहे हैं।

### हुड्डा के खिलाफ तीन चुनाव हार चुके हैं नांदल



साल 2009 और 2014 में सतीश नांदल ने गढ़ी सांपला किलोई से इनेलो के टिकट पर भूपेंद्र हुड्डा के विरुद्ध चुनाव लड़ थे। पहले चुनाव में नांदल 72 हजार और दूसरे चुनाव में करीब 47 हजार मतों से हार गए थे। तीसरा चुनाव 2019 में नांदल ने भाजपा के टिकट पर लड़ा था, लेकिन तब भी वे करीब 52 हजार मतों से चुनाव हार गए थे। उधर, बताया जा रहा है कि निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में एनडीए गठबंधन के साथी हरियाणा लोकहित पार्टी अध्यक्ष गोपाल कांडा भी पूरी तैयारी में थे और कांग्रेस के कई विधायकों से बात भी चल रही थी। लेकिन भाजपा हाईकमान ने कांडा की बजाय सतीश नांदल पर दांव लगाना ज्यादा उचित समझा। निर्दलीय सतीश नांदल भाजपा समर्थित तीन निर्दलीय विधायकों सावित्री जिंदल, राजेश जून और देवेंद्र कादियान के साथ नामांकन करने विधानसभा पहुंचे।

### 2016 स्याही कांड : 14 वोट अमान्य हुए थे

वर्ष 2016 में राज्यसभा की 2 सीटों के लिए 3 प्रत्याशी मैदान में थे। 47 विधायकों वाली भाजपा ने एक सीट पर चौधरी बीरेंद्र सिंह को कैंडिडेट बनाया, जबकि दूसरी सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष चंद्रा को समर्थन दिया। इनेलो ने एडवोकेट आरके आनंद को मैदान में उतारा, जबकि कांग्रेस ने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा। आनंद दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलकर आए तो माना गया कि कांग्रेस समर्थन करेगी। वोटिंग के दौरान कांग्रेस के 14 विधायकों के वोट अमान्य कर दिए, क्योंकि बैलेट पेपर पर अलग रंग के पेन का इस्तेमाल था। इस वजह से सुभाष चंद्रा जीत गए। **2022 में भी हुआ था खेल :** कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन बीजेपी समर्थित निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा से हार गए थे। शर्मा को 29.6 वोट मिले थे, जबकि माकन को 29 वोट मिले। तत्कालीन कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई का वोट खारिज कर दिया गया और एक अन्य विधायक ने वोट नहीं डाला। बिश्नोई ने पार्टी लाइन के खिलाफ खुलकर वोट किया था और बाद में बीजेपी में शामिल हो गए थे।

### जीत के लिए चाहिए 31 वोट

विधायकों की संख्या 90 है। विधायकों की संख्या के आधार पर राज्यसभा चुनाव में किसी भी उम्मीदवार की जीत के लिए 31 विधायक होने आवश्यक हैं अर्थात 31 विधायक अगर किसी प्रत्याशी को मतदान में पहली प्राथमिकता का वोट देते हैं, तभी वह जीत सकता है। कांग्रेस के पास वर्तमान 31 से छह अधिक अर्थात 37 विधायक हैं, जिससे कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर कर्मवीर बौद्ध की जीत में कोई बाधा नहीं है। उसके बाद भी अतीत में दो चुनावों में खेल हो चुका है। भाजपा के पास 48 विधायक हैं, जबकि तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन हासिल है। विधायकों के संख्या बल के हिसाब से भाजपा के संजय भाटिया का राज्यसभा जाना तय है। भाजपा द्वारा उन्हें मिलने वाले पहली प्राथमिकता के 31 वोटों के बाद 17 सरप्लस वोट बचेंगे। तीन निर्दलीय भाजपा का समर्थन कर रहे हैं, दो इनेलो विधायक भी सतीश नांदल का समर्थन कर सकते हैं। नांदल इनेलो के ही वरिष्ठ नेता थे। फिलहाल हरियाणा से राज्यसभा की कुल पांच सीटों में से भाजपा के चार, जबकि एक निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा हैं, जो भाजपा समर्थित है।

## गुरुग्राम निगम का हेल्पर 40 हजार रुपये रिश्वत लेते काबू

**गुरुग्राम।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने नगर निगम के एक हेल्पर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी हेल्पर शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपये रिश्वत ले रहा था। आरोपी की पहचान कपिल कुमार निवासी गांव पलड़ा, थाना बादशाहपुर के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ने एसीबी को दी शिकायत में बताया कि आरोपी उसके घर के निर्माण कार्य को न रुकवाने के बदले 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। बाद में सौदा 40 हजार रुपये में तय हुआ।

एसीबी गुरुग्राम की टीम ने शिकायत के बाद योजना बनाकर ट्रैप लगाया। शिकायतकर्ता को तय रकम देकर आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही आरोपी ने 40 हजार रुपये रिश्वत की रकम ली, टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे नगर निगम कार्यालय के बाहर रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 40 हजार रुपये की रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई।

## चिंतन

# नीतीश की नई पारी, बिहार में बदलाव का आगाज

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़े बदलाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं। लंबे समय से राज्य की राजनीति के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के केंद्र की राजनीति में जाने से बिहार में भी बदलाव का आगाज होगा। गुरुवार को उन्होंने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। यह केवल एक पद परिवर्तन भर नहीं होगा, बल्कि बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत भी हो सकती है। खास तौर पर यह बदलाव उनकी राजनीतिक विरासत और राज्य की सत्ता संरचना दोनों को प्रभावित करने वाला होगा। उनके राज्यसभा में जाने से बिहार में उनके उत्तराधिकारी को लेकर भी नई तस्वीर सामने आ सकती है। राजनीतिक हलकों में यह कयास लगाया जा रहा है कि उनके पुत्र निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं। माना जा रहा है कि यह उनके सार्वजनिक राजनीतिक जीवन की औपचारिक शुरुआत होगी। कई विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी जा सकती है, जिससे वे धीरे-धीरे प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव हासिल कर सकें। यह संभावना बिहार की राजनीति में इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि नीतीश कुमार ने हमेशा परिवारवाद की राजनीति का विरोध किया है। विशेष रूप से उन्होंने कई मौकों पर राष्ट्रीय जनता दल और उसके नेतृत्व पर परिवारवाद के आरोप लगाए हैं। ऐसे में यदि उनके बेटे की राजनीति में एंट्री होती है तो यह स्वाभाविक रूप से बहस का विषय बनेगा। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया धीरे-धीरे और राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप होती है, तो इसे सीधे तौर पर पारंपरिक परिवारवाद की श्रेणी में रखना भी आसान नहीं होगा। नीतीश की राजनीतिक यात्रा भी अपने आप में काफी दिलचस्प रही है। वे उस पीढ़ी से आते हैं जिसने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से प्रेरणा लेकर राजनीति में कदम रखा था। उस दौर की राजनीति का मुख्य आधार वैचारिक प्रतिबद्धता, सादगी और प्रशासनिक शुचिता था। नीतीश ने भी लंबे समय तक खुद को इसी छवि के साथ स्थापित करने का प्रयास किया। उम्र बढ़ने के साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियों का दबाव और लगातार सक्रिय राजनीति में बने रहने की कठिनाई भी एक बड़ा कारक बन जाती है। यही वजह है कि यदि नीतीश केंद्र की राजनीति की ओर रुख कर रहे हैं तो इसे उनके राजनीतिक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग करने की रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। साथ ही यह निर्णय उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक संतुलन, दोनों के लिहाज से व्यावहारिक माना जा सकता है। दूसरी ओर, बिहार की सत्ता व्यवस्था में भी इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। अब मुख्यमंत्री पद को लेकर भी नए समीकरण बन सकते हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा की भूमिका काफी अहम हो जाएगी, क्योंकि मौजूदा राजनीतिक गठबंधन में उसकी स्थिति मजबूत है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भविष्य में बिहार का मुख्यमंत्री भाजपा से हो सकता है, जबकि जदयू के हिस्से में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी आ सकती है। हालांकि इस संभावित बदलाव के साथ चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। जनता दल (यू) के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच भावनात्मक स्तर पर एक खालीपन महसूस किया जा सकता है, क्योंकि नीतीश कुमार लंबे समय से पार्टी और सरकार दोनों के केंद्रीय चेहरे रहे हैं। उनके बिना पार्टी को अपनी पहचान और संगठनात्मक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी।



त्रासदी
मनोज कुमार अग्रवाल

विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। समय की मांग है कि राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएं और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुकसान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुकसान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

# युद्ध, अशांति, अराजकता के दौर में दुनिया

विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है। युद्ध मानव सभ्यता के साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक होता है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। भूमि बंजर हो जाती है और जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बता दें कि 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और इसी साल 7 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीमित सैन्य संघर्ष के बाद अब इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में परिस्थितियां गंभीर और जटिल बनी हुई हैं। इस समय दोनों देशों के बीच तनाव चरम सीमा पर है और दोनों देशों की सेनाएं प्रत्यक्ष सैन्य आक्रमणों में उलझी हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध और अब अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान युद्ध का संघर्ष यह दर्शाते हैं कि युद्ध का दंश सीमाओं से परे जाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था और शांति को बुरी तरह प्रभावित करता है।

इसे हाल ही में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध शुरू की गई भारी सैन्य कार्रवाई ने और बढ़ा दिया है। अब तक ईरान में ही इस युद्ध के कारण 555 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस जंग में हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ईरानी रेड क्रेसेंट सोसाइटी के मुताबिक, ईरान में 780 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। इनमें कथित तौर पर एक स्कूल पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में मारी गईं 165 लड़कियां और स्टाफ भी शामिल हैं। युद्ध के कारण शरणार्थियों की समस्या भी उत्पन्न होती है जो अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मानवीय संकट का रूप ले लेती है। यह भी विडंबना है कि युद्ध प्रायः सत्ता, वर्चस्व और वैचारिक मतभेदों के कारण होते हैं जबकि युद्ध की कीमत आम जनता चुकाती है।

आज के परमाणु और अत्याधुनिक हथियारों के युग में युद्ध का अर्थ केवल सीमित संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक विनाश हो सकता है। विश्व भर में जारी कुछ अन्य युद्धों का सिलसिला जारी है। आपको बता दें कि 2014 से जारी 'यमन' के गृह युद्ध में लाखों लोग प्रभावित और हजारों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। यह गृह युद्ध यमन के पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपतियों के वफादार गुटों के बीच चल रहा है। 'यमन' की राजधानी 'सना' स्थित 'होऊथी' योद्धाओं जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह' के वफादार योद्धाओं का समर्थन प्राप्त है, और 'अदन' में स्थित 'मंसूर हादी' की सरकार के बीच यह युद्ध चल रहा है।

21 फरवरी, 2026 को 'होऊथी' सेनाओं द्वारा राजधानी सना में हादी को उनके आवास पर नजरबंद करने के एक महीने बाद ही हादी वहां से भाग निकलने में सफल रहे और अदन आ गए। उन्होंने कहा कि होऊथी अधिग्रहण अवैध था और वह अब भी यमन के संवैधानिक राष्ट्रपति हैं। उधर इथोपिया में 2020 में तत्कालीन प्रधानमंत्री 'अबी अहमद' द्वारा विपक्षी पार्टी एल.पी.टी.एफ. के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई के कारण शुरू हुए गृह युद्ध से लाखों लोग विस्थापित हुए और सैकड़ों लोग मारे गए। हालांकि नवम्बर, 2022 में हुए शांति समझौते के बाद झगड़े कम हुए हैं परंतु तनाव अभी बना हुआ है। म्यांमार में 1 फरवरी, 2021 को वहां के मिलिट्री 'जुंटा' ने 'आंग सान सू की' की सरकार का तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके तुरंत बाद ही 'जुंटा' कहलाने वाले सैन्य शासकों का भी विरोध शुरू हो गया और इसने एक भीषण गृहयुद्ध का रूप ले लिया है। इस खूनी गृहयुद्ध में पिछले 5 वर्षों के दौरान 73,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। 24 फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पांचवें वर्ष में दाखिल हो चुका है।



इस युद्ध में अंतरराष्ट्रीय अनुमानों के अनुसार दोनों पक्षों के सैनिकों और नागरिकों को मिलाकर लाखों लोगों की मौत तथा लाखों लोग घायल और विस्थापित हुए हैं। 7 अक्तूबर, 2023 को इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जमीन, राजनीतिक स्वामित्व और धार्मिक दावों से सम्बन्धित दशकों पुराना विवाद हमास द्वारा इजराइल पर बड़ा हमला किए जाने के बाद अधिक तेजी से भड़क उठा। दोनों पक्ष एक-दूसरे की भूमि पर कब्जे और एक-दूसरे पर परस्पर सुरक्षा खतरे के आरोप लगाते आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार इजराइली हमलों के कारण गाजा का बड़ा हिस्सा बुरी तरह तबाह हो चुका है। इसके पुनर्निर्माण में 20 वर्ष से भी अधिक समय लगने का अनुमान है।

इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद तेज हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकी संगठन पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं और इन हमलों में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। अफ्रीकी देश 'सुडान' भी 'सूडानी सशस्त्र सेनाओं' (एस.ए.एफ.) तथा अर्द्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आर.एस.एफ.) के बीच 2023 से जारी युद्ध के कारण इतिहास के सर्वाधिक उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा है। इस कारण यहां की जनता पूरी तरह तबाह और बर्बाद हो गई है और उसकी मुसीबतों को गरीबी आदि ने और भी बढ़ा दिया है तथा लगभग 2 लाख 80 हजार लोग अपने घर छोड़ कर दूसरे स्थानों को जा चुके हैं। उक्त सारे संघर्ष वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। कुल मिलाकर आज विभिन्न देशों के नेताओं की सत्ता की भूख और निजी स्वार्थों के कारण दुनिया 'बारूद के ढेर' पर बैठी नजर आ रही है।

युद्ध की विभीषिका हमें यह सिखाती है कि हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकती। मानवता का वास्तविक विकास शांति, सहयोग और पारस्परिक सहयोग में ही निहित है। यदि विश्व समुदाय ने इतिहास से सबक नहीं लिया, भविष्य और भी भयावह हो सकता है। समय की मांग है कि राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएं और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुकसान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुकसान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
श्वेता गोयल




# छत्रपति शिवाजी : दुर्गों के सम्राट, जनमन के देवता

भारतीय इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था। उन्होंने दासता की बेड़ियों को काटकर आने वाली पीढ़ियों के मानस में आत्मसम्मान और राष्ट्रवाद का वह अक्षय दीप प्रज्ज्वलित किया, जो आज भी अडिग है। भारतीय परंपरा में महापुरुषों की जयंती अक्सर हिंदू पंचांग की तिथि के अनुसार भी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार शिवाजी महाराज का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 6 मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर 6 मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहीं है, बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है। शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था। किशोरावस्था में ही शिवाजी ने यह समझ लिया था कि विदेशी और अन्यायपूर्ण शासन के अधीन रहकर जनकल्याण संभव नहीं। मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया। 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1674 में रायगढ़ किले में उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ और वे 'छत्रपति' की उपाधि से अलंकृत हुए। यह केवल एक राजतिलक नहीं था बल्कि पराधीन मानसिकता के विरुद्ध स्वतंत्रता का औपचारिक उद्घोष था। आज जब हम शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हैं तो यह केवल अतीत की वीरता को दोहराने का क्षण नहीं है बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए दिशा ग्रहण करने का अवसर है। शिवाजी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां भी महान नेतृत्व को जन्म दे सकती हैं और स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि सांस्कृतिक आत्मगौरव और नैतिक साहस का नाम है तथा सच्चा शासक वही है, जो अपनी प्रजा के सुख-दुख को अपना समझे। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन भारतीय अस्मिता का अमर प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व इतिहास के पृष्ठों में सीमित नहीं है बल्कि जनमानस में जीवंत है।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग बहुमूल्य उपहार



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए। बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। बोला, अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया, उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बजट में महंगाई को तवज्जो नहीं

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने प्रदेश के बजट में महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए महिला कल्याण के लिए 28,183 .06 करोड़ आवंटित किए हैं। हालांकि, इस बजट में महंगाई व रसोई को तवज्जो नहीं दी गई, जबकि यह अत्यंत जरूरी था। बजट में महंगाई पर लगाम लगाए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रसोई गैस व अन्य सामग्री सस्ती करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। रही बात, महिला सशक्तीकरण की तो वह योजनाएं धरातल पर उतरने पर ही इनकी सार्थकता है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ रोजगार के भी प्रावधान जरूरी हैं। इस मामले में नए महिला थाने व एंटी टेररिस्ट स्क्वायड में महिला कमांडो को शामिल करना सराहनीय कदम है।

–रूहिश, रोहतक

## करंट अफेयर

# युद्ध से इज़राइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर का नुकसान



**यरुशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण आर्थिक गतिविधियों पर मौजूदा प्रतिबंधों के चलते इजराइल को हर सप्ताह लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान होने की संभावना है। इज़राइली वित्त मंत्रालय ने यह चेतावनी दी है। "टाइम्स ऑफ इजराइल" की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को भेजे पत्र में आर्थिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का आग्रह किया है ताकि बृहस्पतिवार से कारोबार और कार्यस्थलों को आंशिक रूप से चरणबद्ध तरीके से खोला जा सके। रोम ने पत्र में कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के अनुरूप रक्षा नीति बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था को बंद रखने से भारी आर्थिक लागत उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाधान खोजने की जरूरत है जो घरेलू सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की जरूरतों को भी ध्यान में रखे। रोम ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी और युद्ध के प्रभावों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पहले ही भारी आर्थिक दबाव झेल रही है। इज़राइल और अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किए जाने के तुरंत बाद इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।

## ऑफ बीट

# अमेरिका में पहली बार गांधी की प्रतिमा का अनावरण



**न्यूयॉर्क/सिएटल।** अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं। मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर इस आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को उपहार स्वरूप प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया। इस कार्यक्रम में मोंटाना राज्य के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें मोंटाना विश्वविद्यालय के संकाय और छात्र, साथ ही 'मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल' के सदस्य शामिल थे। बाद में शाम में मोंटाना विश्वविद्यालय के छात्रों ने भारत के रंगों के त्योहार - 'होली' को मनाने वाले एक अन्य अनूठे कार्यक्रम में भाग लिया।

## ट्रेंड

### भारत-यूरोप संबंध



आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर वेस्ट एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं।

**- किरण रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री**

### फिनलैंड से समझौता



फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। दोनों देशों के इनोवेशन इकोसिस्टम को जोड़ने के लिए आज हमने फिनलैंड के साथ एक व्यापक प्रवासन और गतिशीलता समझौता किया है।

**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### तेल आपूर्ति खतरे में



भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40% से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कांग्रेस ने वादे नहीं निभाए



कांग्रेस ने 2024 में भी संभावित प्रत्याशियों से पैसे लिए और टिकट न मिलने पर कई के पैसे वापस नहीं किए। इस बार भी वही खेल दोहराया जा रहा है। जो पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं से किए वादे नहीं निभा पाती, वह जनता की उम्मीदों को कैसे पूरा करेगी?

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एक ही परिवार दो विरोधी खेमे

# शरद पवार और उनके पोते पार्थ राज्यसभा सदस्य बनने की तैयारी में

## संसद के ऊपरी सदन के लिए 16 को होने वाले चुनाव के लिए दोनों नेताओं ने मुंबई में नामांकन दाखिल किया

भाषा ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के राजनीतिक रूप से प्रभावशाली पवार परिवार के दो सदस्य एक ही समय में राज्य से राज्यसभा सदस्य बनने की तैयारी में हैं। वरिष्ठ नेता शरद पवार और उनके पोते पार्थ प्रतिद्वंद्वी खेमों से चुनाव मैदान में हैं। पार्थ दिवंगत अजित पवार के बेटे हैं। संसद के ऊपरी सदन के लिए 16 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए दोनों नेताओं ने मुंबई में नामांकन दाखिल किया। शरद पवार (85) राकांपा (शप) के प्रमुख हैं, जबकि पार्थ को सत्ताधारी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने उम्मीदवार बनाया है। यदि पार्थ निर्वाचित होते हैं, तो यह पहला मौका होगा जब शरद पवार और उनके पोते एकसाथ संसद में होंगे। दिलचस्प बात यह है कि पार्थ की मां सुनेत्रा पवार राज्यसभा की सदस्य बनी हुई हैं क्योंकि उन्होंने अभी तक अपना इस्तीफा नहीं दिया है।

### सुनेत्रा पवार वर्तमान में महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री व राकांपा अध्यक्ष भी


सुनेत्रा पवार वर्तमान में महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री और राकांपा अध्यक्ष भी हैं, जबकि शरद पवार की बेटी और राकांपा (शप) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले परिवार के गृह क्षेत्र बारामती से लोकसभा सदस्य हैं। पार्थ के पिता एवं शरद पवार के भतीजे अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। शरद पवार चार बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और केंद्र में रक्षा मंत्री और कृषि मंत्री भी रह चुके हैं। वह आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे हैं।


मुंबई। एनसीपी नेता पार्थ पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम और मां सुनेत्रा पवार के साथ राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नॉमिनेशन फाइल करने जाते हुए। फोटोः एजेंसी

### चुनावी सरगर्मी तेज

#### महाराष्ट्र में सात सीटों पर चुनाव

कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में महाराष्ट्र से महा विकास आघाडी (एमवीए) उम्मीदवार के तौर पर राकांपा (शप) के प्रमुख शरद पवार के समर्थन की



बुधवार को घोषणा की। महाराष्ट्र की सात सीट पर चुनाव होना है, जिसमें से एक सीट पर एमवीए की जीत की संभावना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव रमेश चेन्नीथला ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें 16 मार्च को होने वाले चुनाव में पवार का समर्थन करने के फैसले के बारे में बताने के लिए कहा है।

### ये समीकरण बने रहे

पहले, एमवीए में शामिल तीन दलों कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) और शिवसेना (उबाठा) ने इस सीट पर उम्मीदवारी के लिए अपना-अपना दावा पेश किया था। महाराष्ट्र से राज्यसभा की सात सीट के आगामी चुनाव में, भाजपा आराम से तीन सीट जीत सकती है और चौथी सीट के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकती है। शिवसेना एक सीट जीत सकती है और उसके बाद उसके पास अतिरिक्त वोट होंगे। राकांपा भी एक सदस्य का चुनाव सुनिश्चित कर सकती है। महाराष्ट्र में एमवीए का संयुक्त संख्या बल राज्य से राज्यसभा के एक उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कर सकता है। महायुति की छह सीट पर जीत हो सकती है, बशर्ते क्रॉस वोटिंग ना हो।

## खबर संक्षेप

### गुजरातः निकाय चुनावों के लिए कांग्रेस की समितियों का गठन

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कई समितियों का गठन किया। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। कांग्रेस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इन समितियों को पार्टी अध्यक्ष की मंजूरी मिल गई है और ये तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। पार्टी ने चुनाव रणनीति, अभियान प्रबंधन, घोषणापत्र तैयार करने, मीडिया संपर्क और प्रचार की निगरानी के लिए अलग-अलग समितियां बनाई हैं।

### मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने सुश्रुत

**नई दिल्ली (भाषा)।** न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी को बृहस्पतिवार को मद्रास उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह अब तक केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। पिछले महीने उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इस पद के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी। उन्होंने न्यायमूर्ति मनींद्र मोहन श्रीवास्तव का स्थान लिया है, जो 62 वर्ष की आयु पूरी होने पर बृहस्पतिवार शाम को सेवानिवृत्त हो गए।

### तीन दिवसीय चादर महोत्सव आज से

**जैसलमेर (भाषा)।** राजस्थान के जैसलमेर में तीन दिवसीय चादर महोत्सव और दादागुरु इकतीसा पाठ का आयोजन छह से आठ मार्च तक होगा। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत करेंगे। छह मार्च को महोत्सव की शुरुआत गच्छाधिपतिश्री, आचार्य, उपाध्याय सहित भगवंतों के मंगल प्रवेश से होगी जिसके बाद धर्मसभा में मोहन राव भागवत मौजूद रहेंगे।

### महाराष्ट्रः नासिक में आईवीएफ केंद्र सील

**नासिक (भाषा)।** महाराष्ट्र के नासिक में अधिकारियों ने कथित अवैध अंडाणु दान से जुड़े मामले में एक इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) केंद्र को सील कर दिया है और इस संबंध में एक जांच समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हाल में ठाणे जिले के बदलापुर में ठाणे जिले में गरीब महिलाओं का शोषण करने वाले अंडाणु दान गिरोह का खुलासा हुआ था।

### सीएम के राज्यसभा से नामांकन करने के बाद बिहार में सियासी पारा चढ़ा

# बिहार में पहले भाजपाई सीएम की रेस में सम्राट चौधरी सबसे आगे

## सूबे में भाजपा का सीएम तो जेडीयू के दो डिप्टी सीएम बनने की चर्चा

*विजय चौधरी भी दावेदार, संघ का चेहरा भी ला सकती है भाजपा, नीतीश अपने हनुमान विजय चौधरी पर जता सकते हैं भरोसा*


पटना। एयरपोर्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी। फोटो : हरिभूमि

जेडीयू के पार्टी कार्यालय में रोष जताते नीतीश समर्थक



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीतीश कुमार के राज्यसभा में नामांकन के बाद से ही बिहार में अब सीएम के नाम को लेकर सियासी पारा चढ़ा है। उधर नीतीश कुमार ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राज्यसभा जाने का ऐलान किया है। उन्होंने बिहार में नई सरकार को अपना पूरा सहयोग करने की भी बात कही है। अब यह भी तय हो गया कि बिहार में अब नीतीश युग का अंत हो गया। साथ ही अब इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि नीतीश कुमार के बाद बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। अब अटकले यह लगाई जा रही हैं कि पहली बार बिहार में भाजपा से कोई सीएम या नीतीश के किसी करीबी को बनाया जाएगा। बिहार में सीएम की रेस में सबसे आगे सम्राट चौधरी का नाम चल रहा है। विजय चौधरी के नाम की भी चर्चा जोरों में हैं। उधर भाजपा किसी ओबीसी का चेहरा लाकर चौंका भी सकती है। चर्चा यह भी जोरों पर है कि अगर भाजपा का सीएम बना तो जेडीयू के दो डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे। सूत्रों की मानें तो भाजपा खासकर अमित शाह नहीं चाहते थे कि 20 नवंबर 2025 को गांधी मैदान में नीतीश कुमार सीएम पद की शपथ लें। भाजपा की तरफ से ऑफर दिया गया था कि नीतीश कुमार अपनी पसंद के किसी नेता का नाम बता दें। वे जिसे अपनी पसंद बता देंगे भाजपा उसे सीएम स्वीकार कर लेगी। नीतीश कुमार ने तब ये प्रपोजल स्वीकार नहीं किया। न ही उनके रणनीतिकार तब ये बात माने। ये बोला गया कि बहुमत नीतीश कुमार के नाम पर मिला है, तो सीएम भी वही बनेंगे। इसके बाद उन्होंने सीएम पद की शपथ ली। अब जब उनके स्वास्थ्य को लेकर लगातार सवाल उठने लगे तो जेडीयू के नेताओं की तरफ से मांग की जा रही है कि नीतीश कुमार की पसंद के नेता को ही सीएम बना दिया जाए। उधर, विजय चौधरी जदयू के भीतर और बाहर एक ऐसे नेता हैं, जिन्हें नीतीश कुमार का 'नंबर 2' माना जाता है। वे सरकार की पॉलिसियों और रणनीतियों को बनाने वाली 'कोर कमेटी' के अहम सदस्य हैं। नीतीश बिहार में कहीं जाएं विजय चौधरी हमेशा उनके साथ होते हैं। रणनीतिक मामलों में उन्होंने नीतीश कुमार का हनुमान माना जाता है। विजय चौधरी एक ऐसे नेता हैं, जो विवादों से हमेशा दूर रहते हैं। अपनी मृदुभाषी शैली और प्रशासनिक पकड़ के लिए जाने जाते हैं। वित्त, शिक्षा ग्रामीण कार्य, जल संसाधन, संसदीय कार्य जैसे कई अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसके अलावा विधानसभा में स्पीकर भी रह चुके हैं।

# पीएम कोच्चि में राजग चुनाव सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे



■ आगामी केरल विस चुनावों के मद्देनजर आयोजित दौरा अहम

भाषा ⏭ अहमदाबाद

कोच्चि, पांच मार्च (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मार्च को यहां आगामी केरल विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

भाजपा के जिला नेताओं ने यह जानकारी देते हुए बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री के कोच्चि दौरे के दौरान शहर में कई कार्यक्रम निर्धारित हैं। मोदी 11 मार्च की सुबह करीब 11 बजे कोच्चि पहुंचेंगे और वहां तीन अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले कालूर स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे विभिन्न विकास परियोजनाओं की घोषणा करेंगे। मोदी इसी स्थान पर दोपहर में राजग के सम्मेलन में शामिल होंगे।

### पीएम ने राजनीतिक और नैतिक रूप से किया आत्मसमर्पण



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है। एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था।

### प्रधानमंत्री आठ को मेट्रो की नई लाइनों का करेंगे उद्घाटन

■ इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक : रेखा

**नई दिल्ली (भाषा)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी आठ मार्च को दिल्ली मेट्रो रेल के दो नए गलियारों का उद्घाटन करेंगे और तीन अतिरिक्त गलियारों की आधारशिला रखेंगे। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के तहत शुरू की गई इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक है और इनका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना और शहर में यात्रियों के लिए रोजमर्रा के सफर को आसान बनाना है। गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के जिन दो नए गलियारों का उद्घाटन करेंगे उनमें पिंक लाइन पर मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर और मैजेंटा लाइन दीपाली चौक से मजलिस पार्क का गलियारा शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके साथ प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के फेज-पांच (ए) के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर के निर्माण का शिलान्यास भी करेंगे।

### बंगाल में चुनावी रंग

## मध्य कोलकाता के कुछ हिस्सों में दो मई तक रैलियों और विरोध प्रदर्शनों पर लगा प्रतिबंध

**कोलकाता (भाषा)।** सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंकाओं को रोकने के लिए कोलकाता पुलिस ने मध्य कोलकाता के कुछ हिस्सों में 60 दिनों के लिए रैलियों, प्रदर्शनों और अन्य प्रकार की सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत लागू किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह प्रतिबंध चार मार्च से दो मई तक या अगले आदेश तक लागू रहेगा। यह आदेश विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के बाद जारी किया गया है, जिसमें दावा किया कि हिंसक प्रदर्शन हो सकते हैं, जिससे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शांति भंग हो सकती है। इस आदेश में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के किसी भी गैरकानूनी जमावड़े पर रोक लगाई गई है और निर्दिष्ट क्षेत्र में लाठी या किसी भी घातक या खतरनाक हथियार को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि व्यापक जनहित को देखते हुए ये प्रतिबंध आवश्यक थे।

■ कोलकाता पुलिस आयुक्त ने अधिसूचना जारी की

### लोस अध्यक्ष को हटाने का नोटिस

## बिरला सदन में उपस्थित रहेंगे, लेकिन कार्यवाही का संचालन नहीं करेंगे

भाषा ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिये गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिये जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत नौ मार्च को होगी। लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर "खुलकर भेदभाव" करने का आरोप लगाया गया है। नियमों और तय प्रक्रिया के अनुसार, जब निचले सदन में प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तो बिरला को अपना बचाव करने का अधिकार होगा। संविधान विशेषज्ञ पी डी टी आचारी ने बताया कि बिरला को प्रस्ताव के खिलाफ मत देने का भी अधिकार होगा। आचारी ने कहा कि जब प्रस्ताव सदन के समक्ष आएगा, तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, सत्तापक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। जिस दिन नोटिस दिया गया था, उसी दिन बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था। लोस सचिवालय के पदाधिकारी ने कहा कि "हालांकि, वह लोस में नोटिस प्रस्तुत किये जाने तक सदन की अध्यक्षता कर सकते थे, लेकिन उन्होंने खिलाफ प्रस्ताव का निपटारा होने तक सदन में उपस्थित न होने का निर्णय लिया।



### विपक्ष का आरोप

विपक्ष ने अपने नोटिस में आरोप लगाया है कि बिरला ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया। कांग्रेस सदस्य और लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक के सुरेश ने अपनी पार्टी, समाजवादी पार्टी और द्रमुक समेत कई विपक्षी पार्टियों की ओर से लोकसभा सचिवालय को यह नोटिस दिया।

*केरल विधानसभा चुनाव*

## चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए कोच्चि पहुंचे सीईसी

भाषा ⏭ कोच्चि

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार बृहस्पतिवार को कोच्चि पहुंचे, जहां वह पूर्व में जिलाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। कुमार ने कोच्चि हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से मलयालम में बात की।

*ज्ञानेश केरल कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं*

*तीन दिवसीय दौरा, पार्टी नेताओं व अफसरों के साथ करेंगे बैठक*



### बोले-22 साल बाद लौटा

उन्होंने कहा कि हम 22 साल के अंतराल के बाद कोच्चि लौट रहे हैं। मैं अगले दो दिन यहीं रहूंगा। कार्यक्रम के अनुसार, कुमार बृहस्पतिवार शाम को कोच्चि शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे और बाद में रात तक एक होटल में बैठक करेंगे। वह शुक्रवार सुबह गोश्री बोलगट्टी ब्रिज पर युवा मतदाताओं से बातचीत करेंगे और मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेंगे। बाद में, वह शाम तक होटल में बैठकों में भाग लेने से पहले मरीन ड्राइव वॉकवे, रेनबो ब्रिज और चिल्ड्रन पार्क का दौरा करेंगे। इसके बाद वह रात में म्यूजिकल वॉकवे और चीनावाला ब्रिज जाएंगे। शनिवार सुबह वे कोच्चि में आगे की बैठकों में शामिल होने से पहले चेराई बीच जाएंगे। कुमार ने जून 2001 से जुलाई 2004 तक एर्णाकुलम जिले के जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया, जिसके दौरान गोश्री पुल और मरीन ड्राइव के नवीनीकरण सहित कई विकास परियोजनाएं चलाई गईं। केरल कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी, कुमार ने केंद्र में जाने से पहले राज्य में विभिन्न पदों पर कार्य किया और पिछले साल उन्हें भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद का दायित्व सौंपा गया।

### परीक्षा का अंतिम चरण


तिरुवनंतपुरम। केरल में 10 की परीक्षा देने से पहले बच्चे एक परीक्षा केंद्र पर गुरुवार को रिवीजन करते हुए।

### भागवत ने अहमदाबाद में स्वामीनारायण मंदिर में एक समारोह को संबोधित किया

# सामाजिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है सनातन धर्मः भागवत

*जाति के नाम पर भेदभाव धर्म और समाज दोनों को पहुंचाता है नुकसान*

भाषा ⏭ अहमदाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि सनातन धर्म सामाजिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है। उन्होंने साथ ही कहा कि जाति के नाम पर भेदभाव किया जाना धर्म और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाता है। भागवत ने यहां के निकट जेतलपुर गांव में स्वामीनारायण मंदिर में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की प्रत्येक रचना का एक उद्देश्य होता है और सभी के प्रति अपनेपन की भावना सामाजिक सद्भाव का सार है। उन्होंने कहा, ‟ईश्वर की सृष्टि में सूखी घास के तिनके का भी कोई न कोई उद्देश्य होता है। सभी को इसी भाव से अपनाना और हृदय में अपनेपन की भावना रखना ही सामाजिक समरसता कहलाता है।



### बोले-हर व्यक्ति ईश्वर की रचना

भागवत ने कहा कि हर व्यक्ति ईश्वर की रचना है। ऊंच-नीच का भेद आखिर कहां से आया? जाति और वर्ग व्यवस्थाएं शायद मौजूद थीं, लेकिन इनका उद्देश्य भेदभाव करना नहीं था। जब इस तरह की व्यवस्था में भेदभाव प्रवेश कर जाता है, तो यह धर्म और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाता है।" उन्होंने कहा कि धर्म केवल शास्त्रों, भाषणों या कल्पना तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहार और आचरण में भी विद्यमान होता है। भागवत ने कहा, "जब हम सनातन धर्म का पालन करते हैं, तो धर्म की रक्षा स्वतः ही हो जाती है। धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए लोगों में एकता आवश्यक है। यदि आप धर्म और संस्कृति की रक्षा करना चाहते हैं, तो उनका पालन करने वालों की रक्षा करें।" उन्होंने कहा कि एकता से ही सुरक्षा मिलती है और ताकत भी इसी से उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि लोगों को एकजुट करने के लिए मन में अपनेपन और पूर्णता की भावना होनी चाहिए और ऐसा दृष्टिकोण ही वर्तमान समय में सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान है।

# एपल ने लॉन्च किया सबसे सस्ता लैपटॉप मैकबुक नियो

## ⏭ शुरुआती कीमत 69,990 रुपये, इसमें आईफोन वाली ए18 प्रो चिप, 11 मार्च से शुरू होगी सेल

एजेंसी ⏭ कैलिफोर्निया

दिग्गज टेक कंपनी एपल ने अपना अब तक का सबसे किफायती लैपटॉप 'मैकबुक नियो' लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसे उन यूजर्स के लिए पेश किया है जो कम बजट में मैकबुक का अनुभव लेना चाहते हैं। इसकी शुरुआती कीमत भारत में 69,990 रुपये रखी गई है। मैकबुक नियो में ए18 प्रो चिपसेट दिया गया है। ये 6-कोर सीपीयू और 5-कोर जीपीयू के साथ आता है। इसमें 16-कोर वाला न्यूरल इंजन (एनपीयू) भी है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टास्क को तेजी से प्रोसेस करता है। ये चिप आईफोन 16 प्रो में मिलती थी। एपल का दावा है कि स्मार्टफोन चिपसेट होने के बावजूद यह लैपटॉप ब्राउजिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग, फोटो एडिटिंग और डेली ऑफिस वर्क को बड़ी आसानी से हैंडल कर सकता है।



### 13-इंच की स्क्रीन और चार कलर्स

डिजाइन के मामले में यह काफी हद तक मैकबुक एयर जैसा दिखता है। इसमें 13-इंच की लिक्विड रेटिना (आईपीएस एलसीडी) डिस्प्ले दी गई है। इसे टिकाऊ एल्युमिनियम एनक्लोजर से बनाया गया है और यह चार कलर्स- ब्लश, इंडिगो, सिल्वर और सिट्रस में उपलब्ध होगा।

### बैटरी लाइफ और स्टोरेज ऑप्शन्स

एपल के मुताबिक, मैकबुक नियो को एक बार फुल चार्ज करने पर 16 घंटे तक का वीडियो प्लेबैक टाइम मिलता है। इसमें 36.5 डब्ल्यूएच की बैटरी लगी है। इसे बॉक्स में मिलने वाले 20डब्ल्यू के यूएसबी-सी पावर अडैप्टर से चार्ज किया जा सकता है।
⏭ **मेमोरी:** 8 जीबी की यूनिफाइड मेमोरी दी गई है। ⏭ **स्टोरेज:** 256 जीबी और 512जीबी स्टोरेज ऑप्शन।

### कनेक्टिविटी-एक्सटर्नल डिस्प्ले सपोर्ट

इसमें एक यूएसबी3 टाइप-सी पोर्ट दिया गया है, जो डिस्प्ले पोर्ट की तरह भी काम करता है। इसके अलावा एक दूसरा यूएसबी-2 टाइप-सी पोर्ट और 3.5एमएमए का हेडफोन जैक भी मिलता है। यह 60एचजेड रिफ्रेश रेट पर एक एक्सटर्नल 4के डिस्प्ले को सपोर्ट कर सकता है।

### कीमत और उपलब्धता

भारत में मैकबुक नियो की शुरुआती कीमत 69,990 रुपए है। इसके लिए प्री-ऑर्डर एपल की वेबसाइट पर शुरू हो गए हैं। इसकी बिक्री 11 मार्च से शुरू होगी। यह लेटेस्ट एमएसीओएस पर काम करेगा। वीडियो कॉल के लिए इसमें 1080पी फेसटाइम एचडी कैमरा और स्पेशियल ऑडियो सपोर्ट वाले डुअल स्पीकर दिए गए हैं।

### किसके लिए है यह लैपटॉप?

⏭ **स्टूडेंट्स के लिए:** पढ़ाई, प्रोजेक्ट्स और ऑनलाइन क्लासेज के लिए यह बेस्ट है।
⏭ **बेसिक ऑफिस वर्क:** अगर आपका काम केवल ईमेल, एक्सेल और ब्राउजिंग का है।
⏭ **एपल इकोसिस्टम:** जो लोग कम बजट में पहली बार विंडोज से मैक पर शिफ्ट होना चाहते हैं।

### क्या है ए18 प्रो चिप?

यह वही प्रोसेसर है जो एपल के आईफोन 16 प्रो में मिलता है। यह बहुत ही कम बिजली की खपत करता है, जिससे लैपटॉप गर्म नहीं होता और बैटरी ज्यादा चलती है।

# पीएनबी ने एटीएम से कैश निकालने की लिमिट 50 फीसदी घटाई

## 1 अप्रैल से लागू होंगे नए नियम कार्ड्स पर सिर्फ 50 हजार ही निकलेंगे

**मुंबई।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने चुनिंदा डेबिट कार्ड्स (एटीएम कार्ड) से रोजाना कैश निकालने की लिमिट को आधा कर दिया है। नए नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। बैंक ने यह फैसला रिस्क कंट्रोल को मजबूत करने और ग्राहकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लिया है। पीएनबी ने अपने डेबिट कार्ड्स को दो मुख्य कैटेगरी में बांटकर लिमिट रिवाइज की है। जिनकी डेली लिमिट पहले 1 लाख रुपए थी, इसे अब 50 हजार रुपए कर दिया है। वहीं दूसरी कैटेगरी में प्रीमियम कार्ड्स की लिमिट 1.5 लाख रुपए से घटाकर 75 हजार रुपये कर दी गई है।

### सुरक्षा व डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देना मकसद




बैंक ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि यह बदलाव सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया है। बैंक का मानना है कि कैश निकालने की लिमिट कम होने से फ्रॉड के मामलों में ग्राहकों को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही बैंक ग्राहकों को कैश के बजाय डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षित ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है।

### एप या इंटरनेट बैंकिंग से खुद बदल सकते हैं लिमिट

अगर ग्राहक अपनी संशोधित लिमिट के भीतर ही बदलाव करना चाहते हैं, तो बैंक ने इसके लिए कई विकल्प दिए हैं। ग्राहक पीएनबी वन मोबाइल एप, इंटरनेट बैंकिंग, वॉट्सएप बैंकिंग या आईवीआर (कॉल) के जरिए अपनी डेली लिमिट सेट या रिसेट कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिये 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। बीओबी ने बयान में कहा कि इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है।

### ईरान संघर्ष लंबा खिंचने पर कंपनियों की कमाई पर असर पड़ेगा : रिपोर्ट

**मुंबई (भाषा)।** कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर मौजूदा ईरान संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक बना रहता है, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। इसमें आगे कहा गया कि तेल और गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव डाल सकती हैं। बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया, ''हमें कॉरपोरेट आय में कुछ गिरावट के जोखिम की आशंका है। खासकर यदि यह संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक चलता है, तो ऐसा हो सकता है।''

### हरित विकास का मॉडल बनकर उभर रहा पश्चिम बंगाल: अमित मित्रा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रधान मुख्य सलाहकार अमित मित्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य चक्रीय (संसाधनों के महत्तम उपयोग) अर्थव्यवस्था, नवीकरणीय ऊर्जा और जल संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों के संयोजन के जरिये हरित विकास का एक मॉडल बनकर उभर रहा है। पश्चिम बंगाल में वित्त विभाग के सलाहकार मित्रा ने यहां 'बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के स्थिरता सम्मेलन में कहा कि राज्य सरकार जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के साथ आजीविका सृजन पर केंद्रित कई पहल कर रही है।

### एम्बैसी रीट ने डिबेंचर जारी कर 1,400 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** रियल्टी कंपनी, एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट ने 'डिबेंचर' जारी करके 1,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एक्सचेंज में बृहस्पतिवार को दायर एक नियामकीय सूचना में, कंपनी ने कहा कि उसने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके 1,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सूचना में कहा गया है कि इस निर्गम की कीमत 10 साल के समय के लिए 7.49 प्रतिशत के आकर्षक निश्चित कूपन पर रखी गई थी और इसे भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनियों में से एक ने पूरी तरह हासिल किया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## निफ्टी 24,700 के पार, ऑटो और एनर्जी शेयर्स में खरीदारी

# शेयर बाजार में लौटी तेजी सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा

**वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.84 % बढ़कर 82.90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल**

भाषा ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 285 अंक की तेजी रही। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच हाल की गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के अनुरूप घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और यह 899.71 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,187.64 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 285.40 अंक यानी 1.17 प्रतिशत चढ़कर 24,765.90 पर बंद हुआ। इसके साथ बाजार में लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरग्लोब एविएशन प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.84 प्रतिशत बढ़कर 82.90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।



**बाजार में लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थमा**

### एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, 'भारतीय शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। इसके साथ कई दिनों से जारी तेज गिरावट का सिलसिला थम गया। पश्चिम एशिया के संघर्ष के छठे दिन में प्रवेश करने के साथ, स्थिति के समाधान या और अधिक बढ़ने को लेकर अनिश्चितता है। इससे बाजार प्रतिभागियों ने सतर्क रख अपनाया है और वे सोच-विचार कर कारोबार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'पिछले सत्रों में जो घबराहट देखने को मिली थी, उसमें अब कुछ कमी देखी जा रही है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इंडिया उतार-चढ़ाव सूचकांक (इंडिया वीआईएक्स) हाल के उच्च स्तर से 15 प्रतिशत से अधिक नीचे आया है।'

### ये भी मजबूत रहे

छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.74 प्रतिशत उछला जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.36 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,803 शेयर लाभ में रहे जबकि 1,453 में गिरावट आई। वहीं 141 के शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

### यूरोप के बाजार बढ़े

यूरोप के बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 8,752.65 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 12,068.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 1,122.66 अंक टूटकर 79,116.19 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 385.20 अंक की गिरावट के साथ 24,480.50 अंक पर रहा था।

### पेट्रोलियम कंपनियों के शेयर दो दिन की गिरावट के बाद बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली (भाषा)।** दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के शेयरों में बढ़त देखी गई। निचले स्तर पर लिवाली और बाजार में सुधार के कारण हिंदुस्तान पेट्रोलियम का शेयर 4.19 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम का 1.19 प्रतिशत और इंडियन ऑयल का 0.59 प्रतिशत बढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स चार दिन की गिरावट के बाद 899.71 अंक यानी 1.14 प्रतिशत बढ़कर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले पश्चिम एशिया में गहराते संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के चलते बुधवार को इन कंपनियों के शेयरों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई थी। पिछले चार दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थामते हुए बीएसई सेंसेक्स 899.71 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की मजबूत बढ़त के साथ 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,187.64 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह, एनएसई निफ्टी भी 285.40 अंक यानी 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,765.90 अंक पर बंद हुआ।

# एयर इंडिया शुरू करेगी हनोई-दिल्ली और मुंबई-तोक्यो के लिए सीधी उड़ानें

## जून तिमाही से शुरू होंगी उड़ानें लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

भाषा ⏭ मुंबई




टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एशिया में अपने नेटवर्क विस्तार के तहत हनोई-दिल्ली और तोक्यो (हानेडा)-मुंबई मार्गों पर सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। ये सेवाएं इसी साल जून तिमाही से शुरू होंगी। वर्तमान में एयर इंडिया राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और जापान के तोक्यो के लिए उड़ानें संचालित कर रही है। नई योजनाओं के अनुसार, एक मई से हनोई के लिए, सप्ताह में पांच दिन उड़ानें शुरू होंगी। इन उड़ानों के लिए 'ए320 नियो' विमान का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी श्रेणी की सुविधा होगी। एयर इंडिया के अनुसार, इस नए मार्ग के खुलने से वियतनाम के लिए हर महीने 7,028 सीटें जुड़ेंगी। वियतनाम वर्तमान में दक्षिण-पूर्व एशिया का तीसरा सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है, जहां 2025 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। जापान के लिए विस्तार करते हुए एयर इंडिया जून से मुंबई और तोक्यो (हानेडा) के बीच सप्ताह में चार बार सीधी उड़ानें संचालित करेगी। इसके लिए बोइंग 787-8 विमान का उपयोग किया जाएगा। जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 3.15 लाख से अधिक भारतीयों ने जापान की यात्रा की, जो 2024 के मुकाबले 35 प्रतिशत की वृद्धि है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट अवधि की चुनौती: आरबीआई एमपीसी सदस्य

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट अवधि की चुनौती है, लेकिन इससे लंबे समय में आर्थिक वृद्धि की गति प्रभावित नहीं होगी।




कुमार ने कहा कि जीडीपी वृद्धि दर को उच्च पथ पर ले जाने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों को समन्वित तरीके से काम करने की जरूरत है। मौजूदा हालात में तेल की कीमतों में वृद्धि, निर्यात में व्यवधान और धनप्रेषण पर प्रभाव को वृद्धि के मोर्चे पर तत्काल चुनौतियों के रूप में पहचाना गया है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक ई-मेल साक्षात्कार में कहा, ''पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि, क्षेत्र को होने वाले निर्यात में बाधा और धनप्रेषण में कमी के साथ ही भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा जैसी चुनौतियां सामने आई हैं।'' उन्होंने उल्लेख किया कि निकट भविष्य में अमेरिका-इजराइल हमलों के साथ संघर्ष तेज होने और तेल की कीमतों में तेजी की आशंका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस क्षेत्र में दुनिया के उच्च दांव को देखते हुए संकट जल्द ही हल हो जाएगा। कुमार ने कहा कि तेल के स्रोतों में विविधता लाकर जोखिमों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''भारत के लिए वेनेजुएला से तेल आपूर्ति का खुलना भी मददगार हो सकता है।

### पंजाब: बजट सत्र छह मार्च से, बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ते कर्ज का मुद्दा उठाने की रहेगी कोशिश

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब विधानसभा के छह मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र में तीखी बहस होने की संभावना है क्योंकि विपक्षी कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) कानून व्यवस्था की 'बिगड़ती' स्थिति तथा राज्य के बढ़ते कर्ज जैसे प्रमुख मुद्दों पर भगवंत मान सरकार को घेरने की कोशिश करेंगे।



इस बीच, आम आदमी पार्टी (आप) सरकार आठ मार्च को प्रत्येक महिला को 1,000 रुपये देने के अपने चुनावी वादे को पूरा कर सकती है। इसी दिन वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा राज्य का बजट पेश करेंगे। संभावित कार्यक्रम के अनुसार, सत्र की शुरुआत छह मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण और श्रद्धांजलि के साथ होगी। राज्य का बजट आठ मार्च को पेश किया जाएगा। पूर्व में बजट को कार्यदिवस पर पेश करने की प्रथा थी लेकिन इस बार इसे रविवार को पेश किया जाएगा। आम आदमी पार्टी सरकार ने पहले ही हर महिला को 1,000 रुपये की मासिक सहायता देने के अपने वादे को पूरा करने का संकेत दे दिया है। पिछले महीने मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था कि इस चुनावी वादे को बजट में पूरा किया जाएगा। यह पंजाब में 'आप' सरकार द्वारा पेश किया जाने वाला आखिरी बजट होगा। राज्य में 2027 की शुरुआत में चुनाव होने हैं। सत्र के अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा नौ मार्च को होगी।


### सीआईसी का सुझाव, करदाता अनुकूल व्यवस्था को संस्थागत रूप दे आयकर विभाग

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने इस बात पर चिंता जतायी है कि करदाताओं को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अक्सर कई विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसको देखते हुए सीआईसी ने आयकर विभाग को 'करदाता-अनुकूल प्रणाली को संस्थागत रूप देने की' की सलाह दी है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कई आकलन वर्षों में आवेदक के खाते में जमा किए गए स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) में 'विसंगतियों' से संबंधित एक शिकायत का निपटारा करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की। आयोग ने पाया कि ऐसे कई मामलों में, करदाताओं को विसंगतियों को दूर करने के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा, ''ऐसे मामलों में, करदाता को आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा जारी किए गए प्रपत्र 16 और आयकर विभाग द्वारा रखे गए प्रपत्र 26एएस के बीच विसंगतियों के समाधान के लिए प्रायः दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि पहले कटौती करने वाले संबंधित अधिकारी /डीडीओ पर जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, जो वैधानिक रूप से टीडीएस को सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार हैं।''सीआईसी ने कहा कि अधिकारी कभी-कभी कर कटौती की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार कटौती प्राधिकारी के बजाय व्यक्तिगत करदाता पर ध्यान देने का 'सबसे आसान रास्ता' अपनाते हैं।

## पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने इन शुल्कों को असंवैधानिक घोषित किया था

# अमेरिकी अदालत का बड़ा फैसला: 'ट्रंप टैरिफ' रद्द, कंपनियों को मिलेगा रिफंड

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर एक अहम कानूनी फैसला सामने आया है। न्यूयॉर्क के एक संघीय न्यायाधीश ने कहा है कि जिन कंपनियों ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आयात शुल्क का भुगतान किया था, वे अब उस राशि की वापसी (रिफंड) पाने की हकदार होंगी। यह फैसला पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन शुल्कों को असंवैधानिक घोषित किए जाने के बाद आया है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के न्यायाधीश Richard



Eaton ने अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सभी आयातक सुप्रीम कोर्ट के फैसले का लाभ उठाने के पात्र हैं। अदालत के अनुसार, जिन कंपनियों ने इन शुल्कों का भुगतान किया है, वे अब धन वापसी का दावा कर सकती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने शुल्क को बताया असंवैधानिक

दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने पिछले वर्ष आईईईपीए के तहत भारी आयात कर लगाए थे। यह कानून सामान्य तौर पर राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में आर्थिक प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 फरवरी के फैसले में कहा कि इस कानून के तहत राष्ट्रपति को आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि कराधान से जुड़े अधिकार अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के पास हैं और राष्ट्रपति एकतरफा तरीके से शुल्क तय नहीं कर सकते।

### रिफंड प्रक्रिया को लेकर मिली स्पष्टता

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में शुल्क को असंवैधानिक तो करार दे दिया था, लेकिन कंपनियों को रिफंड कैसे मिलेगा, इस पर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिया गया था। अब न्यायाधीश ईटन के आदेश से इस प्रक्रिया को लेकर स्थिति साफ हो गई है। उन्होंने कहा कि उनकी अदालत केवल आईईईपीए के तहत लगाए गए शुल्कों की वापसी से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगी। इससे उन कंपनियों को राहत मिलने की उम्मीद है, जिन्होंने इन शुल्कों के कारण अतिरिक्त लागत वहन की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से कई कंपनियां सरकार से बड़ी रकम की वापसी का दावा कर सकती हैं।

### क्या था 'ट्रंप टैरिफ' विवाद

⏭ पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने आईईईपीए कानून के तहत आयात शुल्क लगाए थे।
⏭ सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को इन शुल्कों को असंवैधानिक करार दिया।
⏭ अदालत ने कहा कि कर लगाने का अधिकार केवल कांग्रेस के पास है।
⏭ संघीय अदालत ने अब कंपनियों को शुल्क वापसी का हकदार बताया है।
⏭ फैसले से कई कंपनियों को बड़ी आर्थिक राहत मिल सकती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतीश पुत्र नरेन्द्र सिंह पता मकान नं.ए–134, गली नं.6, विकास कुंज विकास नगर, दिल्ली ने एफआईआर नं 223/15 धारा 392/394/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः **रनहोला** दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतीश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सतीश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 223/15 धारा 392/394/411/34 भा.द.स. के तहत थानाः रनहोला दिल्ली के उक्त सतीश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अंकित करण सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08**
**वेस्ट जिला, कमरा नं. 30,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/2646/OD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निखिल पुत्र** लांगुरिया, **निवासी** जी–ब्लॉक, पुरानी सीमापुरी, नंद नगरी, दिल्ली, ने **FIR No. 28085/2023, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निखिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निखिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 28085/2023, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **निखिल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,**
**शाहदरा जिला, कमरा संख्या–19, प्रथम तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2865/NE/2026**
**(Court Matter)**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा को संशोधित विवरणों के साथ पुनः आमंत्रित करते हैं क्योंकि पहले आमंत्रित की गई निविदा जिसे 20.03.2026 को खोला जाना था उसे रदद कर दिया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | दिल्ली सफदरजंग स्टेशन (DSJ) पर टर्मिनल परीक्षण सुविधा के लिए, नए प्लेटफॉर्म नम्बर 4 और 5 आईलैण्ड प्लेटफार्म के निर्माण के साथ यार्ड रिमोडलिंग का कार्य, (BLT) बालास्टलैस ट्रैक के साथ वॉशेबल एपरन (Washable apron) का प्रावधान, और प्लेटफॉर्म नम्बर 4 और 5 पर पीएफ ड्रेन (PF Drain का प्रावधान इत्यादि सम्बन्धित कार्य करने हेतु। |
| 2. | अनुमानित लागत | रुपये 22,37,90,214.86 |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 18 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 12,69,000.00 |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दिनांक 13.03.2026 से 11:30 बजे दिनांक 27.03.2026 11.30 बजे तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं तथा उसके बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक बिडों को 11.30 बजे दिनांक 27.03.2026 को खोला जाएगा। |
| 6. | विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 06.03.2026 से 27.03.2026 तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा से संबंधित अन्य सभी शर्तें और निबंधन निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। |

सं0 496–ए–एकाउन्टस–डीएसजे–यार्ड रिमोडलिंग दिनांकः 05.03.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 746/26

मैन ऑफ द मैच




## हार्दिक ने दो और बुमराह ने एक विकेट झटका, अब न्यूजीलैंड से रविवार को खिताबी मुकाबला

# सैमसन के अर्धशतक से भारत फाइनल में, बेथेल के शतक के बावजूद इंग्लैंड सात रन से हारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुंबई, पांच मार्च (भाषा) संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां जैकब बेथेल के आक्रामक शतक के बावजूद इंग्लैंड को सात रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। भारत के 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम बेथेल (105 रन, 48 गेंद, सात छक्के, आठ चौके) के शतक और विल जैक्स (35 रन, 20 गेंद, चार चौके, दो छक्के ) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 77 तथा सैम कुरेन (18) के साथ छठे विकेट की 50 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी।



भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 38 रन देकर दो विकेट चटकाए। बुमराह ने चार ओवर में सिर्फ 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया जो निर्णायक साबित हुआ। वरुण चक्रवर्ती ने 64 रन लुटाकर एक विकेट चटकाया जो इस प्रारूप में भारत की ओर से सबसे महंगे स्पैल है। भारत अब फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और टी20 विश्व का खिताब बचाने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रचने की कोशिश करेगा। सैमसन ने इससे पहले 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39 रन, 18 गेंद, चार चौके दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर है। पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद (41 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशः 61 और 53 रन लुटाए। आर्चर को एक विकेट मिला जबकि कुरेन की झोली खाली रही। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 68 रन बनाकर मिश्रित शुरुआत की। पंड्या ने पारी के दूसरे ओवर की अपनी पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट (05) को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया।

### भारत- 253/7

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन का सॉल्ट बो जैक्स | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सॉल्ट बो जैक्स | 09 |
| इशान किशन का जैक्स बो राशिद | 39 |
| शिवम दुबे रन आउट | 43 |
| सूर्यकुमार स्टं बटलर बो राशिद | 11 |
| हार्दिक पंड्या रन आउट | 27 |
| तिलक वर्मा बो आर्चर | 21 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 02 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 |

अतिरिक्त:12

कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 253 रन

विकेट पतन: 1-20, 2-117, 3-160, 4-190, 5-212, 6-236, 7-251

गेंदबाजी: आर्चर 4-0-61-1, जैक्स 4-0-40-2, ओवरटन 3-0-36-0, कुरेन 4-0-53-0, राशिद 4-0-41-2, डॉसन 1-0-19-0,

### इंग्लैंड-246/7

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का अक्षर बो पंड्या | 05 |
| जोस बटलर बो चक्रवर्ती | 25 |
| हैरी बूक का अक्षर बो बुमराह | 07 |
| जैकब बेथेल रन आउट | 105 |
| टॉम बेंटन बो अक्षर | 17 |
| विल जैक्स का दुबे बो अर्शदीप | 35 |
| सैम कुरेन का तिलक बो पंड्या | 18 |
| जेमी ओवरटन नाबाद | 02 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 19 |

अतिरिक्त: 13

कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 246 रन

विकेट पतन: 1-13, 2-38, 3-64, 4-95, 5-172, 6-222, 7-225

गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-51-1, पंड्या 4-0-38-2, बुमराह 4-0-33-1, चक्रवर्ती 4-0-64-1 अक्षर 3-0-35-1, दुबे 1-0-22-0

---

## खबर संक्षेप

### फाइनल में प्रवेश और बच्चे के जन्म के कारण हेनरी को मिली दोहरी खुशी

**कोलकाता।** घर पर अपने बेटे के जन्म का जश्न मनाने से लेकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में निर्णायक अंतिम ओवर फेंकने तक न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने भावनाओं से भरे सप्ताह का समापन किया। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हेनरी 27 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के मैच के बाद अपने बच्चे के जन्म के लिए घर लौट गए थे।

### यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है: अफ्रीकी कोच कॉनराड

**कोलकाता।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को



'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली।

### आईसीसी के हस्तक्षेप के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों का पहला जत्था भारत से रवाना

**नई दिल्ली।** खाड़ी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भी भारत में फंसी जिम्बाब्वे की क्रिकेट टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार स्वदेश रवाना हो गई। जिम्बाब्वे के लिए यह टी20 विश्व कप यादगार रहा। उसने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई, लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाया।

---

## हांगकांग के लोंग को हराया

### लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बर्मिंघम (भाषा)।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने बेहद तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हांगकांग के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट के खिलाफ अपने मैच में 19-21 8-9 से पिछड़ने के बाद चोटिल होकर मैच से हट गई। लक्ष्य ने कहा, " शुरुआती दोनों गेम बहुत ही प्रतिस्पर्धी रहे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही दमदार खेल था। दूसरे गेम भी वापसी करने का श्रेय लोंग को जाता है। मुझे लगता है कि दूसरे गेम के अंत में मैं खुलकर नहीं खेल पाया और उन्हें कई आसान शॉट दे दिए जिन पर उन्होंने आसानी से अंक हासिल कर लिया। उन्होंने कहा, " मुझे लगता है कि मैं तीसरे गेम में पूरी ताकत से खेलने के लिए तैयार था और तीसरे गेम में अपने खेल से खुश हूं।" लक्ष्य ने कहा, " रणनीतिक रूप से मैं दोनों गेमों में सही खेल रहा था और हां, बस आखिरी कुछ अंकों को भुनाने की अपनी योजना पर मैं कायम नहीं रह पाया और कई आसान गलतियां कर दीं।




---

## प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज में माघसूदलू ने गुकेश को ड्रॉ पर रोका

**प्राग (चेक गणराज्य) (भाषा)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश की जीत की तलाश जारी रही जब ईरान के परहम माघसूदलू ने यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के सातवें दौर में भारतीय खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोक दिया। प्रतियोगिता में अब सिर्फ दो दौर बाकी हैं और गुकेश दो अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं। गुकेश और माघसूदलू 49 चाल के बाद बाजी को ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश ने चार बाजी ड्रॉ खेली जबकि तीन बाजियों में उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीयों में गत चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ ड्रॉ खेला और सात बाजियों बाद उनके 3.5 अंक हैं। सातवें दौर में जीत दर्ज करने वाले एकमात्र खिलाड़ी जर्मनी के विन्सेंट केमर थे जिन्होंने स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया। नीदरलैंड के जोर्डन वैन फॉरेस्ट पांच अंक के साथ अपने सबसे करीबी प्रतिस्पर्धियों चेक गणराज्य के डेविड नवारा और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर आधा अंक की बढ़त बनाए हुए हैं। चैलेंजर्स वर्ग में ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने एक और अच्छा नतीजा हासिल करते हुए डेनमार्क के जोनास बुहल बजेरे को ड्रॉ पर रोका जबकि ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली ने आखिरकार चीन के जिनर झू को हराकर अपनी पहली जीत हासिल की।

> गुकेश और माघसूदलू 49 चाल के बाद बाजी को ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए




---

### जम्मू-कश्मीर की रणजी ट्रॉफी जीत निवेश का असर दिखाती है: शाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की हालिया जीत इस क्षेत्र में क्रिकेट ढांचे का विकास करने में 'लगातार निवेश' के असर को दिखाती है। जम्मू-कश्मीर ने पिछले हफ्ते हुबली में आठ बार के चैंपियन कर्नाटक को ड्रॉ पर रोककर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। टीम ने कर्नाटक पर पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की थी। जम्मू-कश्मीर की विजेता टीम के सदस्यों से मिलने के बाद शाह ने कहा, "भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक शानदार अध्याय लिखने के लिए पूरी जम्मू-कश्मीर टीम और क्रिकेट जगत को बधाई। उनकी तरक्की इस इलाके में जमीनी स्तर के क्रिकेट और बुनियादी ढांचे में लगातार निवेश के सकारात्मक असर को दिखाती है।"



---

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद के टेस्ट मैच में भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

**पर्थ (भाषा)।** वनडे श्रृंखला में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली श्रृंखला का भी समापन होगा जिसमें भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है। भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर अक्टूबर में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी20 श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। जहां टी20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे।



---

## आर्सेनल ने ब्राइटन को हराकर खिताब का दावा मजबूत किया

लंदन, पांच मार्च (एपी) आर्सेनल ने ब्राइटन को 1–0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2–2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ। राइट विंगर बुकायो साका का नौवें मिनट में किया गया गोल आर्सेनल को जीत के लिए काफी था। इस जीत से आर्सेनल के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं।




---

## ईस्ट बंगाल और एफसी गोवा का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा



**कोलकाता (भाषा)।** ईस्ट बंगाल एफसी और एफसी गोवा के बीच बृहस्पतिवार को यहां खेला गया इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मुकाबला बराबरी पर छूटा। यहां के विवेकानंद युवा भारती कृडांगन में खेले गये मैच में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। इस ड्रॉ के बाद एफसी गोवा चार मैचों में आठ अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि ईस्ट बंगाल एफसी सात अंकों के साथ एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर है। एफसी गोवा के मिगुएल फेरेइरा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

---

## वेस्टइंडीज टीम के घर लौटने के लिए चार्टर्ड उड़ान का इंतजाम

**कोलकाता (भाषा)।** कैरबियाई टीम के ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के कारण अंतरराष्ट्रीय वायु क्षेत्र पर लगी पाबंदियों के कारण चार दिन से अधिक समय तक शहर में फंसे रहने के बाद वेस्टइंडीज टीम के घर लौटने के लिए चार्टर्ड उड़ान का इंतजाम किया गया है। बृहस्पतिवार को एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, "वेस्टइंडीज टीम के सदस्यों के स्वदेश लौटने के लिए एक चार्टर्ड उड़ान का इंतजाम किया गया है।" वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने ट्वीट किया, "एक अपडेट मिला। वेस्टइंडीज बस यही चाहता था।"

इससे कुछ घंटे पहले सैमी ने सोशल मीडिया पर अपनी निराशा जाहिर की थी। रविवार को सुपर आठ चरण में भारत से हारने के बाद टी20 विश्व कप से बाहर हुई वेस्टइंडीज की टीम खाड़ी क्षेत्र के कुछ हिस्सों से वायु क्षेत्र पर लगी पाबंदियों के कारण स्वदेश वापस नहीं जा पा रही थी। अपनी निराशा जाहिर करते हुए सैमी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "मैं बस घर जाना चाहता हूं।" चार घंटे बाद वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने अपनी यात्रा योजनाओं पर स्पष्टता मांगते हुए एक और पोस्ट किया।



---

## वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में भाग लेगी भारतीय युवा टीम

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय युवा मुक्केबाजी टीम आठ से 15 मार्च तक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में भाग लेगी। भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में खेलने के लिए गुरुवार को बैंकॉक रवाना हो गई। भारतीय टीम युवा ओलंपिक भार वर्गों में अपनी चुनौती पेश करेगी जिससे यह टूर्नामेंट युवा ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने और उसकी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बन गया है। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल मिलाकर 10 सदस्यीय टीम उतारी है। महिला टीम में गुंजन (48 किग्रा), चंद्रिका भोरेशी पुजारी (51 किग्रा), जॉयश्री देवी चिरोम (54 किग्रा), राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) और प्राची (60 किग्रा) शामिल हैं। पुरुष वर्ग में अम्बेकर मीतेई लैरेनलाकपम (50 किग्रा), उधम सिंह राघव (55 किग्रा), साहिल दुहान (60 किग्रा), अमन सिवाच (65 किग्रा) और प्रियांश सहरावत (70 किग्रा) अपनी चुनौती पेश करेंगे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा,"वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप हमारे युवा मुक्केबाजों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने और दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों के सामने खुद को परखने का महत्वपूर्ण मंच है।



---

## महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी: दीया यादव ने ठोका शानदार दोहरा शतक, नाबाद 206 रन बनाए

# हरियाणा ने त्रिपुरा को 247 रन से दी शिकस्त

दीया यादव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट में हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए त्रिपुरा को 247 रन से हराया। मुकाबला सीएपी ग्राउंड पुदुचेरी में खेला गया। हरियाणा की ओर से दीया यादव ने तुफानी बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 206 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए दीया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, तनिषा शर्मा और कप्तान सोनिया ने भी शानदार अर्धशतक जमाया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा की शुरूआत शानदार रही। ओपनर बल्लेबाज दीया और तनिषा ने ताबड़तोड बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 181 रन जोड़े। 181 रन पर तनिषा के आउट होने के बाद भी हरियाणा की टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रहा। दीया और सोनिया मेहंदियां ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 160 रन की साझेदारी की। हरियाणा ने 50 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 356 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। हरियाणा की ओर से दीया ने 147 गेंदों पर 22 चौके, सात छक्के और 140.14 के स्ट्राइक रेट के साथ नाबाद 206 रन बनाए। वहीं, तनिषा ने 79 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा कप्तान सोनिया मेहंदियां ने 47 गेंदों पर पांच चौको की मदद से 52 रन बनाए। त्रिपुरा की ओर से अम्बेशा दास ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में त्रिपुरा टीम की शुरूआत तो ठीक-ठाक रही, लेकिन 38 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। त्रिपुरा की टीम 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 109 रन ही बना सकी और हरियाणा ने 247 रन से मैच जीता। त्रिपुरा की ओर से अम्बेशा दास ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। हरियाणा की ओर से अमनदीप कौर, सोनिया, गुलशन अली और रितु देवी सभी ने कसी हुई गेंदबाजी की। अमनदीप ने 10 ओवर में पांच मेडन और 17 रन देकर दो विकेट, गुलशन अली ने 10 ओवर तीन मेडन व 17 रन और रितु देवी ने 10 ओवर में तीन मेडन व 16 रन देकर तीन विकेट लिए।




---

## महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट में हिमाचल को 68 रन से हराया

# हिमाचल की साक्षी एस ठाकुर ने 6 और मुंबई की कशिश ने 5 विकेट झटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट में मुंबई ने हिमाचल प्रदेश को 68 रन से हराया है। मुकाबला चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम लाहली रोहतक में खेला गया। लाहली स्टेडियम की पिच गेंदबाजों को मदद करती है और रन कम बनते हैं। वीरवार को खेले गए मुंबई और हिमाचल प्रदेश के मैच में भी गेंदबाजों को बोलबाला रहा और मुकाबला लो स्कोरिंग रहा। हिमाचल की साक्षी एस ठाकुर ने 6 विकेट और मुंबई की कशिश ने पांच विकेट लिए।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की टीम की शुरूआत तो अच्छी रही। 89 रन पर दूसरा विकेट गिरने के बाद एक के बाद एक विकेट गिरते गए और पूरी 41.2 ओवर में 135 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई की ओर से सानिका ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। फातिमा जाफर ने 18 रन, साध्वी संजय ने 20 रन का योगदान दिया। हिमाचल की ओर से साक्षी एस ठाकुर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में एक मेडन और 28 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके जवाब में हिमाचल प्रदेश की टीम ने मुंबई के गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिए। हिमाचल टीम की न तो शुरूआत रही और ना ही अंत के बल्लेबाज कुछ कर पाए। हिमाचल की पूरी टीम 30.2 ओवर में केवल 67 रन पर सिमट गई। हिमाचल की ओर से सबसे ज्यादा मनीषा ने 26 रन की पारी खेली है। मुंबई ने मुकाबला 68 रन से अपने नाम कर लिया। मुंबई की ओर से कशिश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 8.2 ओवर में दो मेंडन और 14 रन देकर पांच विकेट लिए। इसके अलावा एच पाटिल ने तीन और अश्विनी ने दो विकेट लिए।

> ■ मुंबई की ओर से सानिका ने सबसे ज्यादा 43 रन और साध्वी संजय ने 20 रन का योगदान दिया

## खबर संक्षेप

### कांगो में खदान धंसने से कम से कम 200 की मौत

**गोमा।** पूर्वी कांगो में एक प्रमुख कोल्टन खनन स्थल पर एक खदान धंसने से कम से कम 200 लोगों की मौत हो गई। कांगो के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि खदान को नियंत्रित करने वाले विद्रोही समूह ने इस संख्या को गलत बताया है। खदान मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एम23 विद्रोहियों के नियंत्रण वाली रुबाया खदान मंगलवार को धंस गई।

### ब्रिटनी स्पीयर्स गिरफ्तार किए जाने के बाद रिहा

**वेंट्यूरा।** पॉप गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स को दक्षिणी कैलिफोर्निया में गिरफ्तार किया गया और अगली सुबह तड़के उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। हालांकि उन पर लगाया गया आरोप स्पष्ट नहीं था। वेंट्यूरा काउंटी शेरिफ कार्यालय की वेबसाइट पर यह जानकारी दी गयी। उनकी प्रतिनिधि के साथ-साथ कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल से भी टिप्पणी मांगी है।



### कनाडा में भारतीय मूल की महिला की हत्या

**ओटावा/चंडीगढ़।** भारतीय मूल की 45 वर्षीय महिला की कनाडा के ओंटारियो प्रांत में चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। लासेल पुलिस ने यह जानकारी दी। लासेल पुलिस सेवा ने एक बयान में कहा कि यह घटना तीन मार्च को रात करीब 9:30 बजे एसेक्स काउंटी के लासेल शहर में हुई। पीड़िता की पहचान विंडसर की निवासी नैन्सी ग्रेवाल के रूप में हुई है। स्थानीय पुलिस ने आसपास रहने वाले लोगों से घटना के संबंध में कोई भी जानकारी या सबूत साझा करने की अपील की है।

### गुजरात के तीन जिलों में लगे भूकंप के झटके

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ, दाहोद और बोटाद जिलों में बृहस्पतिवार को 3.4 और 2.5 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी स्थान पर जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने इसकी पुष्टी की है।

## इजराइल या सीरिया लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने को तैयार

# ईरान पर हमलों के बाद लेबनान में शांति पर संकट, हिजबुल्ला ने और बढ़ा दिया तनाव

भाषा ▶▶| पेनसिल्वानिया

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमलों में मौत और फिर देश पर लगातार हो रहे हमलों ने लेबनान में बड़ी मुश्किल से बहाल शांति को और अधिक खतरे में डाल दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि ईरान समर्थित शिया अर्धसैनिक संगठन हिजबुल्ला की प्रतिक्रिया देश को एक बार फिर बड़े संघर्ष और अस्थिरता की ओर धकेल सकती है। खामेनेई की मौत के बाद लेबनान से सक्रिय हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल की ओर रॉकेट दागे। इसके जवाब में इजराइल ने दक्षिणी लेबनान, बेरूत और पूर्वी बेका घाटी में संगठन के ठिकानों पर नए हवाई हमले किए। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही हिजबुल्ला अब पहले जितना शक्तिशाली नहीं रहा, फिर भी उसके कदम लेबनान को गंभीर संकट में डाल सकते हैं।

- अमेरिका ने ईरान के मोबाइल मिसाइल लॉन्च ट्रक को उड़ाया




### लेबनान के भीतर भी विवाद बढ़ा

खामेनेई की हत्या के बाद हिजबुल्ला द्वारा इजराइल पर हमले किए जाने से लेबनान के भीतर भी विवाद बढ़ गया है। कई राजनीतिक नेताओं का आरोप है कि संगठन लेबनान के हितों की बजाय ईरान के हितों को प्राथमिकता दे रहा है। इस बीच लेबनानी सरकार ने दो मार्च को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिजबुल्ला की सैन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया। यह लेबनान के इतिहास में पहली बार हुआ है। हालांकि इसका प्रभाव अभी स्पष्ट नहीं है और संगठन ने अपनी सैन्य गतिविधियां जारी रखी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रतिबंध से देश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता है।

### ईरान पर मिसाइलें दागीं

ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का आज छठा दिन है। इजराइली और अमेरिकी सेनाओं ने गुरुवार को भी ईरान के अहम ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। ईरान के इजराइल और गल्फ देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के साथ अन्य जगहों पर भी हमले जारी हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई की मौत हो चुकी है। अमेरिका-इजराइल तीन दिन में 2000 से ज्यादा बम गिरा चुके हैं। युद्ध में ईरान में मरने वालों की संख्या कम से कम 1,230 हो गई है। ईरान की एक सरकारी एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

### जमीनी अभियान कर सकते हैं शुरू

विशेषज्ञों के अनुसार, हिजबुल्ला फिलहाल अमेरिका और इजराइल के खिलाफ ईरान के युद्ध में प्रभावी सैन्य सहयोगी बनने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उसकी गतिविधियां लेबनान को अस्थिर कर सकती हैं। इसके साथ ही यह आशंका भी जताई जा रही है कि हिजबुल्ला की प्रतिक्रिया को बहाना बनाकर इजराइल या सीरिया लेबनान में जमीनी अभियान शुरू कर सकते हैं।

### इज़राइल को हर हफ्ते करीब तीन अरब डॉलर का नुकसान

**यरुशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण आर्थिक गतिविधियों पर मौजूदा प्रतिबंधों के चलते इज़राइल को हर सप्ताह लगभग 9.4 अरब शेकेल का नुकसान होने की संभावना है। इज़राइली वित्त मंत्रालय ने यह चेतावनी दी है। ''टाइम्स ऑफ इज़राइल'' के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को भेजे पत्र में आर्थिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का आग्रह किया है।

### जंग के बीच नई शुरुआत, बंकर में रचाई शादी



मिशा नाम के एक शख्स ने इजराइल के तेल अवीव स्थित एक भूमिगत बम शेल्टर में शादी की। इस दौरान अपनी दुल्हन लियोर के चेहरे पर घूंघट डाला। यह शादी पहले पेटाह टिक्वा में होने वाली थी, लेकिन जंग की वजह से इसे बम शेल्टर में शिफ्ट किया गया। मिशा ने कहा- हालात कैसे भी हों नई शुरुआत होनी चाहिए। जिंदगी रुकना नहीं चाहिए।

### धमाकों के बीच उत्सव



इजराइल में यहूदी पर्व पुरिम मनाया जा रहा है। इस मौके पर तेल अवीव के एक बम शेल्टर में स्थानीय लोग एकत्रित हुए। पुरिम पर्व प्राचीन फारस में यहूदियों के नरसंहार से बचाए जाने की स्मृति में मनाया जाता है। यरुशलम में बुधवार को पुरिम पर्व मनाने के लिए सैकड़ों की तादाद में लोग जमा हुए। इस दौरान इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बम बरसा रहा था। उधर, हिजबुल्लाह भी पलटवार कर रहा था।

### डर और मजबूरी



इजराइल के बेहत शेमेश में बुधवार को सारा एलिमेलेक और उनकी बेटी रोनित के अंतिम संस्कार में शामिल लोग। इस दौरान यहां हवाई हमले के सायरन बजने लगे तो ये अलर्ट हो गए। वहीं फोटो लेबनान के बेरूत में कई परिवार इजराइली हमलों से बचने के लिए पिछले 5 दिनों से सड़कों पर रात बिता रहे हैं। इजराइल यहां हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बना रहा है।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 उड़ानें रद्द

पश्चिम एशिया संकट के कारण बृहस्पतिवार को दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर कम से कम 175 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों को पश्चिम एशिया से लाने-ले जाने के लिए कई विमानन कंपनियों ने सीमित संख्या में उड़ानें शुरू कीं। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मुंबई हवाई अड्डे पर कुल 105 उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें 40 उड़ान भरने वाली और 65 आने वाली उड़ानें शामिल थीं। उन्होंने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 रवाना होनी वालीं और 18 आने वाली उड़ानें रद्द कर दी गयीं जबकि बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 16 उड़ान भरने वाली और 14 आने वाली उड़ानें रद्द हुईं।

## समग्र सुरक्षा ठीक होने त्रिपक्षीय बैठक

# रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता का नया दौर स्थगित : जेलेंस्की

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण इस सप्ताह रूस और यूक्रेन के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली वार्ता का नया दौर स्थगित कर दिया गया है। इस बीच, अमेरिका और पश्चिम एशिया में उसके सहयोगी ईरान के शाहेद ड्रोन का मुकाबला करने के लिए कीव की विशेषज्ञता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने चार साल पहले अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला करने के बाद से उस पर हजारों मिसाइलें दागी हैं। ईरान ने अमेरिकी-इजराइली संयुक्त हमलों



के जवाब में उसी प्रकार के ड्रोन का इस्तेमाल किया है। जेलेंस्की ने बुधवार को कहा, 'फिलहाल, ईरान के आसपास की स्थिति के कारण, त्रिपक्षीय बैठक के लिए आवश्यक संकेत अभी तक नहीं मिले हैं।' लेकिन समग्र सुरक्षा ठीक होने पर हम त्रिपक्षीय राजनयिक बैठक फिर से शुरू करेंगे।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका समेत कई देशों ने ईरानी ड्रोन हमलों से बचाव में मदद के लिए यूक्रेन से संपर्क किया है।

## पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 अरब डॉलर अधिक

# चीन ने रक्षा बजट 10 प्रतिशत बढ़ाकर 275 अरब डॉलर किया

भाषा ▶▶| बीजिंग

चीन ने अपने रक्षा बजट में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करते हुए बृहस्पतिवार को इसे 275 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 अरब डॉलर अधिक है और इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को तेज कर अमेरिकी सेना के बराबर तक पहुंचना है। चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने बृहस्पतिवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) में पेश अपनी कार्य रिपोर्ट में घोषणा की कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए लगभग 1.9 ट्रिलियन युआन (करीब 275 अरब डॉलर) आवंटित किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सकल



घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी, प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय और प्रति सैनिक रक्षा खर्च जैसे प्रमुख मानकों के लिहाज से चीन का रक्षा खर्च तुलनात्मक रूप से अभी भी सीमित है। पिछले वर्ष चीन ने 2025 के लिए अपने रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 249 अरब डॉलर करने की घोषणा की थी, जो 2024 की तुलना में लगभग 17 अरब डॉलर अधिक था।

### अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बजट

अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरे सबसे बड़े रक्षा बजट वाले चीन का सैन्य खर्च पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। इससे भारत और अन्य पड़ोसी देशों पर आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपना रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है। साल 2024 में चीन ने अपने रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे लगभग 232 अरब डॉलर (1.67 ट्रिलियन युआन) कर दिया था, जो भारत के रक्षा बजट से तीन गुना से भी अधिक था। चीनद्वारा विमानवाहक पोतों के निर्माण और स्टील्थ विमानों के विकास जैसे बड़े सैन्य कार्यक्रमों के कारण उसके रक्षा बजट के आंकड़ों को लेकर कई विशेषज्ञ संदेह भी जताते हैं।

## कनाडा के प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया

# मोदी लाखों लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में ला रहे : कार्नी

**सिडनी (भाषा)।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम लोगों तक कल्याणकारी कार्यक्रमों को पहुंचाने पर बहुत ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और भारत में वित्तीय सुधारों के माध्यम से लाखों लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाने में सफल रहे हैं। कार्नी ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख विचारक संस्था लोवी इंस्टीट्यूट में परिसंवाद कर रहे थे, जहां उनसे प्रधानमंत्री मोदी के बारे में उनका आकलन देने के लिये कहा गया था। दोनों नेताओं की कुछ दिनों पहले ही नयी दिल्ली में मुलाकात हुई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री 27 से दो मार्च तक भारत में थे, इस दौरान भारत और कनाडा



ने यूरेनियम तथा महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति के संबंध में समझौतों पर हस्ताक्षर किए और जल्द आर्थिक साझेदारी समझौते को पूरा करने पर सहमति व्यक्त की। इसलिए वित्तीय सुधारों, भुगतान प्रणाली में बदलाव, यूपीआई और अन्य चीजों के पीछे एक बड़ा मकसद यह था कि पैसा बिना किसी हेराफेरी के सीधे व्यक्तियों तक पहुंचे... यानी कह सकते हैं, प्रणाली में वास्तविक समय में, व करोड़ों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाया जाए।

## मंत्री के लिखित आश्वासन मिलने के बाद ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल स्थगित



**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट एक्शन कमेटी (एम-टैक) ने बृहस्पतिवार शाम घोषणा की कि आधी रात से शुरू होने वाली उसकी अनिश्चितकालीन हड़ताल फिलहाल टाल दी गई है। यह फैसला राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक से लिखित आश्वासन मिलने के बाद लिया गया, जिसमें कहा गया है कि बजट सत्र समाप्त होने के बाद परिवहन से जुड़े मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा। 'स्कूल बस ओनर्स एसोसिएशन' के नेता अनिल गर्ग ने कहा कि मंत्री के अनुरोध के बाद हड़ताल एक सप्ताह के लिए टाल दी गई है।

## न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का काम जोरों पर

# हरियाणा, पंजाब व यूपी को चलने वाली कई ट्रेनों का बदलेगा रूट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर रेलवे के किशनगंज स्टेशन पर न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जा रहा है। इस वजह से उत्तर पश्चिम रेलवे पर चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनें इफेक्टेड रहेंगी। भारतीय रेलवे ने ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर दिया है, जिससे सफर करने वालों को परेशानी न हो। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि यह काम 05 मई से 13 मई तक चलेगा. इस वह से कई ट्ररेनें बदले हुए मार्ग से चलेंगी. ट्रेन नंबर 54411 (रेवाड़ी-मेरठ छावनी) 05 से 13 मई तक बदले रूट दिल्ली छावनी-पटेल नगर-दिल्ली सराय रोहिल्ला - नई दिल्ली से चलेगी. दयाबस्ती, विवेकानंदपुरी हॉल्ट, दिल्ली किशनगंज और सदर बाजार पर ठहराव नहीं होगा. दिल्ली सराय रोहिल्ला पर 17:02 बजे आगमन और 17:03 बजे प्रस्थान होगा। ट्रेन नंबर 14030 (मेरठ छावनी-श्रीगंगानगर) 05 मई से 13 मई नई दिल्ली-दिल्ली सराय रोहिल्ला- पटेल नगर-दिल्ली छावनी मार्ग से चलेगी. सदर बाजार, दिल्ली किशनगंज, विवेकानंदपुरी हॉल्ट और दयाबस्ती पर ठहराव नहीं होगा। दिल्ली सराय रोहिल्ला पर 09:20 बजे आगमन और 09:21 बजे प्रस्थान होगा।

ट्रेन नंबर 12485 (नांदेड-श्रीगंगानगर) 04 मई, 07 मई और 11 मई को ओखला - लाजपत नगर-पटेल नगर- दयाबस्ती-शकूरबस्ती मार्ग से चलेगी। नई दिल्ली पर ठहराव नहीं होगा। दिल्ली सफदरजंग पर 09:50 बजे आगमन और 09:55 बजे प्रस्थान होगा। ट्रेन नंबर 12439 (नांदेड-श्रीगंगानगर) 10 मई को इसी मार्ग से चलेगी। नई दिल्ली पर ठहराव नहीं होगा।

- उत्तर पश्चिम रेलवे पर चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनें होंगी प्रभावित
- दैनिक यात्रियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ेगा

## पीएम कार्की बोलीं–अब मेरा रोल पूरा हुआ, नेपाल के भविष्य के लिए चुनाव

### ओली, बालेन शाह और गगन थापा के बीच कड़ा मुकाबला

# नेपाल चुनाव में 60% से अधिक मतदान अब परिणाम पर टिकीं सबकी निगाहें

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में आम चुनाव के लिए गुरुवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान संपन्न हो गया। चुनाव आयोग के अनुसार दोपहर तक लगभग 60% से अधिक मतदान दर्ज किया गया। हालांकि दूरदराज के कुछ इलाकों में मतदान देर तक जारी रहा, इसलिए अंतिम मतदान प्रतिशत बाद में जारी किया जाएगा। चुनाव के बाद अब सभी की नजरें मतगणना पर हैं, जो रात 12 बजे से शुरू हो गई है। शुक्रवार को परिणाम आने की उम्मीद है। हालांकि चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक रुझानों के लिए 24 से 48 घंटे का समय लग सकता है, जबकि 165 सीटों के अंतिम नतीजे आने में



तीन से चार दिन तक लग सकते हैं। इससे पहले नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्मी ने काठमांडू के धापासी स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि चुनाव के साथ ही उनका दायित्व लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने इसे नेपाल के भविष्य के लिए अहम चुनाव बताया और उम्मीद जताई कि नई सरकार जल्द बनेगी।

### प्रमुख दावेदारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

इस चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, नेपाली कांग्रेस के नेता गगन थापा और काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। ओली ने भक्तपुर में मतदान किया, जबकि गगन थापा ने काठमांडू में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेन शाह ने भी काठमांडू में वोट डाला। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस बार चुनाव में पारंपरिक दलों और नए नेतृत्व के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### युवाओं की भागीदारी

नेपाल के चुनाव आयोग के मुताबिक इस चुनाव में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। करीब 10 लाख नए जेन जेड मतदाताओं ने इस चुनाव के लिए पंजीकरण कराया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इनमें से बड़ी संख्या में युवाओं ने मतदान किया। हालांकि युवाओं की वास्तविक भागीदारी का अंतिम आंकड़ा मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जारी किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि युवाओं की सक्रियता इस चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि हाल के वर्षों में बेहतर शासन, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने में युवाओं की भूमिका बढ़ी है।

### प्रदर्शनों के बाद पहला चुनाव

यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि सितंबर 2025 में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद नेपाल में यह पहला आम चुनाव है। उस समय भ्रष्टाचार और खराब शासन के खिलाफ युवाओं के बड़े आंदोलन के बाद केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। इसके बाद देश की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाई गई थी, जिसे छह महीने के भीतर चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। कार्की ने कहा कि उनकी सरकार जल्द से जल्द सत्ता नई चुनी हुई सरकार को सौंपना चाहती है।

#### नेपाल चुनाव की 5 बड़ी बातें

▶▶| सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ ▶▶| लगभग 60% मतदान दर्ज किया गया ▶▶| रात 12 बजे से मतों की गिनती शुरू हुई ▶▶| 165 सीटों के नतीजे आने में 3–4 दिन लग सकते हैं ▶▶| पीएम पद के लिए ओली, गगन थापा और बालेन शाह प्रमुख दावेदार।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109